

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



दैनिक **समाज जागरण**

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश, दिल्ली एनसीआर, हरियाणा, पंजाब बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 224 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 24 मई 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


# कच्चे तेल में नरमी से शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स-निफ्टी मजबूत बढ़त के साथ बंद

**समाज जागरण**

नई दिल्ली। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और अमेरिका-ईरान के बीच अप्रत्यक्ष वार्ता की खबरों ने भारतीय शेयर बाजार को इस सप्ताह मजबूती दी। सकारात्मक वैश्विक संकेतों के बीच निवेशकों की खरीदारी बढ़ने से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों प्रमुख सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए।

सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन निफ्टी 0.27 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,719 अंक पर बंद हुआ, जबकि सेंसेक्स 231 अंकों यानी 0.31 प्रतिशत की तेजी के साथ 75,415 अंक पर पहुंच गया। पूरे सप्ताह के दौरान निफ्टी में 0.32 प्रतिशत और सेंसेक्स में 0.24 प्रतिशत की मजबूती दर्ज की गई।

बाजार विश्लेषकों के अनुसार, वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और मध्य पूर्व में तनाव कम होने की उम्मीदों ने निवेशकों की धारणा को मजबूत किया। हालांकि, ऊंचे स्तरों पर सीमित खरीदारी के कारण बाजार में सतर्कता का माहौल भी बना रहा।

इस सप्ताह आईटी सेक्टर ने सबसे बेहतर प्रदर्शन किया। हालिया गिरावट के बाद आकर्षक वैल्यूएशन के चलते निवेशकों की दिलचस्पी आईटी शेयरों में बढ़ी। इसके अलावा रियल्टी, सीमेंट और निजी बैंकिंग सेक्टर में भी मजबूती देखने को मिली। वहीं एफएमसीजी और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेक्टर दबाव में रहे।

मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी अच्छी तेजी दर्ज की गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स में 1.36 प्रतिशत की बढ़त रही, जबकि निफ्टी स्मॉलकैप 100 में 0.41 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली।

विशेषज्ञों का कहना है कि बढ़ती इनपुट लागत और संभावित सख्त मौद्रिक नीति के चलते घरेलू बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी हुई है। वहीं अमेरिकी 30 वर्षीय ट्रेजरी यील्ड 2007 के बाद के उच्चतम स्तर पर पहुंचने से वैश्विक निवेशकों की चिंता बढ़ी है। इससे लंबे समय तक ऊंची ब्याज दरें बने रहने की आशंका मजबूत हुई है।

तकनीकी विश्लेषकों के अनुसार, निफ्टी के लिए 23,800 से 24,000 का स्तर



मजबूत रेजिस्टेंस जोन बना हुआ है, जबकि 23,400 से 23,300 का स्तर अहम सपोर्ट माना जा रहा है। बैंक निफ्टी के लिए 54,200 तत्काल रेजिस्टेंस और 53,600 से 53,500 मजबूत सपोर्ट जोन रहेगा। इस बीच विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सप्ताह के दौरान करीब 7,570 करोड़ रुपए की बिकवाली की। बाजार की नजर अब अप्रैल के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी), आरबीआई की जून मौद्रिक नीति और अमेरिका के कोर पीसीई आंकड़ों पर रहेगी, जो आगे बाजार की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

## पश्चिम बंगाल की स्वास्थ्य व्यवस्था की समीक्षा, जे.पी. नड्डा ने पूर्ण सहयोग का दिया आश्वासन

**समाज जागरण**

नई दिल्ली/कोलकाता। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने पश्चिम बंगाल की स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर वर्चुअल समीक्षा बैठक की। इस बैठक में राज्य के स्वास्थ्य ढांचे, योजनाओं के क्रियान्वयन और केंद्र-राज्य सहयोग को मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, पीएम-आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन सहित प्रमुख स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया।

### स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने पर जोर

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्यों में स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ, किफायती और गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए केंद्र और राज्य के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। उन्होंने पश्चिम बंगाल को स्वास्थ्य अवसंरचना सुदृढ़ करने के लिए पूर्ण सहयोग और समर्थन का आश्वासन दिया।

### NHM के तहत पहली किस्त जारी

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, पश्चिम बंगाल के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत आवंटित 3,505.59 करोड़ में से पहली किस्त के रूप में 527.58 करोड़ जारी किए गए हैं। इस राशि का उपयोग राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और विभिन्न योजनाओं के संचालन में किया जाएगा।

### टीकाकरण और टीबी उन्मूलन पर फोकस

बैठक में देशव्यापी HPV टीकाकरण अभियान और टीबी मुक्त भारत अभियान को प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया गया। जे.पी. नड्डा ने इन अभियानों में जनभागीदारी बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया ताकि स्वास्थ्य लक्ष्यों को तेजी से हासिल किया जा सके।

## पीएम मोदी से मिले अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो, ट्रंप की ओर से व्हाइट हाउस आने का न्योता



**समाज जागरण**

नई दिल्ली। भारत-अमेरिका संबंधों को नई मजबूती देने की दिशा में शनिवार को एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक मुलाकात हुई। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय संबंधों, रणनीतिक साझेदारी, व्यापार और क्षेत्रीय सुरक्षा जैसे अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक के दौरान अमेरिकी पक्ष की ओर से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से प्रधानमंत्री मोदी को व्हाइट हाउस आने का औपचारिक निमंत्रण भी दिया गया। इस कदम को दोनों देशों के बीच मजबूत होते संबंधों के संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने मुलाकात पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्हें रूबियो का स्वागत कर प्रसन्नता हुई। उन्होंने बताया कि भारत और अमेरिका की व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी लगातार आगे बढ़ रही है और दोनों देश वैश्विक शांति एवं स्थिरता के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।

अमेरिकी विदेश मंत्री ने भी भारत को एक महत्वपूर्ण साझेदार बताते हुए कहा कि सुरक्षा, व्यापार और उभरती तकनीकों के क्षेत्रों में सहयोग को और गहरा करने पर सहमति बनी है।

चार दिवसीय भारत दौरे पर आए मार्को रूबियो ने अपनी यात्रा की शुरूआत कोलकाता से की, जहां उन्होंने मिशनरीज ऑफ चैरिटी का दौरा किया। इसके बाद उनके आगरा और जयपुर जाने का भी कार्यक्रम है।

# भीषण गर्मी में यूपी में बिजली व्यवस्था सख्त, ग्रामीण क्षेत्रों में 18 और शहरों में 24 घंटे आपूर्ति के निर्देश

**समाज जागरण**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी और बढ़ती बिजली कटौती को लेकर सरकार सख्त हो गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद यूपीपीसीएल ने बिजली आपूर्ति व्यवस्था को लेकर बड़े निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे और शहरी क्षेत्रों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने का लक्ष्य तय किया गया है।

ऊर्जा विभाग की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में भीषण गर्मी के बीच निर्बाध बिजली आपूर्ति पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी स्थिति में बिजली व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### लखनऊ में 22 अधिकारी तैनात

पीक आवर में बिजली आपूर्ति को सुचारु रखने के लिए राजधानी लखनऊ में 22 अधीक्षण और अधिशासी अभियंता



तैनात किए गए हैं। ये अधिकारी रात 9 बजे से 1 बजे तक फील्ड में रहकर निगरानी करेंगे। वरिष्ठ अभियंताओं को भी 31 मई तक क्षेत्रीय स्तर पर सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए हैं।

इसके साथ ही सभी अधिकारियों को शिकायत निस्तारण प्रणाली 1912 हेल्पलाइन पर आने वाली शिकायतों का तुरंत समाधान सुनिश्चित करने को कहा गया है।

### दो अभियंता निलंबित, 14 जिलों पर विशेष निगरानी

बिजली आपूर्ति में लापरवाही पर कार्रवाई भी शुरू हो गई है। अधिशासी अभियंता पारेषण गाजियाबाद राहुल और मेरठ के योगेश कुमार को निलंबित कर दिया गया है।

वहीं पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने मेरठ, गाजियाबाद, नोएडा, हापुड़, बुलंदशहर, बागपत, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, शामली, मुरादाबाद, बिजनौर, संभल, रामपुर और अमरोहा समेत 14 जिलों में बिजली व्यवस्था पर विशेष निगरानी के निर्देश जारी किए हैं।

### ‘तुरंत बहाल करें आपूर्ति’

प्रबंधन निदेशक ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसी भी ब्रेकडाउन या फॉल्ट की स्थिति में तुरंत कार्रवाई कर आपूर्ति बहाल की जाए। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली देना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

सभी बिजलीघरों में कर्मचारियों की उपस्थिति और आवश्यक सामग्री



की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसी भी खराबी की स्थिति में तुरंत मरम्मत की जा सके।

बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि अनावश्यक बिजली उपकरणों का उपयोग सीमित करें और किसी भी आपात स्थिति में हेल्पलाइन पर संपर्क कर सहयोग करें।

### जनपदवार नियंत्रण कक्ष (हेल्पलाइन नंबर)

मेरठ - 9193330312
बागपत - 919330171
गौतमबुद्धनगर (नोएडा)- 9193301659, 0120-2970431
गाजियाबाद - 9193320115
बुलंदशहर - 9193302137
हापुड़ - 9193319903
सहारनपुर - 9193330422
मुजफ्फरनगर - 9193331304
शामली - 9193330951
मुरादाबाद - 9193300109
संभल - 9193300411
अमरोहा - 9193331320
बिजनौर - 9193331324
रामपुर - 9193300636

## पेट्रोल-डीजल पर टैक्स कटौती का असर, केंद्र सरकार पर करीब 30,000 करोड़ का अतिरिक्त बोझ

नई दिल्ली। पेट्रोल और डीजल पर स्पेशल एडिशनल एक्साइज ड्यूटी में की गई कटौती का सीधा असर केंद्र सरकार के राजस्व पर पड़ा है। 27 मार्च 2026 को की गई इस कटौती के चलते चालू वित्त वर्ष में सरकार पर लगभग 30,000 करोड़ का अतिरिक्त बोझ आने का अनुमान है।

हालांकि, इस फैसले का असर आम उपभोक्ताओं पर कीमतों में नहीं दिखा, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ी कीमतों को सरकार ने खुद वहन किया।

### टैक्स ढांचे में बदलाव

कटौती के बाद पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी घटाकर ₹3 प्रति लीटर कर दी गई, जबकि डीजल पर इसे शून्य कर दिया गया। सरकार का कहना है कि यह कदम वैश्विक कच्चे तेल बाजार में उतार-चढ़ाव और आपूर्ति दबाव को देखते हुए लिया गया था।

### उपभोक्ता कीमतें स्थिर

कच्चे तेल की कीमतों में बदलाव



के बावजूद पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में कोई बड़ा बदलाव नहीं किया गया, जिससे उपभोक्ताओं को तत्काल राहत मिली लेकिन राजस्व पर दबाव बढ़ गया।

### राजनीतिक बहस भी तेज

विपक्ष का दावा है कि पेट्रोल की कीमतों में दीर्घकालिक वृद्धि सरकार की अधिक टैक्स वसूली का परिणाम है। वहीं, सरकारी सूत्रों का कहना है कि मौजूदा कीमतों की तुलना 2014 से करना पूरी तरह सही नहीं है, क्योंकि उस समय तेल कंपनियों को दिए गए ऑयल बॉन्ड्स के कारण कीमतों का बोझ स्थगित कर दिया गया था।

### ऑयल बॉन्ड और वित्तीय दायित्व

सूत्रों के अनुसार, 2005 से 2010 के बीच जारी किए गए करीब 1.34 लाख करोड़ के ऑयल बॉन्ड्स का भुगतान मौजूदा सरकार द्वारा किया जा रहा है। इन बॉन्ड्स पर पिछले कुछ वर्षों में ही हजारों करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है।

वित्त वर्ष 2021-22 से लेकर 2025-26 तक सरकार ने इस दायित्व पर क्रमशः हजारों करोड़ रुपए का भुगतान किया है, जिससे राजकोषीय दबाव और बढ़ा है।

### सरकार का दावा

सरकारी पक्ष का कहना है कि मौजूदा टैक्स कटौती पारदर्शी तरीके से बजट के भीतर की गई है और इसका प्रभाव तुरंत पेट्रोल पंपों पर दिखाई दिया, जबकि किसी प्रकार का अतिरिक्त कर्ज या बॉन्ड जारी नहीं किया गया।

# उद्योग और निवेश को नई उड़ान, 100 विश्वस्तरीय औद्योगिक पार्क के लिए गाइडलाइंस जारी

**समाज जागरण**

नई दिल्ली। देश में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को नई गति देने और निवेश आकर्षित करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने 100 विश्वस्तरीय औद्योगिक पार्क विकसित करने की महत्वाकांक्षी योजना के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। यह योजना भारत को वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है।



वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, ‘भव्य’ योजना का लक्ष्य ऐसे आधुनिक औद्योगिक पार्क विकसित करना है जो निवेश के लिए पूरी तरह तैयार हों और जिनमें वैश्विक स्तर की सभी सुविधाएं मौजूद हों।

### 2031 तक 100 औद्योगिक पार्क का लक्ष्य

सरकार ने इस योजना के तहत वर्ष 2026-27 से 2031-32 तक छह वर्षों में देशभर में 100 औद्योगिक पार्क विकसित करने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए लगभग 33,660 करोड़ का वित्तीय प्रावधान किया गया है। पहले चरण में 50 औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे, जिनका चयन प्रतिस्पर्धी और चुनौती आधारित प्रक्रिया के जरिए किया जाएगा।

### एसपीवी के जरिए होगा संचालन

इन परियोजनाओं को कंपनी अधिनियम 2013 के तहत विशेष प्रयोजन वाहन (SPV) के माध्यम से लागू किया जाएगा। ये एसपीवी परियोजनाओं की योजना, संचालन, निवेश प्रबंधन और दीर्घकालिक रखरखाव की जिम्मेदारी संभालेंगे।

### अन्य योजनाओं से जुड़ाव

सरकार ने स्पष्ट किया है कि इस योजना को पीएम गति शक्ति, लॉजिस्टिक्स, स्किल डेवलपमेंट और नवीकरणीय ऊर्जा जैसी अन्य प्रमुख योजनाओं के साथ एकीकृत किया जाएगा, ताकि औद्योगिक विकास को समग्र गति मिल सके।

### ग्रीनफील्ड और ब्राउनफील्ड दोनों मॉडल शामिल

योजना के तहत ग्रीनफील्ड और पात्र ब्राउनफील्ड दोनों प्रकार के औद्योगिक पार्क विकसित किए जा सकेंगे। सरकार ने भूमि मानकों को भी स्पष्ट किया है–

- गैर-पहाड़ी राज्यों में न्यूनतम 100 एकड़ भूमि
- पहाड़ी, पूर्वोत्तर राज्यों और छोटे केंद्र शासित प्रदेशों में न्यूनतम 25 एकड़ भूमि
- बड़े औद्योगिक पार्कों के लिए 1000 एकड़ तक की अनुमति
- आधुनिक सुविधाओं से लैस होंगे पार्क

इन औद्योगिक पार्कों में प्लग-एंड-प्ले इंफ्रास्ट्रक्चर, मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स कनेक्टिविटी, निर्बाध बिजली-पानी, श्रमिकों के लिए आवासीय व सहायक ढांचा, डिजिटल गवर्नेंस और सतत विकास से जुड़ी सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

## ट्विशा शर्मा डेथ केस: सुप्रीम कोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान, सोमवार को होगी सुनवाई

नई दिल्ली। ट्विशा शर्मा की मौत का मामला अब देश की सर्वोच्च अदालत तक पहुंच गया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए गंभीरता दिखाई है। मामले की सुनवाई अब सोमवार को मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष होगी।

### जांच में तेजी, लगातार नए खुलासे

मामले की जांच तेजी से आगे बढ़ रही है और पुलिस की ओर से हर दिन नए तथ्य सामने आ रहे हैं। जांच एजेंसियां विभिन्न पहलुओं से केस की गहन पड़ताल कर रही हैं।

### आरोपी पति गिरफ्तार

पुलिस ने इस मामले में आरोपी पति समर्थ सिंह को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है। वहीं, आरोपी की सास गिरिबाला सिंह को अग्रिम जमानत मिल चुकी है, जिसके बाद वह फिलहाल जमानत पर बाहर हैं।

# स्टालिन अपनी विचारधारा के साथ आयेंगे बीजेपी के करीब !

**अजय कुमार, वरिष्ठ पत्रकार**

चार मई को तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद प्रदेश की राजनीतिक हवाएँ अचानक बदल गई थीं। चार मई से पहले प्रदेश में जब भी कहीं कोई सभा सजती थी, तो द्रमुक की झंडियाँ और उसके समर्थकों की उमंग इतनी प्रबल दिखती थी कि विरोधी दल भी चुप रह जाते थे। पर अब वही मंडप, वही लोग और वही भाषण, सब कुछ जैसे किसी अनकहे वादे से खाली पड़ गया हो। विधानसभा के अंदर-बाहर नेता और कार्यकर्ता कह रहे थे कि जो रिश्ता वर्षों से बना रहा, वह अब टूटता दिख रहा है। कांग्रेस ने जहाँ अपने दो विधायकों को थलापति के नेतृत्व वाली सरकार में मंत्री बनाकर पूछ बढ़ाई, वहीं द्रमुक के सांसदों ने संसद में अलग बैठने के लिए पत्र लिख दिया। शहर के



चाय वालों से लेकर सरकारी दफ्तरों तक हर जगह चर्चा इस बात की थी कि क्या द्रमुक सत्ता से कट जाएगी, और क्या उसकी चाल भाजपा की ओर झुकेगी। हाल यह है कि चार मई के बाद द्रमुक नेता और पूर्व सीएम स्टालिन के चेहरे पर निराशा का भाव नजर आने लगा। उनके पास द्रमुक की विरासत का भार था, वह विरासत जिसने दशकों तक दक्षिण की राजनीति को आकार दिया और जिसके साथ आज की नई पीढ़ी भी जुड़ी थी। उन सबके सपने चूर-चूर हो गए। बता दें, द्रमुक तमिलों के विश्वास और दक्षिण के आत्मसम्मान से जुड़ा एक संदेश था। पर अब यही संदेश संदेह में बदलता दिखा, क्योंकि द्रमुक का झुकाव बीजेपी की तरफ नजर आने लगा है। जबकि कुछ समय पूर्व तक द्रमुक नेता परिसीमन के विरोध में बीजेपी के खिलाफ लगातार मोर्चा खोले हुए थे। लोकसभा की सीटें बढ़ाए जाने से भी द्रमुक नाराज था। द्रमुक अक्सर कहा करता था कि नया परिसीमन दक्षिण को नीचा दिखाने की साजिश है। इस मुद्दे पर उन्होंने झंडे उठाए, प्रदर्शन किए और संसद में काले कपड़े पहने। यह उनकी असहमति का प्रतीक था। इसी कारण समर्थक उम्मीद रखते थे कि द्रमुक कभी भी अपने मूल सिद्धांतों से समझौता नहीं करेगा।

पर राजनीति में सिद्धांतों और संकल्पों के बीच अक्सर व्यावहारिक चुनौतियां आ जाती हैं। द्रमुक के कई पुराने साथी अब अलग खड़े दिखने लगे थे। कुछ नेता, जिनका व्यक्तिगत स्वार्थ और चालाकी लंबे समय से जमी हुई थी, उन्होंने अवसर देख लिया। कांग्रेस के दो विधायकों का मंत्री बन जाना सिर्फ एक संकेत था कि गठबंधन टिकाऊ नहीं रह पाया। और जब द्रमुक के सांसदों ने संसद में अलग बैठने की मांग की, तो बहुतों ने इसे रिश्तों में दरार का प्रतीक माना। मैदान में बैठी जनता भी विभाजित हो गई थी। कुछ स्टालिन के साथ थे, तो कुछ बोले कि यह निर्णय वक्त की मांग हो सकता है। भाजपा ने यह सब देखकर चुपचाप द्रमुक की सोच को परखना शुरू कर दिया। बीजेपी की इस रणनीति को भेदभाव वाला नहीं कहा जा सकता। बीजेपी की नजर लगातार दक्षिण में ताकत बढ़ाने पर लगी थी। अगर द्रमुक केंद्र में सहयोग दे दे, तो इसे एक बड़ी जीत माना जाएगा। भाजपा को भी पता है कि यह आसान नहीं होगा। द्रमुक के लिए दो ऐसे प्रश्न थे, जिन पर समझौता असंभव जैसा दिखता है। पहला परिसीमन का मुद्दा और दूसरा दक्षिण के प्रतिनिधित्व का सिद्धांत। द्रमुक के समर्थक हमेशा दक्षिण की अस्मिता और अधिकार की बात करते रहे थे। इसलिए स्टालिन के लिए भाजपा के साथ नजदीकी बनाना एक जोखिम था, क्योंकि इससे उसके विश्वासपात्र और समर्थक नाराज हो सकते थे। लेकिन इतिहास इस बात का भी साक्षी है कि द्रमुक बीजेपी सरकार के साथ रह चुकी है।

अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार के समय भी ऐसे मौके आए थे, पर तब की राजनीति और आज की राजनीति में जमीन अलग है। स्टालिन ने महसूस किया कि इतिहास बार-बार लौटता है, पर परिस्थितियां बदल जाती हैं। क्या वे पुराने रिश्तों को नए संदर्भ में जिंदा कर सकते हैं? क्या यह उनके लिए राजनीतिक उत्तराधिकार का सवाल बन सकता है? बहरहाल, सूत्र बताते हैं कि उनके राजनीतिक सलाहकारों ने उनके सामने कई विकल्प रखे। कुछ ने कहा कि केंद्र के साथ कामकाजी रिश्ते बनाए जाएँ, समर्थन मुद्दों पर दिया जाए, पर खुले तौर पर गठबंधन न किया जाए। कुछ ने चेतावनी दी कि ऐसा करने पर पार्टी के पारंपरिक वोट बैंक में दरार आ सकती है। स्टालिन को समझना होगा कि दक्षिणी जनमानस के लिए सम्मान और स्वाभिमान क्या मायने रखते हैं। किसी भी प्रकार का समझौता अगर उस स्वाभिमान को चोट पहुँचाएगा, तो इसकी कीमत बहुत भारी होगी। दूसरी ओर भाजपा के लोग भी सक्रिय हो गए। उसके सांसदों ने चुपचाप द्रमुक से संपर्क बढ़ा लिया है, और बीजेपी कह रही है कि देश के हित में मुद्दों पर साथ काम करना बुरा नहीं है। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि राजनीतिक विरोध से अलग नीति निर्माण और विकास के लिए सहयोग आवश्यक है। इस तरह की बातों से स्टालिन के कुछ सहयोगी प्रभावित हुए, पर भीतर की औपचारिक आलोचना तेज थी। कार्यकर्ता और युवा नेता सोशल मीडिया पर लड़ते-लड़ते थक नहीं रहे थे। हर तरफ सवाल उठ रहे थे   क्या द्रमुक ने अपना आत्मविश्वास खो दिया? क्या स्टालिन अब बड़े राजनीतिक दांव खेलने जा रहे हैं?

उधर, द्रमुक सुप्रीमो की सोच के चलते स्थानीय स्तर पर इस सबका दिन-ब-दिन अधिक जमीनी असर दिखने लगा है। कुछ जिलों में द्रमुक के पारंपरिक समर्थक नाराज होकर छोटी स्थानीय समितियों का गठन कर रहे थे। वहीं कुछ प्रभावशाली व्यवसायी और उद्योगपति यह सोच रहे थे कि अगर द्रमुक केंद्र के साथ मिलकर काम करता है, तो व्यापारिक हितों में स्थिरता आएगी। यह विरोधाभास द्रमुक के विचारों को और जटिल बना रहा था। आखिरकार स्टालिन ने एक मुश्किल निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि द्रमुक का मार्ग स्पष्ट रहेगा, राज्य का प्रतिनिधित्व और अधिकार सर्वोपरि होंगे, पर यदि राष्ट्रीय मुद्दों में कोई स्पष्ट लाभ दिखे, तो स्थिति के अनुरूप बातचीत की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि परिसीमन जैसे संवेदनशील मुद्दों पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। यह निर्णय कुछ हद तक सुलह का संदेश था। उन्होंने खुला दरवाजा रखा, पर अपनी नींव नहीं छोड़ी। लेकिन उनका यह फैसला हर किसी को संतुष्ट नहीं कर सका। कुछ नेता चाहते थे कि द्रमुक पूरी तरह से कट जाए और कड़ाई से भाजपा का विरोध करे। कुछ चाहते थे कि द्रमुक केंद्र में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए चालाकी से कदम बढ़ाए। पर राजनीतिक जीवन में हर निर्णय की तरह यह भी संतुलन का निर्णय था। कभी-कभी सार्वभौमिक संतोष असंभव होता है। लब्बोलुआब यह है कि समय के चक्र ने दिखा दिया कि राजनीति धारा जैसी है। यह बहती है, मोड़ लेती है और फिर नई दिशा में बहने लगती है। द्रमुक का भविष्य अब इस बात पर निर्भर करेगा कि वह कैसे अपने सिद्धांतों और व्यावहारिकता के बीच संतुलन बनाए रखता है। एक बात स्पष्ट है कि लोगों की नजरें अब अधिक तीव्र हो गई हैं। हर नेता की चाल, हर समर्थन और हर पल की समीक्षा होने लगी है। और जब देश की राजनीति की बड़ी किताबें लिखी जाएगी, तो यह अध्याय भी उसी तरह एक सबक की तरह रहेगा  कभी असमान नजरों में टूटना, कभी जुड़ने की कोशिशें, और हमेशा सत्ता और सिद्धांत के बीच जटिल संतुलन की खोज।

**संजीव ठाकुर,वरिष्ठ पत्रकार, स्तंभकार, चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415,**

# कॉकरोच जनता पार्टी और युवाओं का आभासी विद्रोह

\- **महेन्द्र तिवारी**

भारत में राजनीति हमेशा केवल चुनाव, दलों और भाषणों तक सीमित नहीं रही। समय बदलने के साथ राजनीति की भाषा, उसके प्रतीक और विरोध के तरीके भी बदलते रहे हैं। कभी सड़कों पर नारे लगाकर विरोध दर्ज कराया जाता था, कभी कविताओं और व्यंग्य के माध्यम से व्यवस्था पर चोट की जाती थी और अब इंटरनेट तथा सोशल मीडिया के दौर में मीम, छोटे वीडियो और व्यंग्यात्मक अभियानों ने नई राजनीतिक अभिव्यक्ति का रूप ले लिया है। हाल के दिनों में ह्लकॉकरोच जनता पार्टीह्व नाम ने इसी नई राजनीति और डिजिटल असंतोष को सामने ला दिया है। पहली बार यह नाम सुनने वाला व्यक्ति इसे मजाक समझ सकता है, लेकिन जब इसके पीछे की परिस्थितियों, इसके प्रसार और इसके सामाजिक प्रभाव को देखा जाता है तो यह स्पष्ट होता है कि यह केवल मनोरंजन नहीं बल्कि एक बड़े मानसिक और सामाजिक असंतोष का प्रतीक बन चुका है।

सबसे पहले यह समझना आवश्यक है कि कॉकरोच जनता पार्टी अभी तक भारत निर्वाचन आयोग में पंजीकृत कोई औपचारिक राजनीतिक दल नहीं है। इसका कोई आधिकारिक चुनाव चिन्ह, राष्ट्रीय कार्यालय या स्थापित संगठनात्मक ढांचा सामने नहीं आया है। यह मूल रूप से सोशल मीडिया पर शुरू हुआ एक व्यंग्यात्मक अभियान है, जिसने बहुत कम समय में व्यापक लोकप्रियता प्राप्त कर ली। इंटरनेट पर सक्रिय युवाओं ने इसे एक प्रतीक के रूप में अपनाया और देखते ही देखते यह नाम लाखों लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया। कई सोशल मीडिया मंचों पर इसके नाम से पेज, पोस्टर, नकली घोषणापत्र और व्यंग्यात्मक संदेश फैलने लगे। कुछ ही दिनों में इसके वीडियो और चित्र इतने अधिक साझा किए गए कि मुख्यधारा के समाचार माध्यमों को भी इस पर चर्चा करनी पड़ी।




इस पूरे अभियान की पृष्ठभूमि में युवाओं की नाराजगी और सामाजिक निराशा दिखाई देती है। पिछले कुछ वर्षों में देश में बेरोजगारी, प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ियां, नियुक्तियों में देरी, महंगाई और आर्थिक दबाव जैसे मुद्दों ने युवाओं के भीतर गहरी बेचैनी पैदा की है। लाखों छात्र वर्षों तक परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, लेकिन कई बार परीक्षाएं रद्द हो जाती हैं, परिणामों में देरी होती है या भर्ती प्रक्रिया लंबे समय तक अटक जाती है। इससे युवाओं के भीतर यह भावना बढ़ी है कि उनकी मेहनत और संघर्ष को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा। इसी वातावरण में जब सार्वजनिक चर्चाओं में बेरोजगार युवाओं के लिए अपमानजनक शब्दों के उपयोग की चर्चा हुई, तब सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली। लोगों ने उसी अपमानजनक शब्द को व्यंग्य और प्रतिरोध के प्रतीक में बदल दिया। ह्लकॉकरोचह्व शब्द इसी प्रक्रिया में विरोध का माध्यम बन गया।

कॉकरोच को सामान्यतः ऐसा जीव माना जाता है जिसे लोग गंदगी, उपेक्षा और असुविधा से जोड़ते हैं। उसे बार बार खत्म करने की कोशिश की जाती है, लेकिन वह फिर भी जीवित रह जाता है। इस प्रतीक को आंदोलन से जोड़कर यह संदेश दिया गया कि व्यवस्था चाहे जितनी उपेक्षा करे, आम नागरिक और युवा पूरी तरह समाप्त नहीं होते। वे हर बार नए रूप में सामने आते हैं और अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं। यही कारण है कि इस नाम ने इंटरनेट पर गहरी प्रतीकात्मक शक्ति हासिल कर ली।

सोशल मीडिया ने इस अभियान को फैलाने में सबसे बड़ी भूमिका निभाई। आज इंटरनेट केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं रह गया है। यह जनमत निर्माण, राजनीतिक प्रचार और सामाजिक बहस का बड़ा मंच बन चुका है। पहले जहां किसी आंदोलन को फैलाने में महीनों लग जाते थे, वहीं अब कुछ घंटों में कोई विषय राष्ट्रीय चर्चा बन सकता है। कॉकरोच जनता पार्टी के साथ भी यही हुआ। हजारों युवाओं ने व्यंग्यात्मक चित्र, काल्पनिक घोषणापत्र और मजाकिया वीडियो बनाकर साझा किए। कई पोस्टों में बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार और राजनीतिक वादों पर तीखा व्यंग्य किया गया। कुछ लोगों ने इसे ह्लडिजिटल विद्रोहह्व कहा तो कुछ ने इसे व्यवस्था से निराश युवाओं की सामूहिक अभिव्यक्ति बताया।

इस अभियान की लोकप्रियता का एक कारण यह भी है कि आज का युवा पारंपरिक राजनीतिक भाषा से जल्दी प्रभावित नहीं होता। लंबे भाषण और जटिल राजनीतिक चर्चाएं उसकी रुचि को उतना आकर्षित नहीं करतीं जितना कि संक्षिप्त, व्यंग्यात्मक और सीधे संदेश करते हैं। मीम संस्कृति ने इसी मानसिकता को मजबूत किया है। एक छोटा चित्र, दो पंक्तियों का व्यंग्य या कुछ सेकंड का वीडियो कई बार लंबी राजनीतिक बहस से अधिक प्रभाव डाल देता है। कॉकरोच जनता पार्टी ने इसी डिजिटल संस्कृति का इस्तेमाल किया। इसकी सामग्री में हास्य भी था, गुस्सा भी था और व्यवस्था पर कटाक्ष भी। यही मिश्रण इसे तेजी से लोकप्रिय बनाता गया।

हालांकि इस अभियान को लेकर मतभेद भी कम नहीं हैं। कुछ लोग इसे युवाओं की वास्तविक समस्याओं की अभिव्यक्ति मानते हैं, जबकि कुछ इसे केवल इंटरनेट का क्षणिक मनोरंजन बताते हैं। आलोचकों का कहना है कि ऐसे अभियान गंभीर मुद्दों को हल्का बना देते हैं। उनके अनुसार बेरोजगारी और आर्थिक संकट जैसे विषयों पर ठोस राजनीतिक संवाद की आवश्यकता है, न कि केवल मीम और व्यंग्य की। दूसरी ओर समर्थकों का तर्क है कि जब पारंपरिक माध्यम युवाओं की आवाज को पर्याप्त महत्व नहीं देते, तब सोशल मीडिया ही उनके लिए सबसे प्रभावी मंच बन जाता है। वे मानते हैं कि हास्य और व्यंग्य भी लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति का हिस्सा हैं और इनके माध्यम से व्यवस्था पर सवाल उठाना पूरी तरह वैध है। इस पूरे घटनाक्रम का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि यह राजनीति के बदलते स्वरूप को सामने लाता है। पहले राजनीति मुख्यतः रैलियों, पोस्टरों और समाचार चैनलों तक सीमित रहती थी। अब इंटरनेट पर चलने वाले अभियान भी जनमत को प्रभावित करने लगे हैं। किसी हैशटैग, मीम या व्यंग्यात्मक वीडियो का प्रभाव कई बार बड़े राजनीतिक भाषणों के बराबर दिखाई देता है। इससे यह स्पष्ट होता है कि नई पीढ़ी अपनी बात रखने के लिए नए माध्यम और नई भाषा का इस्तेमाल कर रही है। वह सीधे टकराव की जगह व्यंग्य और प्रतीकों का सहारा लेती है। कॉकरोच जनता पार्टी इसी परिवर्तन का उदाहरण है।

इस अभियान के दौरान कई अन्य व्यंग्यात्मक नाम और समूह भी सामने आए। कुछ लोगों ने इसके समर्थन में

## हनीट्रैप — जब कामयाब इंसान खुद अपनी कमजोरी का शिकार बन जाता है

# हनीट्रैप – सक्सेस की ऊंचाई से गिरने का सबसे मीठा और खतरनाक जाल

**प्रो. आरके जैन “अरिजीत”**

कॉर्पोरेट हनीट्रैप आज के डिजिटल युग का अदृश्य जाल है, जो झूठी मुस्कान, आकर्षक संवाद और तकनीकी परतों के पीछे छिपकर सत्ता और सफलता की ऊँची कुर्सियों तक पहुँच चुका है। यह केवल अपराध नहीं, बल्कि मनोवैज्ञानिक छल, भावनात्मक शोषण और डिजिटल हथियारों का संगम है। सक्सेस, सेक्स और साइलेंट ब्लैकमेल का यह खतरनाक गठजोड़ अफसरों, नेताओं और कॉर्पोरेट अधिकारियों के लिए सबसे बड़ा अदृश्य संकट बन चुका है। इसकी सबसे बड़ी विडंबना यह है कि यह जाल बाहर से नहीं, बल्कि अपने ही मोबाइल और अनजाने भावनात्मक निर्णयों से बुना जाता है।



इस पूरे जाल की शुरूआत बेहद सामान्य और निर्दोष लगती है। एक आकर्षक प्रोफाइल, शालीन संवाद और धीरे-धीरे बढ़ती हुई मित्रता इस प्रक्रिया का पहला चरण होती है। अकेलापन, तनाव और कार्यभार से थके हुए अधिकारी या कारोबारी इस डिजिटल अपनापन को वास्तविक मान बैठते हैं। सोशल मीडिया, डेटिंग ऐप्स और प्रोफेशनल नेट-वर्किंग प्लेटफॉर्म इसके आसान प्रवेश द्वार बन जाते हैं। शुरूआत में बातचीत साधारण लगती है, लेकिन धीरे-धीरे वह निजी होती जाती है और फिर भावनात्मक जुड़ाव में बदल जाती है। यही वह क्षण होता है जहां व्यक्ति अनजाने में नियंत्रण खोने लगता है।

जैसे-जैसे भरोसा गहराता है, वैसे-वैसे निजी जानकारी, फोटो, वीडियो कॉल और व्यक्तिगत मुलाकातें इस संबंध का हिस्सा बनती जाती हैं। यही वह चरण है जहां असली जाल बिछता है। कई मामलों में यह सब पहले से योजनाबद्ध होता है, जिसमें हर बातचीत रिकॉर्ड की जाती है या सुरक्षित कर ली जाती है। बाद में यही सामग्री हथियार बन जाती है। शुरूआत में हल्की मांग, फिर आर्थिक दबाव और अंततः यह प्रक्रिया ब्लैकमेल में बदल जाती है। पीड़ित व्यक्ति सामाजिक प्रतिष्ठा और करियर के भय से चुप्पी साध लेता है, और यही चुप्पी अपराधियों की सबसे बड़ी ताकत बन जाती है।

मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में सामने आए हनीट्रैप मामलों ने इस पूरे नेटवर्क की गहराई को उजागर किया है। 2019 के बड़े मामलों के बाद भी यह अपराध पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ, बल्कि और अधिक संगठित तथा डिजिटल रूप में विकसित हुआ है। ह्लहनीट्रैप पार्ट-टूह्व जैसी घटनाओं ने स्पष्ट कर दिया कि यह केवल एक घटना नहीं, बल्कि लगातार विकसित होता अपराध मॉडल है। जांचों में यह भी सामने आया कि प्रभावशाली व्यक्तियों को लंबे समय तक फंसाकर न सिर्फ धन वसूला गया, बल्कि राजनीतिक और प्रशासनिक निर्णयों को प्रभावित करने की कोशिश भी की गई। यह स्थिति दशार्ती है कि यह अपराध अब व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सिस्टम को प्रभावित करने वाला माध्यम बन चुका है।

देश के अन्य हिस्सों में भी ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जहां राजनीतिक नेता, वरिष्ठ अधिकारी और कॉर्पोरेट निर्णयकर्ता इस जाल में फंसे पाए गए हैं। कई बार इसका उद्देश्य केवल आर्थिक लाभ नहीं होता, बल्कि गोपनीय जानकारी हासिल करना, कंपनी की रणनीति जानना या राजनीतिक दबाव बनाना भी होता है। इन मामलों की सबसे बड़ी समस्या यह है कि बदनामी के डर से पीड़ित सामने नहीं आते, जिससे अपराधियों का हौसला और बढ़ जाता है। धीरे-धीरे यह एक ऐसे नेटवर्क में बदल जाता है जो व्यक्तियों के साथ-साथ संस्थानों की कार्यप्रणाली को भी प्रभावित करता है।

इस पूरे खेल का सबसे खतरनाक हथियार आज मोबाइल फोन और डिजिटल तकनीक बन चुकी है। डीपफेक वीडियो, एडिटेड ऑडियो, छिपे कैमरे और एन्क्रिप्टेड चैट्स ने इस अपराध को अत्यंत जटिल बना दिया है। अब एक साधारण वीडियो कॉल या फोटो भी किसी के करियर को नष्ट करने के लिए पर्याप्त साबित हो सकता है। तकनीक ने जहां जीवन को सरल बनाया है, वहीं उसने अपराध को लगभग अदृश्य और अधिक प्रभावी बना दिया है। आज सच्चाई और झूठ के बीच फर्क करना भी कठिन होता जा रहा है, और यही इस अपराध की सबसे बड़ी ताकत है।

इस पूरे तंत्र का मनोवैज्ञानिक पहलू भी अत्यंत गंभीर है। लाल लिपस्टिक वाली आकर्षक मुस्कान, सहानुभूति से भरी बातचीत और भावनात्मक जुड़ाव इस जाल का प्रारंभिक चरण होते हैं। यह इतना स्वाभाविक प्रतीत होता है कि व्यक्ति को किसी खतरे का आभास ही नहीं होता। लेकिन धीरे-धीरे यही संबंध नियंत्रण में बदल जाता है। ब्लैकमेल का दबाव केवल आर्थिक नहीं रहता, बल्कि व्यक्ति को मानसिक रूप से भी तोड़ देता है। पीड़ित लगातार भय, तनाव और अपराधबोध में जीने लगता है, जिससे उसका निर्णय लेने का सामर्थ्य कमजोर पड़ता है और वह और गहराई में फंसता चला जाता है।

मानसिक रूप से अदृश्य लेकिन अत्यंत गहरा असर छोड़ने वाला यह अपराध व्यक्ति के जीवन को भीतर से तोड़ देता है। निरंतर दबाव, बदनामी का भय और करियर समाप्त होने की आशंका उसे धीरे-धीरे अवसाद की ओर धकेल देती है। कई मामलों में यह स्थिति आत्मघाती विचारों तक पहुंच जाती है। कंपनियां और राजनीतिक संस्थाएं अक्सर अपनी छवि बचाने के लिए ऐसे मामलों को दबा देती हैं, जिससे पीड़ित और अधिक अकेला पड़ जाता है। अंततः यह एक ऐसा दुष्चक्र बन जाता है, जिससे बाहर निकलना अत्यंत कठिन हो जाता है, क्योंकि हर कदम पर नया खतरा सामने खड़ा रहता है।

डिजिटल युग में तेजी से बढ़ती इस चुनौती से निपटना केवल कानूनों के भरोसे संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए समाज के हर स्तर पर जागरूकता और अनुशासन की मजबूत नींव अनिवार्य है। कॉर्पोरेट और सरकारी संस्थानों को साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण, डिजिटल व्यवहार की गहरी समझ और मानसिक स्वास्थ्य सहयोग को अपनी कार्यसंस्कृति का अनिवार्य हिस्सा बनाना होगा। व्यक्तिगत जीवन में भी अनजान डिजिटल संपर्कों से दूरी बनाए रखना, निजी सूचनाओं की गोपनीयता सुनिश्चित करना और भावनात्मक निर्णयों में संयम रखना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इस अदृश्य और जटिल जाल से सच्ची सुरक्षा किसी तकनीक या व्यवस्था में नहीं, बल्कि जागरूक सोच, दृढ़ आत्म-नियंत्रण और हर परिस्थिति में निरंतर सतर्क रहने की क्षमता में ही निहित है।

**प्रो. आरके जैन “अरिजीत”**
**शिक्षाविद्**
**बड़वानी (मप्र)**

# व्यंग्य: ट्रंप ने दिया मोदी को न्योता, व्हाइट हाउस आने का

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर दुनिया को चौंका दिया है। इस बार उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री को सीधे व्हाइट हाउस आने का “खास न्योता” भेज दिया–हालांकि व्हाइट हाउस में इस समय उनका अपना “फर्नीचर स्टेटस” भी अनिश्चित बताया जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार ट्रंप ने कहा कि “मोदी मेरे अच्छे दोस्त हैं, और अच्छे दोस्त को बुलाने के लिए किसी चुनाव या पद की जरूरत नहीं होती–बस एक ट्वीट काफी है।”

उधर नई दिल्ली में मंत्रालयों ने तुरंत एक “हाई लेवल मीटिंग” बुलाई, जिसमें यह तय किया गया कि यह न्योता आधिकारिक है, अनौपचारिक है, राजनीतिक है या सिर्फ सोशल मीडिया कंटेंट है–इस पर बाद में कमेटी बनेगी।

विदेश नीति विशेषज्ञों ने बताया कि यह पहला ऐसा आमंत्रण है जिसमें गंतव्य तय है, लेकिन मेजबान का पद अभी “फिलहाल जांच के अधीन” है। व्हाइट हाउस के एक अनाम कर्मचारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, ह्लहमें भी अभी नहीं पता कि हम उन्हें बुला रहे हैं

## आइसक्रीम

*आइसक्रीम के वाह क्या कहने*
*गर्मी में है इससे जान*
*इसके मुँह में जाते ही*
*आ जाती मुख पर मुस्कान*

*बच्चे हों या हों वो बड़े*
*सभी की है ये मनपसंद चीज*
*अलग अलग स्वादों में बिकती*
*अलग अलग हैं इसके रूप*

*कभी ये कुल्फी है कहलाती*
*और कभी ये कप में मिलती*
*कभी बार और कभी ब्रिक में,*
*अलग अलग जलवे बिखेरती*

*इसको बेचने वाले भैया*
*धूप में अपना तन जलाते*
*तब जाकरके हम सब इसका*
*स्वाद अनोखा हैं पा पाते !!!*

*अनुपमा श्रीवास्तव*

संजीव-नी।
सूरज भी तप रहा  नेता भी तप रहे
आमजन दोनों को झेलते नप रहे,
एक आग उगलता नभ से,
दूजे भाषण की भट्ठी से,
जनता दोनों तरफ आग झेल रही।,

सड़कें तवे बनी बैठी ,
पैरों में छाले खिलते,
नेताओं के वातानुकूलित कमरों में
“जनसेवा” के फूल मिलते ।
बिजली कटती मोहल्लों में,
पर मंचों पर रोशनी पूरी,
जनता पानी को तरसे
भाषण में गंगाजल बह रही ।
सूरज कम से कम शाम ढल
थोड़ा तो दया दिखाता ,
नेताओं का ताप चुनावों बाद भी
पाँच बरस तक बेहद सताता ।
धूप से बचने पेड़ नहीं हैं,
वादों की छाया भी झूठी,
जनता रोटी सेंक रही है,
राजनीति की आँच रूठी।
एक किसान खेत में जलता,
एक मजदूर सड़क पर पिघलता,
नेता मंचों पर कह रहा
“देश कितनी प्रगति करता।”
मगर प्रगति की इस रेलगाड़ी में
जनरल डिब्बा फिर भारी ,
एसी कोच जनप्रतिनिधियों की
देशभक्ति बड़ी निराली ।

सूरज तो प्रकृति का हिस्सा ,
उसकी गर्मी मजबूरी ,

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला  सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित। संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# खरीफ 2026-27: किसानों के लिए बीज बुकिंग का सुनहरा अवसर, गौतमबुद्धनगर में ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 23 मई 2026। खरीफ 2026-27 सीजन के लिए किसानों को सामान्य वितरण एवं निःशुल्क बीज उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिला कृषि अधिकारी विवेक दुबे ने बताया कि जनपद में धान, मूंग, उड़द सहित दलहनी और मिलेट्स फसलों के बीजों का आवंटन प्राप्त हो चुका है तथा उनकी आपूर्ति बीज गोदामों पर की जा रही है। कृषि विभाग ने बताया कि किसान 19 मई 2026 से पुनः शुरू हुई ऑनलाइन बुकिंग के माध्यम से अनुदानित एवं निःशुल्क बीज प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए किसान विभाग की वेबसाइट agridarshan.up.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। किसान स्वयं या जन सेवा केंद्र के माध्यम से भी बीज की बुकिंग कर सकते हैं।

### विभिन्न फसलों के बीज उपलब्ध

जिले में इस बार धान, उड़द, मूंग, अरहर सहित कई फसलों के बीज और मिनी किट उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसके अलावा मिलेट्स श्रेणी में सावा, कोदो, रागी, मडुवा, बाजरा और ज्वार के मिनी किट भी किसानों को उपलब्ध होंगे।

बीज की उपलब्धता (संक्षेप में)

धानः 237.70 कुंतल
उड़दः 7.60 कुंतल
मूंगः 2.00 कुंतल
अरहरः 92.00 कुंतल

विभिन्न फसलों के मिनी किट (उड़द, मूंग, अरहर, ज्वार, बाजरा, कोदो, सावा, रागी) भी उपलब्ध
ऑनलाइन बुकिंग प्रक्रिया शुरू

### किसानों से अपील

जिला कृषि अधिकारी ने सभी पंजीकृत किसानों से अपील की है कि वे समय पर ऑनलाइन बुकिंग कर इस योजना का लाभ उठाएं। अधिक जानकारी के लिए किसान अपने विकासखंड स्थित बीज गोदाम या संबंधित कृषि कर्मचारी से संपर्क कर सकते हैं।

# बिसाहड़ा में 100 शैय्यायुक्त अस्पताल निर्माण को लेकर समीक्षा बैठक संपन्न

गौतमबुद्धनगर, 23 मई 2026। दादरी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बिसाहड़ा में प्रस्तावित 100 शैय्यायुक्त चिकित्सालय के निर्माण को लेकर शुक्रवार को महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में दादरी विधायक तेजपाल नागर की उपस्थिति में जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ परियोजना की प्रगति और तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की।



### भूमि चिन्हांकन और प्रक्रिया पर चर्चा

बैठक के दौरान अस्पताल निर्माण हेतु भूमि चिन्हांकन, राजस्व अभिलेखों की स्थिति तथा तकनीकी और प्रशासनिक प्रक्रियाओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी आवश्यक औपचारिकताएं शीघ्र पूर्ण की जाएं ताकि निर्माण कार्य समयबद्ध तरीके से शुरू हो सके।

### विधायक ने उठाए विकास कार्यों के मुद्दे

समीक्षा बैठक में विधायक तेजपाल नागर ने क्षेत्र से जुड़े अन्य विकास कार्यों और जनसमस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया और कई प्रस्ताव प्रशासन के समक्ष रखे।

### जिलाधिकारी ने दिए सख्त निर्देश

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से भूमि की उपलब्धता और अन्य औपचारिकताओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रस्तावित भूमि का शीघ्र चिन्हांकन कर शासन को आवश्यक रिपोर्ट भेजी जाए, ताकि जनहित की इस महत्वपूर्ण परियोजना को जल्द मंजूरी मिल सके।

बैठक के दौरान अनुपस्थित अधिकारियों पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश भी दिए।

### बैठक में ये अधिकारी रहे मौजूद

बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) मंगलेश दुबे, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार, उप जिलाधिकारी दादरी अनुज नेहरा, अधिशासी अभियंता नगर पालिका परिषद शालिनी गुप्ता, तहसीलदार प्रतीक चौहान, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंदन सोनी तथा लोक निर्माण विभाग सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर।

# अवैध तमंचे के साथ शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

नोएडा, समाज जागरण। थाना जारचा पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और बीट पुलिसिंग की सहायता से कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को अवैध शस्त्र के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद किया है।
पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान हारुन पुत्र नशीबु निवासी ग्राम पिपलेडा, थाना धौलाना, जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। अभियुक्त को थाना क्षेत्र के सलारपुर की ओर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया।

तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध तमंचा .315 बोर तथा एक जिंदा कारतूस .315 बोर बरामद हुआ। पुलिस ने बरामद हथियार को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# दोना पत्तल उद्योग के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू, ग्रामीण कारीगरों को मिलेगा निःशुल्क मशीन का लाभ

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 23 मई 2026। जनपद के परंपरागत कारीगरों और ग्रामीण क्षेत्रों के इच्छुक व्यक्तियों के लिए दोना-पत्तल उद्योग से जुड़ने का सुनहरा अवसर उपलब्ध कराया गया है। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ज्योति रानी ने बताया कि उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की खादी नीति के तहत पात्र लाभार्थियों को निःशुल्क मोटराइज्ड दोना मेकिंग मशीन प्रदान की जाएगी।

### 18 से 50 वर्ष तक के युवाओं को मिलेगा लाभ

इस योजना का उद्देश्य स्वरोजगार को बढ़ावा देना है। इसका लाभ दोना-पत्तल निर्माण से जुड़े परंपरागत कारीगरों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों के उन लोगों को भी मिलेगा जो इस व्यवसाय में रुचि रखते हैं। योजना के लिए आयु सीमा 18 से 50 वर्ष निर्धारित की गई है।

### ऑनलाइन आवेदन की सुविधा

इच्छुक अभ्यर्थी किसी भी जन सुविधा केंद्र या साइबर कैफे के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया विभाग की वेबसाइट upkvib.gov.in पर "ऑनलाइन टूल किट्स पंजीकरण एवं आवेदन" पोर्टल के माध्यम से पूरी की जा सकती है।

आवेदन की अंतिम तिथि
योजना के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 30 मई 2026 निर्धारित की गई है। इसके बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।
प्राप्त आवेदनों के आधार पर पात्र लाभार्थियों का चयन जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा किया जाएगा। चयन के बाद लाभार्थियों को निःशुल्क मशीन उपलब्ध कराई जाएगी।

**आवश्यक दस्तावेज**
आवेदन के लिए निम्न दस्तावेज अनिवार्य हैं–
पासपोर्ट साइज फोटो
आधार कार्ड
जाति प्रमाण पत्र
शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र
बैंक पासबुक की प्रति

योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए आवेदक विभाग के दूरभाष नंबर 9599355293 और 9580503196 पर संपर्क कर सकते हैं। सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर।

# नोएडा के कई सेक्टरों में 24 मई को बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित, विद्युत विभाग ने जारी किया शटडाउन शेड्यूल

नोएडा, समाज जागरण ब्यूरो। विद्युत वितरण खंड-तकनीकी, 33 केवी स्टेडियम नोएडा द्वारा 24 मई 2026 को विभिन्न उपकेंद्रों पर अनुरक्षण एवं तकनीकी कार्यों के चलते निर्धारित समय के लिए बिजली आपूर्ति बाधित रहने की सूचना जारी की गई है। विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है।

जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार अलग-अलग उपकेंद्रों पर लाइन अनुरक्षण, ओटीआई बदलने तथा पेड़ों की छंटाई जैसे कार्य किए जाएंगे, जिसके चलते संबंधित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी।




### इन क्षेत्रों में रहेगा बिजली शटडाउन

1. 33/11 केवी उपकेंद्र सेक्टर-62, जीबी नोएडा
समयः सुबह 09:00 बजे से 12:00 बजे तक
कारणः 33 केवी लाइनों के पास पेड़ों की छंटाई कार्य
प्रभावित क्षेत्रः M/s Stellar EUa M/s Tech Mahendra
2. 33/11 केवी उपकेंद्र सेक्टर-50, न्यू नोएडा
समयः सुबह 10:00 बजे से 11:00 बजे तक
कारणः ओटीआई बदलने का कार्य
प्रभावित क्षेत्रः केंद्रीय विहार ब्लॉक C, D, H एवं मार्केट वेस्ट वे3. 33/11 केवी उपकेंद्र सेक्टर-52, नोएडा
समयः सुबह 10:00 बजे से 11:00 बजे तक
कारणः ओटीआई बदलने का कार्य
प्रभावित क्षेत्रः कोस्ट गार्ड, गिझौर गांव, अरावली सोसाइटी सेक्टर-52
4. 33/11 केवी उपकेंद्र सेक्टर-18, न्यू नोएडा
समयः सुबह 09:00 बजे से 10:20 बजे तक
कारणः अनुरक्षण कार्य
प्रभावित क्षेत्रः उपकेंद्र से संबंधित सम्पूर्ण क्षेत्र
5. 33/11 केवी उपकेंद्र सेक्टर-18, अंसल नोएडा
समयः सुबह 10:30 बजे से 11:30 बजे तक
कारणः अनुरक्षण कार्य
प्रभावित क्षेत्रः उपकेंद्र से संबंधित सम्पूर्ण क्षेत्र
6. 33/11 केवी उपकेंद्र सेक्टर-18, ओल्ड नोएडा
समयः दोपहर 12:00 बजे से 01:20 बजे तक
कारणः अनुरक्षण कार्य
प्रभावित क्षेत्रः उपकेंद्र से संबंधित सम्पूर्ण क्षेत्र
7. 33/11 केवी उपकेंद्र सेक्टर-32, नोएडा
समयः दोपहर 02:00 बजे से 03:00 बजे तक
कारणः अनुरक्षण कार्य
प्रभावित क्षेत्रः उपकेंद्र से संबंधित सम्पूर्ण क्षेत्र

विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि निर्धारित समय के अनुसार आवश्यक कार्य पहले से निपटा लें तथा बिजली उपकरणों का सावधानीपूर्वक उपयोग करें। अधिक जानकारी के लिए उपभोक्ता 1912 टोल फ्री नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

# अवैध शराब बिक्री पर आबकारी विभाग और पुलिस की बड़ी कार्रवाई, आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण**

नोएडा, गौतम बुद्ध नगर में अवैध शराब की बिक्री और परिवहन पर पूर्णतः अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत आबकारी विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता मिली है।
उत्तर प्रदेश शासन एवं आबकारी आयुक्त के निर्देशों के अनुपालन में जिलाधिकारी और पुलिस आयुक्त गौतम बुद्ध नगर के निर्देशन तथा जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 22 मई 2026 को आबकारी विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने थाना सेक्टर-39 क्षेत्र में चेकिंग और दबिश अभियान चलाया।



कार्रवाई के दौरान मायानगर सेक्टर-96 नोएडा से धर्मेंद्र पुत्र तलेवर सिंह, निवासी असगरनगर सेक्टर-128 नोएडा को अवैध रूप से शराब बेचते हुए गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से दोस्ताना ब्रांड की देशी शराब के 28 पव्वे (प्रत्येक 200 एमएल) बरामद किए गए, जो उत्तर प्रदेश राज्य में बिक्री हेतु अनुमन्य बताए गए हैं।
आबकारी विभाग ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 60 के अंतर्गत थाना सेक्टर-39 में अभियोग पंजीकृत कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जनपद में अवैध शराब की बिक्री, तस्करी एवं परिवहन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# आबकारी विभाग ने अवैध शराब बिक्री पर कसा शिकंजा, आरोपी गिरफ्तार

नोएडा, समाज जागरण। गौतम बुद्ध नगर में अवैध शराब की बिक्री एवं परिवहन पर प्रभावी रोक लगाने के लिए आबकारी विभाग और पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से लगातार प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत आबकारी विभाग को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है।
उत्तर प्रदेश शासन एवं आबकारी आयुक्त के आदेशों के अनुपालन में जिलाधिकारी एवं पुलिस आयुक्त गौतम बुद्ध नगर के निर्देशन तथा जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 22 मई 2026 को आबकारी विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने थाना सेक्टर-39 क्षेत्र में चेकिंग और दबिश अभियान चलाया।



इस दौरान एफ एंड जी सेक्टर-44 की ग्रीन बेल्ट नोएडा से हरिओम पुत्र सुरेंद्र सिंह, निवासी ग्राम नगला कोटी, थाना सिकंदराराऊ, जिला हाथरस को अवैध रूप से शराब बेचते हुए गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से "दोस्ताना" ब्रांड की देशी शराब के 32 पव्वे (प्रत्येक 200 एमएल) बरामद किए गए, जो उत्तर प्रदेश राज्य में बिक्री हेतु अनुमन्य बताए गए हैं।
आबकारी विभाग ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 60 के अंतर्गत थाना सेक्टर-39 में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।
अधिकारियों ने कहा कि जनपद में अवैध शराब के कारोबार, बिक्री और परिवहन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# श्रमिक आंदोलन में आगजनी करने वाला वांछित आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण**

नोएडा, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पुलिस ने 13 अप्रैल 2026 को हुए श्रमिक आंदोलन के दौरान आगजनी और हिंसक प्रदर्शन की घटना में शामिल एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान नरेश कुमार पुत्र छोटेलाल निवासी ग्राम जैतीखेड़ा, थाना कल्याणपुर, जिला फतेहपुर एवं वर्तमान पता चोटपुर, थाना सेक्टर-63 गौतम बुद्ध नगर के रूप में हुई है।
पुलिस के अनुसार 13 अप्रैल 2026 को श्रमिकों एवं मजदूरों द्वारा कमिश्नरेट क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में बड़ी संख्या में सड़कों पर एकत्र होकर उपद्रव और हिंसक प्रदर्शन किया गया था, जिससे कानून व्यवस्था की गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई थी। इस संबंध में विभिन्न थानों में मुकदमे दर्ज किए गए थे।
इसी दौरान थाना सेक्टर-63 क्षेत्र स्थित विपुल मोटर्स के आसपास कुछ अराजक तत्वों ने आगजनी और तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया था। जांच में सामने आया कि आरोपी नरेश कुमार महावीरा कंपनी, सेक्टर-63 में टेलर के रूप में कार्यरत था और उसने कंपनी परिसर में कर्मचारियों को हड़ताल के लिए उकसाया। इसके बाद वह प्रदर्शनकारी भीड़ के साथ विपुल मोटर्स पहुंचा, जहां सुनियोजित तरीके से दर्जनों दोपहिया और चारपहिया वाहनों में आग लगा दी गई। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी और उसके साथियों ने लोहे के पाइप से वाहनों में तोड़फोड़ कर आगजनी को और बढ़ाया। गठित पुलिस टीम ने वैज्ञानिक साक्ष्यों एवं तकनीकी जांच के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा जुटाए गए वीडियो और अन्य साक्ष्यों में आरोपी स्पष्ट रूप से आगजनी करता दिखाई दे रहा है।





पुलिस ने बताया कि आरोपी की पूर्व में मानेसर में हुए श्रमिक आंदोलन में भी सक्रिय भूमिका रही है। उसके मोबाइल फोन से श्रमिक यूनियन से जुड़े दस्तावेज और अभिलेख भी बरामद हुए हैं। घटना के बाद आरोपी ने पुलिस से बचने के लिए अपना मोबाइल नंबर दूसरे सर्विस प्रोवाइडर में पोर्ट करा लिया था, जिसे पुलिस ने ट्रेस कर बरामद कर लिया।

कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पुलिस का कहना है कि मामले में अन्य आरोपियों की तलाश और जांच जारी है तथा कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा नोएडा महानगर में दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का शुभारंभ



**समाज जागरण**

नोएडा, भारतीय जनता पार्टी नोएडा महानगर में जिला अध्यक्ष महेश चौहान के नेतृत्व में दो दिवसीय "पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान" का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में भाजपा की विचारधारा, संगठनात्मक कार्यशैली और केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।
कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित भाजपा प्रदर्शनी का उद्घाटन लक्ष्मीकांत बाजपेई, डॉ. महेश शर्मा तथा पंकज सिंह ने संयुक्त रूप से किया। प्रथम सत्र को संबोधित करते हुए लक्ष्मीकांत बाजपेई ने कहा कि जनता के सुख-दुख में खड़ा रहने वाला कार्यकर्ता ही सच्चा कार्यकर्ता होता है। उन्होंने कार्यकताओं से संगठन द्वारा दिए गए दायित्वों का पूर्ण समर्पण के साथ निर्वहन करने का आह्वान किया। साथ ही पंडित दीनदयाल उपाध्याय के "अंत्योदय" के सिद्धांत को भाजपा की मूल विचारधारा बताते हुए विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने की बात कही।
द्वितीय सत्र में पंकज सिंह ने केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" के मंत्र के साथ भारत विश्वगुरु बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, जनधन योजना, मुद्रा योजना, लखपति दीदी अभियान और मुफ्त राशन योजना जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार ने गरीब कल्याण को प्राथमिकता दी है।
उन्होंने कहा कि DBT प्रणाली के माध्यम से लगभग 3.5 लाख करोड़ रुपये की बचत हुई है, जिससे डिजिटल अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राम मंदिर निर्माण, स्वच्छ भारत मिशन, ई-संजीवनी, मिशन इंद्रधनुष, सिंचाई योजनाएं और पीएम स्वनिधि जैसी योजनाओं से आमजन के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है।
तृतीय सत्र को संबोधित करते हुए पश्चिम उत्तर प्रदेश भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसोदिया ने कहा कि भाजपा की राजनीति केवल सत्ता प्राप्ति तक सीमित नहीं है, बल्कि भारत माता को परम वैभव तक पहुंचाने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि भाजपा राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ कार्य कर रही है। कार्यक्रम में राजा वर्मा, गोपाल कृष्ण अग्रवाल, कांता कर्दम, नवाब सिंह नागर, बिमला बॉथम, ब्रजेंद्र नागर, सुषमा सिंह, कैप्टन विकास गुप्ता, मनोज गुप्ता, विनोद त्यागी, योगेंद्र चौधरी समेत बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गैंगस्टर एक्ट में वांछित 25-25 हजार के दो इनामी बदमाश गिरफ्तार

**समाज जागरण**

नोएडा, थाना फेस-1 नोएडा पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित चल रहे दो इनामी अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। दोनों आरोपियों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित था।
पुलिस के अनुसार मैनुअल इंटेलिजेंस की सहायता से कार्रवाई करते हुए अभियुक्त अनस पुत्र अयाज और अमन पुत्र अजय कुमार को सेक्टर-14ए स्थित शनि मंदिर के पास से गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपी थाना फेस-1 पर पंजीकृत मुकदमा संख्या 102/2026, धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे थे।
पुलिस जांच में सामने आया कि गैंग लीडर अनस अपने साथी अमन के साथ मिलकर वाहन चोरी, लूट और जानलेवा हमले जैसी गंभीर वारदातों को अंजाम देता था। दोनों अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी बताए जा रहे हैं। गिरफ्तार अभियुक्त अनस




मूल रूप से ग्राम चिरोहट, जिला अररिया का निवासी है तथा वर्तमान में न्यू अशोक नगर, दिल्ली में रह रहा था। उसकी उम्र लगभग 22 वर्ष बताई गई है। वहीं दूसरा अभियुक्त अमन सदरपुर कॉलोनी, सेक्टर-45 नोएडा का निवासी है और उसकी उम्र लगभग 24 वर्ष है।
पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है तथा विभिन्न थाना क्षेत्रों में इनके खिलाफ कई संगीन मुकदमे पहले से दर्ज हैं। थाना फेस-1 नोएडा पुलिस द्वारा दोनों अभियुक्तों के खिलाफ आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# सुनसान रास्तों पर महिलाओं पर हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण**

नोएडा, थाना सेक्टर-58 पुलिस ने महिलाओं पर धारदार वस्तु से हमला करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त स्कूटी और कैंची बरामद की है।
पुलिस के अनुसार थाना सेक्टर-58 में दो महिलाओं ने शिकायत दर्ज कराई थी कि सेक्टर-55 रोड पर घर लौटते समय एक स्कूटी सवार युवक ने पीछे से आकर उनकी कमर के नीचे किसी नुकीली धारदार वस्तु से हमला कर दिया, जिससे उन्हें चोटें आईं। सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर दोनों महिलाओं का मेडिकल परीक्षण कराया और आरोपी की तलाश शुरू की।
घटना की गंभीरता को देखते हुए गठित पुलिस टीम ने लोकल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की सहायता से सेक्टर-55 और 56 के मध्य रोड से आरोपी अंकित वर्मा पुत्र राजेश वर्मा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त स्कूटी और एक कैंची बरामद की गई है।
पूछताछ में पता चला कि आरोपी नोएडा के सेक्टर-62 स्थित एक निजी कंपनी में वर्ष 2020 से एग्जीक्यूटिव के पद पर कार्यरत है। आरोपी सुनसान रास्तों पर आने-जाने वाली महिलाओं और युवतियों को निशाना बनाकर पीछे से कैंची से हमला करता था।



गिरफ्तार आरोपी अंकित वर्मा निवासी प्रगति विहार, खोड़ा कॉलोनी, गाजियाबाद का रहने वाला है और उसकी उम्र लगभग 26 वर्ष बताई जा रही है।
थाना सेक्टर-58 पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 118 एवं 118 के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे। न्यूज पोर्टल पर चलवाये
मात्र 200 रुपये रोज मे।

# गुन्नौर बस चालक को नींद की झपकी आने पर पोल से टकराई रोडवेज बस यात्री सुरक्षित

**समाज जागरण**

गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के मेरठ बदायूं हाईवे पर गांव सैंजना मुस्लिम के नजदीक गुन्नौर व जुनावई थानों के वार्डर पर बदायूं से दिल्ली जा रही लोनी डिपो रोडवेज बस के चालक को नींद की झपकी आ गई और रोडवेज बस अनियंत्रित होकर खंदक में लगे बिजली के पोल से टकराई गई। बस को अनियंत्रित देख रोडवेज बस में बैठी सवारियों में चीख पुकार मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से जुनावई थाना पुलिस व गुन्नौर कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई पुलिस व फायर ब्रिगेड की



टीम मौके पर पहुंच गई । और गाड़ी में बैठी 45 से अधिक सवारियों को पुलिस ने दूसरी रोडवेज बस में बिठाकर गंतव्य के लिए भेजा,जिसमें एक बड़ा हादसा होने से टल गया। गुन्नौर कोतवाली प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि रात 11 बजे करीब रोडवेज बस पोल से टकराकर छतिग्रस्त हुई बस में बेठी सवारियों को चोट नहीं आई है। सभी को दूसरी रोडवेज बस में बिठाकर गंतव्य की ओर भेज दिया।

# कीटनाशकों का ऑन लाईन व्यवसाय करने वाले ई-कॉमर्स फर्मो को जारी किए आवश्यक दिशानिर्देश

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर। जनपद बिजनौर के अन्दर कीटनाशकों का ऑन लाईन व्यवसाय करने वाले ई-कॉमर्स फर्मो को सूचित किया जाता है कि कृषि निदेशालय, कृषि रक्षा अनुभाग, उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांक 375/कृ0र0/ई0कॉमर्स सेल पेस्टीसाइड/दिनांक 18 मई 2026 के द्वारा प्राप्त निर्देश के अनुसार जसवीर सिंह तेवतिया जिला कृषि रक्षा अधिकारी बिजनौर ने बताया कि भारत सरकार की अधिसूचना सा0 का0 नि0 / 846 (अ) दिनांक 24 नवम्बर 2022 के द्वारा कीटनाशी नियमावली 1973 नियम सं0-10 (ड) ई कॉमर्स इकाई के माध्यम से कीटनाशी का विक्रय नियम सं0-10 (ई) सेल आफ इंसेक्टिसाईडस ई कॉमर्स एंटेटी के अन्तर्गत निम्न नियम व शर्तो का पालन अनिवार्य किया



गया है। लाईसेन्स धारक, लाईसेन्स अवधि के दौरान ई कॉमर्स इकाई के माध्यम से कीटनाशकों का विक्रय किसानों को कर सकता है और लाइसेन्स धारक को उस समय लागू सभी नियमों का पालन करना होगा, जो की प्राविधान के अन्तर्गत है। ई कॉमर्स संस्थाओं के संचालकों को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से कीटनाशकों के विक्रय से पूर्व, लाइसेन्स की वैधता का सत्यापन राज्य के संबधित लाइसेन्सिंग अधिकारी द्वारा कराना होगा। उपरोक्त के अतिरिक्त ई कॉमर्स संस्थाओं के संचालक और लाइसेन्सधारी, उपभोक्ता संरक्षण (ई कॉमर्स) नियम 2020 के प्राविधानों का अनुपालन करेंगें, जो भारत के राजपत्र में दिनांक 23 जुलाई 2020 को जीएसआर नं0 462 (ई) कॉमर्स के माध्यम से अधिसूचित किये गये थे और इसके बाद के किसी भी संशोधन (यदि कोई है) का अनुपालन करेंगें। संबधित ई कॉमर्स संस्था/ फर्म निरीक्षण के समय बिना उपयुक्त कीटनाशी लाईसेन्स के कीटनाशों का स्टाकजायेगी विक्रय करते हुये पायी जाती है तो उसके विरूद्व कीटनाशी अधिनियम 1968 के प्राविधानों के अन्तर्गत कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी।

# गुन्नौर समाधान दिवस में पहुंची 14 शिकायतें, एक का निस्तारण

**समाज जागरण**

गुन्नौर कोतवाली परिसर में शनिवार की प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में 14 फरियादियों ने अपनी शिकायत रखी। जिनमें से मौके पर एक शिकायत का निस्तारण हुआ। कोतवाल ने राजस्व विभाग से संबंधित शेष शिकायत निस्तारण के निर्देश दिए। समयबद्धता व गुणवतत्ता से करने के निर्देश दिए। आइजीआरएस पर विभाग से संबंधित प्राप्त होने वाली शिकायतों को ऐसे दो गांव को चिन्हित किया जाएं। जिनमें सर्वाधिक शिकायत प्राप्त हुई है।इस मौके पर समस्त राजस्व विभाग सहित उपनिरीक्षक सहित पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# गुन्नौर ओवरटेक को लेकर दो वाहन चालको में जमकर मारपीट गाड़ी तोड़ी

**समाज जागरण**

बबराला थाना व नगर में स्थित रेलवे लाइन पार आदित्य गार्डन के समीप दो चार पहिया वाहनों चालकों समेत लोगों में कहा सुनी होते हुए गाड़ी की तोड़फोड़ की गई । जिसके बाद पर दो थानों की पुलिस मौके पर पहुंची हालांकि एक गाडी में सवार बबराला निवासी भाजपा नेता आशुतोष वार्ष्णेय उनके साथी मंकित उर्फ निशांत गुप्ता थे जिन्होंने संयुक्त रूप से बबराला थाना में तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

बतादे कि भाजपा नेता आशुतोष वार्ष्णेय व मंकित गुप्ता रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव ब्यौरा से गमी मे शामिल होकर शुक्रवार देर रात घर वापस लौट रहे थे तभी रास्ते में रजपुरा के समीप दूसरे कार सवार से ओवरटेक को लेकर कहासुनी हो गई जिसके दूसरी गाड़ी सवारों ने बबराला नगर तक भाजपा नेता की गाड़ी का पीछा किया और बबराला नगर में स्थित आदित्य गार्डन के समय पहुंचकर गाड़ी का शीशा तोड़ दिया उसके बाद मौके पर रजपुरा व बबराला थाना पुलिस पहुंच गई और कई लोगों को बबराला पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

बबराला थाना प्रभारी सौरभ त्यागी ने बताया कि गाड़ी ओवरटेक को लेकर के दो पक्षों में कहा सुनी हुई थी, शांति भंग की कार्रवाई करते चार युवकों को न्यायालय भेज दिया।

# सत्तो नगली में युवक की रहस्यमयी मौत से हड़कंप, घर के अंदर मिला शव

## मौके पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम, हत्या या आत्महत्या के एंगल पर गहराई से जांच शुरू

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर स्योहारा। थाना क्षेत्र के गांव सत्तो नगली में शुक्रवार को एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। युवक का शव उसके ही घर के अंदर मिलने से गांव में अफरा-तफरी मच गई। घटना की खबर फैलते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई और क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गईं।

बताया जा रहा है कि सुबह जब परिजनों ने युवक को कमरे में संदिग्ध हालत में पड़ा देखा तो उनके होश उड़ गए। परिजनों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी संजय कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और पूरे मामले की गंभीरता से जांच शुरू कर दी।

घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद पुलिस ने मामले को संदिग्ध मानते हुए फॉरेंसिक टीम को बुलाया। फॉरेंसिक विशेषज्ञों ने मौके से जरूरी साक्ष्य जुटाए और घर के अंदर मौजूद परिस्थितियों का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास



के लोगों और परिजनों से पूछताछ भी शुरू कर दी है।

प्रारंभिक जांच में युवक की मौत के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं। पुलिस हत्या, आत्महत्या और अन्य संभावित कारणों को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसे लेकर गांव में अलग-अलग चचाएं हो रही हैं। कुछ लोग इसे आत्महत्या बता रहे हैं, जबकि कई ग्रामीण हत्या की आशंका भी जता रहे हैं।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरने की कार्रवाई शुरू कर दी है और पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

घटना के बाद गांव में दहशत और मातम का माहौल बना हुआ है। लगातार क्षेत्र में सामने आ रही संदिग्ध मौतों और शव मिलने की घटनाओं से लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। ग्रामीणों ने पुलिस से मामले का जल्द खुलासा करने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। फॉरेंसिक टीम की रिपोर्ट और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# सीएचसी नगीना व पीएचसी कोतवाली ब्लॉक के संविदा डॉक्टर्स व स्वास्थ्य कर्मी की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नगीना । राष्ट्रीय हेल्थ मिशन (एनएचएम) के संविदा डॉक्टरों व स्वास्थ्य कर्मियों की वेतन भुगतान की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही।वेतन नहीं तो काम नहीं के नारे के साथ सीएचसी नगीना व पीएचसी कोतवाली ब्लॉक के संविदा डॉक्टर्स व स्वास्थ्य कर्मी शुक्रवार को भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के गेट पर दरी बिछा कर धरने पर डटे रहे।

उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष डॉ विशाल कुमार व जिला मंत्री गगन कुमार शर्मा ने बताया कि मार्च व अप्रैल के मानदेय(वेतन) भुगतान की मांग को लेकर सीएमओ बिजनौर को एक ज्ञापन 14 मई को ही सौंप दिया गया था। एनएचएम के संविदा डॉक्टर्स व स्वास्थ्य कर्मियों के परिवारों के समक्ष आजीविका का




संकट पैदा हो गया है। नया शिक्षा सत्र शुरू हो जाने के बाद पैसा न होने के कारण बच्चों की स्कूल फीस जमा नहीं हो पा रही है और ड्रेस व कोर्स भी नहीं खरीद पा रहे हैं। कोतवाली ब्लॉक के डॉ रियाज जैदी ने बताया कि फिलहाल 25 मई तक कार्य बहिष्कार जारी रहेगा और यदि फिर भी मानदेय(वेतन) का भुगतान नहीं हुआ तो संघ के निर्णय के अनुसार आंदोलन आगे भी जारी रह सकता है।

सीएचसी नगीना में दूसरे दिन भी धरने पर बैठने वालों में डॉक्टर रियाज जैदी, डॉक्टर नवेद इकबाल, डॉक्टर माज जलील शमसी, डॉक्टर प्रज्वल, डॉक्टर राहुल, डॉक्टर मीनाक्षी चौहान, स्वास्थ्य कर्मी गौरव, अरुण,हितेश, दीपक, पूजा विश्नोई, स्वाति, रमनजीत कौर, अर्चना सिंह, प्रमोद देवी, शक्ति सिंह, मनीष कुमार, पीयूष कुमार, सना उल हक, मीनाक्षी, बबीता, फैजान, अभिषेक तथा समस्त एनएचएम स्टॉफ शामिल रहा।

# विजन कॉलेज ने शीतल पेय एवं शरबत वितरण का आयोजन किया

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद रायपुर रोड स्थित प्रसिद्ध विजन कॉलेज ने शीतल पेय एवं शरबत वितरण का आयोजन किया जिसमें मुख्य अतिथि श्री कपिल सर्राफ, जिलाध्यक्ष व्यापार संगठन के कर कमलों द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया कॉलेज के एमडी डॉ मोहम्मद अयूब एवं मोहम्मद इशाक जी ने मुख्य अतिथि श्री सर्राफ को पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया उद्घाटन के बाद मुख्य अतिथि



श्री सर्राफ ने कहा कि गर्मियों के मौसम में यात्रियों को ठंडा, जल व शरबत पिलाना बहुत बड़ा इंसानियत एवं परोपकार का काम है, जिससे ईश्वर और अल्लाह खुश होते हैं इंसान की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है

कॉलेज के एमडी डॉक्टर अयूब को नेक कार्य करने की बधाई दी इस मौके पर और भविष्य में भी इसी प्रकार इंसानियत के कार्य करने की सलाह दी कॉलेज के एमडी मोहम्मद अयूब ने सभी उपस्थित अतिथियों का आभार प्रकट किया।इस मौके पर मोहम्मद इशाक डॉ इलियास जिला महासचिव रईस कुरैशी हाजी अयूब नगर सचिव धीरज झा नगर युवा अध्यक्ष शेर अली शाखा अध्यक्ष मोहम्मद असलम कुमारी नंदनी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे

# थाना समाधान दिवस में डीएम ने सुनी फरियाद, भू-माफियाओं पर सख्त कार्रवाई के निर्देश।

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद थाना दक्षिण में आयोजित थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता को शीघ्र न्याय दिलाना प्रशासन की प्राथमिकता है और जमीनों पर अवैध कब्जा करने वाले भू-माफियाओं को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा।जिलाधिकारी ने थाना प्रभारियों और राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीम मौके पर जाकर जांच करे



और न्यायोचित कार्रवाई सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि शिकायतकताओं को किसी भी प्रकार की प्रताड़ना नहीं झेलनी पड़ेगी।समाधान दिवस के दौरान थाना दक्षिण क्षेत्र की नई बस्ती निवासी अनीता अग्रवाल ने अपने भाई विवेक अग्रवाल से चल रहे विवाद को लेकर शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने आरोप लगाया कि सिविल लाइन में वाद संख्या 541/2025 विचाराधीन होने के बावजूद पुलिस द्वारा उनके भाई को प्रताड़ित किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने क्षेत्राधिकारी को जांच के आदेश दिए, ताकि पीड़ित परिवार को राहत और सुरक्षा मिल सके।वहीं थाना उत्तर क्षेत्र के कबीर नगर निवासी अविनाश कुमार कोरी पुत्र हरीराम कोरी ने शिकायत की कि वर्ष 2014 में खरीदे गए मौजा लालऊ स्थित 465 वर्ग मीटर के प्लॉट पर कुछ दबंग अवैध कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। शिकायतकर्ता ने निर्माण कार्य रोकने और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया। इस पर जिलाधिकारी ने प्रभारी थाना दक्षिण को तीन दिन के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही राजस्व टीम से भूमि की पैमाइश कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। इस अवसर पर एसपी सिटी रवि शंकर प्रसाद, नगर मजिस्ट्रेट विनोद कुमार पांडे सहित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# सब कुछ खो देना स्वीकार है किंतु असत्य का भार स्वीकार नहीं - राजा बलि

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चतुर्थ दिवस कथा स्थल श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक चेतना से ओत-प्रोत दिखाई दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ कथा आयोजक ओमप्रकाश शर्मा द्वारा विधिवत पूजन एवं भव्य आरती के साथ किया गया, जिसके पश्चात परम पूज्य महामृत्युंजय पीठाधीश्वर महाकाल उज्जैन के स्वामी श्री प्रणवपुरी महाराज व्यासपीठ पर विराजमान हुए।

कथा के दौरान महाराज श्री ने राजा बलि के प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि जब वामन भगवान राजा बलि से तीन पग भूमि मांगने पहुंचे, तब गुरु शुक्राचार्य जी ने उन्हें समझाया कि यह भगवान की परीक्षा एवं लीला है। किंतु राजा बलि ने सत्य एवं धर्म का मार्ग चुनते हुए कहा कि यदि स्वयं भगवान ब्राह्मण वेश में उनके द्वार पर आए हैं, तो उन्हें सब कुछ अर्पित करने में कोई संकोच नहीं है। उन्होंने कहा कि ह्लसब कुछ खो देना स्वीकार है, किंतु असत्य का भार स्वीकार नहीं।ह्व महाराज श्री ने कहा कि जीवन में चाहे कितने भी संकट आएं, मनुष्य को धर्म एवं सत्य के मार्ग से कभी विचलित नहीं होना चाहिए। भगवान



भक्त की परीक्षा अवश्य लेते हैं, किंतु उसकी निष्ठा एवं समर्पण से प्रसन्न होकर कृपा भी करते हैं। भगवान ने राजा बलि की धर्मपरायणता एवं दानशीलता से प्रसन्न होकर उन्हें इंद्र पद का वरदान प्रदान किया।

महाराज श्री ने आगे महाराज मनु के वंश की कथाओं का वर्णन करते हुए राजा अम्बरीष के जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि राजा अम्बरीष राज-पाठ, वैभव एवं प्रतिष्ठा को क्षणभंगुर मानते हुए सदैव भगवान की भक्ति में लीन रहते थे। मनुष्य को पद, प्रतिष्ठा एवं धन प्राप्त होने पर अहंकार नहीं करना चाहिए, बल्कि भगवान के प्रति समर्पण भाव बनाए रखना चाहिए।

राजा निमि के प्रसंग का वर्णन करते हुए महाराज श्री ने बताया कि जब ब्राह्मणों ने उनसे पुनः शरीर धारण करने का आग्रह किया, तब राजा निमि ने कहा कि जैसे जल में मछली को हर क्षण मृत्यु का भय बना रहता है, उसी प्रकार यह शरीर भी भय, मोह एवं दुखों से घिरा हुआ है। इसलिए उन्होंने पुनः शरीर धारण करने से इनकार कर दिया। तत्पश्चात देवताओं एवं ब्राह्मणों ने उन्हें मनुष्यों की पलकों में स्थान प्रदान किया, जिससे पलक झपकने में उनकी उपस्थिति का अनुभव होता है।

कथा के दौरान भगवान श्रीराम जन्मोत्सव एवं भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का अत्यंत सुंदर एवं भावपूर्ण वर्णन किया गया। महाराज श्री ने बताया कि किस प्रकार राजा दशरथ ने वशिष्ठ जी एवं श्रृंगी ऋषि द्वारा यज्ञ संपन्न कराया, जिसके फलस्वरूप भगवान श्रीराम का अवतार हुआ। वहीं भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के प्रसंग पर पूरा कथा पंडाल भक्ति, उल्लास एवं जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने बड़े उत्साह एवं धूमधाम से भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया।

इस अवसर पर माननीय सदर विधायक श्री मनीष असीजा जी ने महाराज का सत्कार एवं सम्मान किया तथा कथा श्रवण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। माननीय अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा, नैतिक मूल्यों एवं भारतीय संस्कृति के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कथा पंडाल में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति, मधुर भजन, भक्ति संगीत एवं राधे-राधे तथा जय श्रीराम के जयकारों से वातावरण पूर्णतः भक्तिमय बना रहा तथा श्रद्धालुओं ने कथा एवं आरती में सहभागिता कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में डॉ मयंक भटनागर, कृपाशंकर मिश्रा, शिवम शर्मा, कौशल उपाध्याय, डॉ प्रभाकर राय एवं हरि प्रकाश शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# जायंट्स ग्रुप आफ महिला शक्ति ने समर कैंप का किया आयोजन।

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। समर कैंप का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना, उनकी रचनात्मक प्रतिभा को निखारना तथा उनमें आत्मविश्वास, अनुशासन एवं नई-नई कलाएँ सीखने की प्रेरणा विकसित करना है। साथ ही बच्चों को गर्मी की छुट्टियों का सदुपयोग करते हुए शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं मनोरंजन गतिविधियों से जोड़ना है जायंट्स ग्रुप आफ महिला शक्ति द्वारा



बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं उनकी रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से समर कैंप का शुभ उद्घाटन किया गया। यह समर कैंप पं० जगदीश प्रसाद उपाध्याय सरस्वती बालिका विद्या मंदिर, रहना फिरोजाबाद में आयोजित किया गया है। कैंप का आयोजन 21 मई से 30 मई तक प्रतिदिन प्रातः 7:00 बजे से 10:00 बजे तक किया जाएगा।

समर कैंप में बच्चों के लिए अनेक शिक्षाप्रद, रचनात्मक एवं मनोरंजक गतिविधियों को शामिल किया गया है। कैंप के दौरान बच्चों को आर्ट एंड क्राफ्ट, जूडो एवं कराटे, टाई एंड डाई, कप पेंटिंग, फोटो फ्रेम निर्माण, सिलाई एवं कढ़ाई, मेहंदी, नृत्य, बिना आग के भोजन निर्माण, अंग्रेजी बोलना, हस्तकला, योग एवं ध्यान जैसी गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही बच्चों में देशभक्ति एवं संस्कारों की भावना विकसित करने हेतु वंदे मातरम् कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। ताइक्वांडो एवं कराटे प्रशिक्षण भावुक सर द्वारा दिया गया। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, रचनात्मक सोच एवं नई कला सीखने की प्रेरणा विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है।

इस समर कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों को गर्मी की छुट्टियों का सदुपयोग करते हुए उन्हें नई-नई कलाओं, शारीरिक फिटनेस, मानसिक विकास एवं सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ना है। कैंप बच्चों के व्यक्तित्व विकास, आत्मनिर्भरता एवं सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध होगा। विद्यालय की प्रधानाचार्या मीना यादव ने बच्चों को समर कैंप के लिए उत्साहित करते हुए कहा कि सभी बच्चे अधिक से अधिक संख्या में आकर विभिन्न गतिविधियों में भाग लें तथा अपनी प्रतिभा को निखारें। इस अवसर पर कल्पना राजौरिया एवं मोनिका रानीवाला ने भी बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि इस प्रकार के समर कैंप बच्चों के मानसिक, शारीरिक एवं रचनात्मक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साथ ही बच्चों को नई-नई चीजें सीखने, आत्मविश्वास बढ़ाने एवं अनुशासन का महत्व समझने का अवसर भी प्राप्त होता है। उन्होंने अभिभावकों से भी बच्चों को समर कैंप में सहभागी बनाने की अपील की, जिससे बच्चे अपनी गर्मी की छुट्टियों का सदुपयोग कर सकें। कार्यक्रम में कल्पना राजौरिया झ परियोजना समन्वयक सीमा अग्रवाल झ अध्यक्ष दीपाली सिंघल झ प्रशासनिक निर्देशिका गौरी बंसल झ वित्त निर्देशिका मोनिका रानीवाला मोनिका गर्ग एवं एकता मित्तल की विशेष उपस्थिति रही। सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बच्चों को उत्साहपूर्वक भाग लेने के लिए प्रेरित किया तथा समर कैंप की सफलता हेतु शुभकामनाएँ दीं।

# डीएम के हस्तक्षेप से चूड़ी उद्योग का विवाद सुलझा, सफेद चूड़ी के दाम नहीं बढ़ेंगे।

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा के निर्देशन में चूड़ी उद्योग से जुड़े टैंक फर्नेस कारखानेदारों, स्टॉकिस्टों और चूड़ी गोदाम मालिकों के बीच लंबे समय से चल रहे विवाद को प्रशासन ने सौहार्दपूर्ण तरीके से सुलझा लिया। प्रशासन की मौजूदगी में हुई महत्वपूर्ण बैठक में सफेद चूड़ी की कीमतों में वृद्धि पर रोक लगाने और उद्योग को सुचारू रूप से चलाने पर सहमति बनी।

बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट एवं सहायक श्रमायुक्त की उपस्थिति में दोनों पक्षों के बीच विस्तृत वार्ता हुई। स्टॉकिस्टों ने बताया कि वर्तमान में गुणवत्ता के आधार पर सफेद चूड़ी की बिक्री 150 से 200 रुपये प्रति तोड़ा की दर से की जा रही है। जिलाधिकारी के निर्देशों का सम्मान करते हुए स्टॉकिस्ट राजकुमार सहित सभी स्टॉकिस्टों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि भविष्य में कीमतों में कोई वृद्धि नहीं की जाएगी।टैंक कारखानेदार विनीत मित्तल ने आश्वासन दिया कि चूड़ी उद्योग की निरंतरता बनाए रखने के लिए कारखाने लगातार संचालित किए जाएंगे। साथ ही दुकानदारों से लिखित आश्वासन भी लिया जाएगा कि वे काम बंद नहीं करेंगे, जिससे स्थानीय श्रमिकों के रोजगार पर कोई असर न पड़े।बैठक में भविष्य में मूल्य नियंत्रण और विवाद निस्तारण के लिए 9 सदस्यीय संयुक्त समिति गठित करने का भी निर्णय लिया गया। इस समिति में तीन गोदाम स्वामी, तीन टैंक कारखाना मालिक और तीन स्टॉकिस्ट प्रतिनिधि शामिल होंगे। समिति प्रशासन के समन्वय से ही चूड़ी के प्रति तोड़ा मूल्य संबंधी निर्णय ले सकेगी।जिलाधिकारी के हस्तक्षेप के बाद लंबे समय से चला आ रहा विवाद समाप्त हो गया। बैठक में मौजूद सभी कारखानेदारों, स्टॉकिस्टों और गोदाम मालिकों ने प्रशासन की उपस्थिति में समझौते के प्रस्तावों पर हस्ताक्षर कर अपनी सहमति व्यक्त की।

# नगर निगम में विकास कार्यो में अनिमितताओं को लेकर कांच एवम् चूड़ी मजदूर सभा ने ज्ञापन डीएम को सौपा

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। नगर निगम में व्याप्त भृष्टाचार एवं विकास कार्यों में अनिमितताओं को लेकर काँच एवं चूड़ी मजदूर सभा अपंजीकृत एवम् हस्ताक्षर कर्ता संघर्ष समिति के सदस्यों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को सम्बोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौपा।

काँच एवं चूड़ी मजदूर संघ के महामंत्री रामदास मानव ने जिलाधिकारी सन्तोष कुमार शर्मा की अनुपस्थिति में एसडीएम मुख्यालय सुदर्शन सिंह को सौपे गये ज्ञापन में कहा है। कि नगर निगम फिरोजाबाद में व्याप्त भ्रष्टाचार, विकास कार्यों में अनियमितताओं, जातीय भेदभाव, पक्षपात, सरकारी धन के दुरुपयोग, मितव्ययता सदन का नियमित अधिवेशन आहूत न किये जाने तथा महापौर द्वारा ठेकेदारों के साथ सांठगांठ कर अर्जित की गयी संपत्ति की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाये।

रामदास मानव ने कहा है ,नगर निगम फिरोजाबाद में विगत लंबे समय से विकास कार्यों में भारी अनियमितताओं, भ्रष्टाचार, पक्षपातपूर्ण कार्यप्रणाली, जातीय



भेदभाव तथा सरकारी धन के दुरुपयोग संबंधी शिकायतें लगातार प्रकाश में आ रही हैं। नगर निगम प्रशासन द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्य निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के स्थान पर भेदभावपूर्ण तरीके से कराए जा रहे हैं, जिससे आमजन में गहरा असंतोष व्याप्त है।

नगर निगम का अधिवेशन विधान के अनुसार आहुत नहीं किया जाता, अधिवेशन का कोई कार्यवृत्त नहीं होता अधिवेशन नगर निगम अधिवेशन की कार्य संचालन नियमावली के अनुसार संचालित नहीं किया जाता ,एवं राष्ट्र गान का भी अपमान किया जाता है।

जलकल विभाग, एवम कार्यशाला में फर्जी एवम ऊंची दरों पर कुटेशन के माध्यम सरकारी धन को लूटा जाता है।

शासन द्वारा 15 वित्त, राज्य वित एवं एन कैप में प्रति वर्ष अरबों रुपए जारी किये जाते है। जिन्हें बनी हुई अच्छी सड़कों पर खर्च किया जाता है नगर के समुचित विकास की कोई कार्य योजना नहीं बनाई जाती।

जिसको लेकर निगम की कार्यशैली से आहत होकर भारतीय जनता पार्टी के पार्षद नरेश चन्द शर्मा उर्फ नीटू शर्मा मुनेन्द्र यादव पार्षद मुण्डन करा चुके हैं, वार्ड संख्या-6, आजाद नगर से निर्वाचित पार्षद उषा देवी शंखवार द्वारा दिनांक 19 मई 2026 को विरोध स्वरूप मुंडन कराकर नगर निगम प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया गया।

यह घटना नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार, प्रशासनिक उपेक्षा एवं जनप्रतिनिधियों की अनदेखी का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

इन सभी बातों को लेकर 10 सूत्रीय ज्ञापन मुख्यमंत्री को सम्बोधित जिलाधिकारी को सौपा है। एवं।जनहित एवं नगर के समुचित विकास को दृष्टिगत रखते हुए शीघ्र, निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्यवाही करने की कृपा करें, जिससे आम जनता का प्रशासन पर विश्वास बना रहे। अन्यथा मजबूरन हम 01 जून को गांधी पार्क में सांकेतिक धरना तथा 06 जून 2026 को साइकिल,मोटर साइकिल से मिलने जायेगे तथा मुख्यमंत्री को ऊषादेवी पार्षद के केश भेंट कर अवगत कराएंगे

इस अवसर पर रामदास मानव महामंत्री कांच एवम् चूड़ी मजदूर सभा अपंजीकृत एवम् हस्ताक्षर कर्ता संघर्ष समिति के सदस्य नरेश चंद्र शंखवार, हाकिम सिंह निमौरिया, ताराचंद श्री किशन, प्रवीण उमराय, बलवीर सिंह, रामलखन एडवोकेट, जयसिंह प्रजापति अभय कबीरपंथी, केशकांत कैलाश सविता निगम वाल्मीक श्याम सिंह, रोहित शंखवार शामिल रहे।

# रेड क्रॉस बागपत ने पुलिस व आमजन को बांटे 600 कोल्ड डफ्र पैक, हीटवेव से बचाव की अपील

**डीएम के निर्देश पर चला राहत अभियान, ट्रैफिक पुलिस, कोतवाली, महिला थाना व टटीरी में किया वितरण**

**समाज जागरण**

बागपत। बढ़ती गर्मी एवं हीटवेव को देखते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी बागपत ने विशेष राहत अभियान चलाया। अभियान के तहत ट्रैफिक पुलिस कर्मियों, कोतवाली बागपत, महिला थाना, नगर पंचायत कार्यालय अग्रवाल मंडी टटीरी, पुलिस चौकी टटीरी एवं आमजन को डफ्र पैकेट और 600 ठंडे डफ्र टेट्रा पैक वितरित किए गए। रेड क्रॉस सचिव अभिमन्यु गुप्ता ने कहा कि भीषण गर्मी में हीटवेव से बचाव के प्रति लोगों को जागरूक करना जरूरी है। रेड क्रॉस समिति लगातार जनहित के कार्य कर रही है और ऐसे अभियान



आगे भी जारी रहेंगे। कार्यक्रम में सभापति पंकज गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष डॉ. मयंक गोयल, कार्य समिति सदस्य दीपक गोयल, शुभम गोयल, एडवोकेट विपिन गुप्ता आदि मौजूद रहे। सभी ने पुलिस कर्मियों व आमजन को डफ्र वितरित कर गर्मी से बचाव के उपाय बताए।

# संयुक्त पत्रकार महासभा बागपत की नई कार्यकारिणी घोषित, मोहम्मद साजिद बने जिला अध्यक्ष

## राष्ट्रीय अध्यक्ष सरताज अहमद ने 11 पदाधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी, पत्रकार हितों की लड़ाई मजबूत करने का संकल्प

**समाज जागरण**

बागपत। संयुक्त पत्रकार महासभा ने बागपत जनपद में संगठन विस्तार करते हुए नई जिला एवं तहसील कार्यकारिणी की घोषणा की। राष्ट्रीय अध्यक्ष सरताज अहमद ने 11 पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी। घोषित टीम में मोहम्मद साजिद को जिला अध्यक्ष, सालिम को जिला उपाध्यक्ष, ओम दत्त शर्मा को जिला संरक्षक, इसरार को जिला महासचिव, नितिन चौहान व नदीम कुरैशी को जिला सचिव, गुलजार अली को जिला संगठन मंत्री, विजेंद्र सिंह को जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अनिल कुमार को तहसील अध्यक्ष, नितिन पांचाल को तहसील उपाध्यक्ष और मुशीर खान को जिला मीडिया प्रभारी बनाया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष सरताज अहमद ने कहा कि नई टीम संगठन को मजबूती देगी। संगठन पत्रकारों के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों की लड़ाई मजबूती से लड़ेगा। किसी भी पत्रकार के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं होगा। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष मोहम्मद साजिद सहित पूरी टीम ने भरोसा दिलाया कि संगठन को जनपद में मजबूत करने, अधिक से अधिक पत्रकारों को जोड़ने और हर समस्या में उनके साथ खड़े रहने का काम पूरी ईमानदारी से किया जाएगा।

# सेंट आर वी कॉन्वेंट स्कूल में हुआ भव्य सम्मान समारोह का आयोजन

**समाज जागरण**

बागपत। सेंट आर वी कॉन्वेंट स्कूल बडौत में भाजपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष नीरज शर्मा के सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य रूप से समाजसेवी अनुराग जैन, निदेशक प्रथम जैन (एडवोकेट), चेयरपर्सन चारू जैन एवं प्रधानाचार्य पंकज शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति से अमित राणा (पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, बड़ौत), संजीव राणा जिला उपाध्यक्ष, शिवेंद्र शर्मा जिला उपाध्यक्ष, एडवोकेट अंकित जिला मंत्री राजन जैन जिला मंत्री, दीपक भारती जिला मंत्री, चिराग जैन कार्यालय प्रभारी आशीष जिला सह सोशल मीडिया प्रभारी आदि सभी अतिथियों ने नीरज शर्मा को उनके नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी। इसके बाद अनुराग जैन ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष नीरज शर्मा को ससम्मान माल्यार्पण व पटका पहनाते हुए स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। अमित राणा को माल्यार्पण और पटका पहनाकर निदेशक प्रथम जैन (एडवोकेट) ने



सम्मानित किया। बागपत जिला उपाध्यक्ष संजीव राणा और शिवेंद्र शर्मा को वनस्थली पब्लिक स्कूल के निदेशक हर्षित जैन ने माला पहनाकर सम्मानित किया। जिला मंत्री राजन जैन तथा दीपक भारती को पटका ओर माला पहनाकर वर्धमान ज्वैलर्स से वैभव जैन ने सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्होंने सभी उपस्थित अतिथियों का मन मोह लिया। ईशान नागपाल, विजय, कपिल, आकाशदीप, आकाश त्यागी, अंकुर चौधरी, सीमान मिर्जा, इमरान खान , प्रियांशु भारद्वाज , नमन जैन , सागर गर्ग , आशीष जैन , वंदना मलिक, दीपा दांगी, बेबी आर्या, पायल तोमर , वंदना बिंदल, दीपा तोमर , बेबी तोमर, अंजना, आँचल जैन, शालिनी, सुशीला वर्मा, सुषमा शर्मा, निशा नैन, आरती चौधरी, रूपल सैनी, वर्षा, तनु मलिक, संजू चौधरी, पिंकी जैन, आस्था शर्मा, रश्मि तोमर, प्रिन्सी जैन, शांकुतला जैन, हरलीन कौर, जसलीन कौर, रीना गोस्वामी, नेहा तोमर आदि शिक्षकों का सहयोग भी सराहनीय रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य पंकज शर्मा ने की एवं कार्यक्रम का संचालन युवा भाजपा नेता सत्यव्रत आर्य ने किया।

# राज्य मंत्री हंसराज विश्वकर्मा, विधायक डॉ0 सुनील पटेल ने सड़कों का किया शिलान्यास

## 6.9 करोड़ लागत की लागत से 20 सड़कों का हुआ शिलान्यास।

**समाज जागरण**

वाराणसी। राज्यमंत्री ,सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम उ0प्र0 सरकार व विधायक रोहनियां डॉ0 सुनील पटेल ने मुख्यमंत्री नगरीय अल्प विकसित एवं मलिन बस्ती विकास योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में 387रोहनिया विधानसभा वाराणसी क्षेत्र के वार्डों में स्वीकृत लगभग रु 6.90 करोड़ की लागत के 20 नग इंटरलॉकिंग/सी.सी. रोड के नव निर्माण कार्यों का शिलान्यास सूजाबाद-डोमरी वार्ड के प्रकाश वाटिका सूजाबाद 48.55 लाख की लागत से 4 कार्यों का शिलान्यास, सीर गोवर्धनपुर वार्ड के काशीपुरम कॉलोनी राम इकबाल के मकान से काशीपुरम कॉलोनी तक लगभग 120.41 लाख की लागत से 790 मीटर का सी°सी° रोड निर्माण कार्य का शिलान्यास, सुसुवाही वार्ड के सत्संग विहार कॉलोनी कोमल निवास से गीता भारती के मकान तक लगभग 17.03 लाख की लागत से 170 मीटर का सी°सी° रोड निर्माण कार्य का शिलान्यास, मण्डुआडीह वार्ड नं° 6 के मानिकपुर वाराणसी में बाबू जी के मकान से राजकीय कन्या



विद्यालय तक लगभग 14.64 लाख की लागत से 150 मीटर तथा जटाशंकर के मकान से सदानंद पटेल के मकान तक लगभग 3.09 लाख की लागत से 50 मीटर का सी°सी° रोड निर्माण कार्य का शिलान्यास माननीय श्री हंसराज विश्वकर्मा, राज्य मंत्री, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम (उ.प्र. सरकार) एवं डॉ सुनील पटेल, माननीय विधायक रोहनिया के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ।

उक्त अवसर पर पार्षद सुशीला पटेल, पार्षद प्रतिनिधि गोपाल जी पटेल, पार्षद सुरेश पटेल जी, पार्षद प्रतिनिधि श्री राम सिंह,(कल्लू पहलवान ), पार्षद प्रतिनिधि अजय कुमार बिंद, पार्षद प्रतिनिधि महेंद्र पटेल, पार्षद प्रतिनिधि प्रकाश पटेल (मल्लू जी), पार्षद रविंद्र सोनकर, मनोनीत पार्षद कमलेश पाल, जयप्रकाश सिंह( अध्यक्ष कर्दमेश्वर मंडल), जितेंद्र केशरी व मिलन मौर्य (जिला प्रतिनिधि), प्रदीप प्रजापति (मंडल अध्यक्ष रोहनिया),सुधीर प्रजापति(राजू), पूर्व मंडल अध्यक्ष, अजय विश्वकर्मा, अजीत पटेल, (राष्ट्रीय महासचिव अपना दल), विनय कुमार पटेल, (जिला उपाध्यक्ष अपना दल) श्यामबली पटेल (जिला महासचिव अपना दल) , अजीत यादव मीडिया प्रभारी, बिहारी पटेल (बूथ मंत्री), सतीश विश्वकर्मा के गरिमामयी उपस्थिति में किया गया तथा शहरी आवास योजनांतर्गत पात्र लाभार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किया गया।

# सिलीगुड़ी में आयोजित 19वें रोजगार मेले में 82 युवाओं को मिला नियुक्ति पत्र

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आज देशभर के 47 स्थानों पर आयोजित 19वें रोजगार मेले के अंतर्गत सिलीगुड़ी में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में माननीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री, भारत सरकार श्री कमलेश पासवान ने नव-नियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए तथा उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

सिलीगुड़ी में आयोजित इस रोजगार मेले में कुल 82 अभ्यर्थियों को केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इनमें भारत सरकार के भारतीय रेल, डाक विभाग, रक्षा विभाग, वित्तीय सेवा विभाग तथा भारतीय खाद्य निगम के पद शामिल हैं। देशभर में आयोजित इस रोजगार मेले के माध्यम से 51 हजार से अधिक युवाओं को केंद्र सरकार की सेवाओं से जुड़ने का अवसर प्राप्त हुआ। इस अवसर पर श्री कमलेश पासवान ने कहा कि रोजगार मेला केवल नियुक्ति वितरण का कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश के युवाओं के सपनों, प्रतिभा और राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी का उत्सव है।

# भाकियू अखंड की बैठक में संगठन विस्तार पर चर्चा, कई नए सदस्यों ने ली सदस्यता

## हर वार्ड और गांव में अध्यक्ष नियुक्त कर संगठन को मजबूत करने का लक्ष्य, दिलशाद खान बोले- किसानों की आवाज बुलंद करेंगे

**समाज जागरण**

बागपत। भारतीय किसान यूनियन अखंड की एक महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार शाम 4:30 बजे जिला कार्यालय पर हुई। बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी महेश कसाना के नेतृत्व व जिलाध्यक्ष धीरेंद्र कसाना के आदेश पर जिला संगठन मंत्री दिलशाद खान की देखरेख में हुई। अध्यक्षता वार्ड नंबर 22 के वार्ड अध्यक्ष कलीम खान ने की। बैठक में संगठन को नगर एवं ग्रामीण स्तर पर मजबूत करने, नए साथियों को जोड़ने तथा किसानों व आम जनता की समस्याओं को मजबूती से उठाने पर चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने कहा कि लक्ष्य है नगर के प्रत्येक वार्ड में वार्ड अध्यक्ष और प्रत्येक गांव में ग्राम अध्यक्ष नियुक्त कर संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करना।



संगठन लगातार नए युवाओं व समाजसेवियों को जोड़ रहा है। इस दौरान असलम खान, इरफान, इमरान अली, मुर्सलिम खान, बिलाल, अनीश, अशफाक खान एवं इकबाल चचा सहित कई नए साथियों ने भाकियू अखंड की सदस्यता ली। बैठक में कार्यालय प्रभारी वाजिद खान, वार्ड अध्यक्ष जीशान खान, वार्ड अध्यक्ष राहुप खान, अयूब ठेकेदार, शौकीन, अफजल खान, रहीम खान, इमरान, नदीम राणा, फहीम खान समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। संगठन ने बताया कि नगर या ग्रामीण क्षेत्र से जुड़ने के इच्छुक लोग जिला संगठन मंत्री दिलशाद खान से संपर्क कर सकते हैं।

# बगीची मंदिर में जनकल्याण के लिए सभी ने की विधानपूर्वक पूजा-अर्चना

**समाज जागरण**

बागपत। नगर के लंगड़े बाबा की बगीची मंदिर में पुरुषोत्तम मास में चल रहे दशमहाविद्या एवं विष्णु महायज्ञ के सप्तम दिवस भी श्रद्धालुओ की काफी भीड उमड़ी। परम पूज्य गुरुदेव आचार्य मनोज जोशी जी के सानिध्य में आचार्य के द्वारा जनकल्याण के लिए यज्ञ किया गया। इसमें यज्ञमान राकेश कौशिक राजीव कौशिक बागपत राजीव खन्ना दिल्ली संदीप पोख्याल दिल्ली कैलाश चंद्र जोशी उत्तराखंड करण लाखेड़ा दिल्ली सार्थक जोशी पौड़ी गढ़वाल द्वारा दशमहाविद्या व भगवान विष्णु एवं समस्त देवी देवताओं का पूजन अनुष्ठान किया। उसके उपरांत शाम के समय मठाधीश आचार्य प्रशांत भारद्वाज जी द्वारा सभी भक्तों



को गुरु का महत्व बताया गया। बताया कि गुरु बिन ज्ञान नहीं और गुरु बिन गति नहीं। उन्होंने गुरु के बहुत अच्छे-अच्छे प्रसंग व महिमा भक्तों को सुनाई। उसके बाद बाबा लंगड़े की बगीची का महत्व व तन, मन व धन से की गई भक्ति के बारे में श्रद्धालुओं को विस्तार से बताया। इस मौके पर शिवकुमार शर्मा मनोज गोयल नरेश गुप्ता आकाश उपाध्याय नितिन उपाध्याय नरेंद्र गुर्जर सुशांत बादी पवन उपाध्याय यश शर्मा बॉबी चौहान व अन्य भक्तजन उपस्थित रहे।

# बंदरों के हमले में महिला की मौत, परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

**गरीब मजदूर परिवार की खुशियां उजड़ीं, ग्रामीणों ने प्रशासन से लगाई मदद की गुहार**

**समाज जागरण**

**कांधला।(फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र के गांव रामपुर खेड़ी में बंदरों के आतंक ने एक गरीब परिवार की खुशियां उजाड़ दीं। घर के बाहर गोबर डाल रही महिला पर बंदरों के झुंड ने अचानक हमला बोल दिया। हमले में महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई, जबकि मृतका के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से बंदरों के आतंक पर अंकुश लगाने और पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है। शनिवार को क्षेत्र के गांव रामपुर खेड़ी निवासी पिंकेश (40) पत्नी मिंटू अपने घर के बाहर रोजाना की तरह गोबर डालने का कार्य कर रही थी। इसी दौरान बंदरों का एक झुंड वहां पहुंच गया। अचानक बंदरों ने महिला को घेर लिया और हमला कर दिया। बंदरों के हमले से महिला बुरी तरह घायल होकर जमीन पर गिर पड़ी। महिला की चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीण मौके



की ओर दौड़े और किसी तरह बंदरों को भगाया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।सूचना मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। मृतका के बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी घटना के बाद मातम पसरा हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। कई बार बंदर बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों पर हमला कर चुके हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।बताया गया है कि मृतका पिंकेश बेहद गरीब परिवार से थी। उसका पति मिंटू भट्टे पर मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता है। परिवार की आर्थिक स्थिति पहले से ही कमजोर है। मृतका की बड़ी बेटी रूपा की शादी हो चुकी है, जबकि 16 वर्षीय बेटा अरविंद और 12 वर्षीय बेटा शिवा अभी पढ़ाई कर रहे हैं। मां की मौत के बाद दोनों बच्चों के सिर से ममता का साया उठ गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है।परिजनों व ग्रामीणों ने गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया है.

# सीडीएस पब्लिक स्कूल में लगाया गया निशुल्क चिकित्सा कैंप

**समाज जागरण**

बागपत। सी डी एस पब्लिक स्कूल हसनपुर मसूरी में किसान मसीहा एवं भारत के भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पखवाड़े के अंतर्गत रामा मेडिकल हॉस्पिटल बागपत के तत्वाधान में निशुल्क चिकित्सा




कैंप लगाया गया। जिसमें डॉक्टर मुकेश की टीम के द्वारा सैकड़ो मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर उन्हें निशुल्क दवाइयां वितरित की गई। साथ ही 70 वर्ष से ऊपर की आयु के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाये गए। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य संत कुमार धामा जिला महासचिव राष्ट्रीय लोकदल देवेंद्र धामा जिला सचिव राष्ट्रीय लोकदल बागपत एवं विद्यालय के अध्यापक ईश्वर चौधरी सत्येंद्र शर्मा अलका मीनाक्षी शर्मा श्वेता अमरदीप धामा आदि अध्यापक मौजूद रहे।

# माधव सरस्वती विद्या मंदिर में समर कैंप के दौरान बच्चों ने सीखा डांस

**समाज जागरण**

बागपत। माधव सरस्वती विद्या मंदिर सुभानपुर में आयोजित समर कैंप में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों का आनंद लिया। कैंप के दौरान बच्चों के लिए



खेलकूद, योग, चित्रकला, संगीत, नृत्य, हस्तकला एवं वैदिक गणित जैसी गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिससे बच्चों की प्रतिभा निखरकर सामने आई। विद्यालय के आचार्यों ने बताया कि इस प्रकार के समर कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कैंप में विद्यार्थियों ने अनुशासन, सहयोग एवं टीम भावना का भी अभ्यास किया। विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताओं में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय परिवार ने सभी अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास हेतु ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

# बड़ौत में होने जा रहे सनातन शंखनाद की तैयारियां पूर्ण : डॉ दीपक गौतम

**समाज जागरण**

बागपत। सुप्रसिद्ध समाज सेवी डॉ दीपक गौतम ने बताया श्री सनातन धर्म प्रचारिणी महासभा एवं विश्व हिंदू महासंघ युवा के द्वारा सनातन जागृति हेतु किए जा रहे सनातन जागृति शंखनाद की तैयारिया लगभग पूर्ण हो चुकी है।



बताया कि यह कार्यक्रम बडौत के विहर्ष सभागार में 24 मई को सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा, जिसकी अध्यक्षता विश्व हिंदू महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत सुरेंद्रनाथ अवधूत करेंगे। मुख्य वक्ता के रूप में पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ प्रखर वक्ता हिंदू विचारक आ रहे हैं। मुख्य अतिथि के रूप में श्री कृष्ण जन्मभूमि मथुरा के सचिव कपिल शर्मा रहेंगे। कार्यक्रम की तैयारी के लिए विश्व हिंदू महासभा युवा की टीम जिला अध्यक्ष वैभव राजपूत के नेतृत्व में लगी हुई है तथा श्री सनातन धर्म प्रचारिणी महासभा के अध्यक्ष ब्रह्म सिंह गोयल भी तैयारी को देख रहे हैं। कार्यक्रम की तैयारी में अनुपम राजपूत डॉ कमलदीप जिंदल डॉ दिव्या उज्जवल दीपक कुमार जैन डॉक्टर रमेश चंद्र वशिष्ठ मंसाराम गर्ग शेखर वर्मा मीनाक्षी सिसोदिया योगेश लखेरा आदि कार्यकर्ता जोश के साथ लगे हुए है।

# प्रधानमंत्री ने 19वें रोजगार मेले में 51 हजार से अधिक युवाओं को बांटे नियुक्ति पत्र

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज वर्चुअल माध्यम से 19वें रोजगार मेले को संबोधित किया और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देशभर में भर्ती हुए 51,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। देशभर में एक साथ 47 स्थानों पर आयोजित रोजगार मेला भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है जिसका उद्देश्य रोजगार सृजन में तेजी लाना और नागरिक-केंद्रित शासन को मजबूत करना है। नव नियुक्त उम्मीदवारों ने रेलवे, इसरो, गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग और उच्च शिक्षा विभाग सहित प्रमुख मंत्रालयों और विभागों में कार्यभार संभाला। 19वें रोजगार मेले के अंतर्गत हुई नियुक्तियों में से 50 प्रतिशत से अधिक नियुक्तियां भारतीय रेलवे के बढ़ते क्षेत्रों के लिए समर्पित थीं।

नव नियुक्त युवाओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने उन्हें और उनके परिवारों को बधाई दी और इस अवसर को हजारों परिवारों के जीवन में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि नव नियुक्त युवा राष्ट्र के विकास पथ में जिम्मेदार और महत्वपूर्ण भागीदार बन रहे हैं और '2047 तक विकसित भारत' के सपने को साकार करने में अहम भूमिका निभाएंगे। समर्पित लोक सेवा के महत्व पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने नियुक्त युवाओं को याद दिलाया कि सरकारी नौकरी को केवल एक पद के रूप में नहीं, बल्कि नागरिकों के जीवन को सरल बनाने और राष्ट्रीय प्रगति में सार्थक योगदान देने के अवसर के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्होंने उनसे "नागरिक देवो भव" के मार्गदर्शक सिद्धांत का पालन करने का आग्रह किया और इस बात पर बल दिया कि नागरिक कल्याण शासन के केंद्र में होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा और भारतीय युवाओं की क्षमताओं तथा देश की तकनीकी प्रगति में बढ़ते अंतरराष्ट्रीय विश्वास पर प्रकाश डाला। नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे, संयुक्त अरब अमीरात और इटली की अपनी हालिया पांच देशों की यात्रा के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सेमीकंडक्टर जैसे उभरते क्षेत्रों में विकास सहित प्रत्येक नया निवेश और प्रौद्योगिकी साझेदारी, भारत के युवाओं के लिए महत्वपूर्ण अवसर पैदा कर रही है और देश के नवाचार इकोसिस्टम को सुदृढ़ कर रही है। भारत में उद्यमशीलता की बढ़ती गति पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में आज 23.30 लाख से अधिक मान्यता प्राप्त स्टार्टअप हैं, और द्वितीय और तृतीय स्तरीय शहरों में नवाचार तेजी से फल-फूल रहा है। उन्होंने विशेष रूप से महिला उद्यमियों के योगदान की प्रशंसा की और कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण, स्वच्छ प्रौद्योगिकियों, हरित हाइड्रोजन और अवसंरचना विकास में निवेश से रोजगार और क्षेत्रीय आर्थिक विकास के नए अवसर खुल रहे हैं। नव नियुक्त अधिकारियों को अपनी क्षमताओं को निरंतर उन्नत करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए, उन्होंने उनसे कर्मयोगी जैसे प्लेटफार्मों का प्रभावी ढंग से उपयोग करने का आग्रह किया ताकि वे शासन की बदलती जरूरतों के अनुरूप ढल सकें और सार्वजनिक सेवा वितरण में सार्थक योगदान दे सकें। अहमदाबाद में आयोजित कार्यक्रम में भारत सरकार की युवा मामले एवं खेल राज्य मंत्री श्रीमती रक्षा खडसे; गुजरात सरकार के जल आपूर्ति, जल संसाधन, खाद्य, नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले, पशुपालन एवं ग्रामीण आवास मंत्री श्री कुंवरजी बावलिया; और गुजरात सरकार की शहरी विकास एवं आवास राज्य मंत्री श्रीमती दर्शना वाघेला ने भाग लिया।

इस कार्यक्रम में श्री नरहरि अमीन (राज्यसभा), श्री दिनेश मकवाना (लोकसभा), और श्री हसमुख पटेल (लोकसभा) सहित संसद सदस्य उपस्थित रहे, साथ ही गुजरात विधान सभा के सदस्य श्रीमती भी उपस्थित थे। कंचनबेन रादडिया, डॉ. हर्षदभाई पटेल, श्री हार्दिक पटेल, श्री बाबूसिंह जादव, श्री किरीटसिंह डाभी, श्री कनुभाई पटेल, श्री अल्पेश ठाकोर, श्री बाबूभाई पटेल, श्री कौशिकभाई जैन, श्री दिनेशसिंह कुशवाह, श्री अमूल भट्ट, श्री जगदीश विश्वकर्मा, श्री अमित शाह, श्री जीतेन्द्रकुमार पटेल और श्री अमित ठाकर। कार्यक्रम के दौरान अहमदाबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) समेत वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे।

नव नियुक्त उम्मीदवारों से बातचीत करते हुए श्रीमती रक्षा खडसे ने उन्हें बधाई दी और नव नियुक्त युवाओं को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर उन्होंने कहा कि भारत के युवा राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत हैं और उनकी पूरी क्षमता को निखारने के लिए उन्हें सही अवसर, कौशल और मंच प्रदान करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि रोजगार मेला केवल एक भर्ती पहल नहीं है, बल्कि प्रतिभाशाली युवाओं को सार्थक अवसरों से जोड़ने और कौशल एवं रोजगार के बीच संबंध को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण मंच है। श्रीमती खडसे ने बदलते रोजगार परिदृश्य, विशेष रूप से उभरते और प्रौद्योगिकी-आधारित क्षेत्रों में निरंतर सीखने और कौशल विकास के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने नव नियुक्त उम्मीदवारों को आत्मविश्वास, समर्पण और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता के साथ अपनी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए प्रोत्साहित किया और विश्वास व्यक्त किया कि सार्वजनिक सेवा में उनका योगदान विकसित भारत 2047 के सामूहिक दृष्टिकोण को और मजबूत करेगा।

अक्टूबर 2022 में शुरू होने के बाद से, रोजगार मेला पहल ने देश भर के युवाओं को लाखों नियुक्ति पत्र वितरित करने में मदद की है, जो रोजगार सृजन और युवा सशक्तिकरण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। यह 19वां रोजगार मेला युवा उम्मीदवारों को सार्वजनिक सेवा में योगदान देने और भारत के विकास में भाग लेने के अवसरों को विस्तारित करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।

# थाना समाधान दिवस में जन शिकायतों का किया अनुश्रवण

## - अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा- निर्देश

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**

जिलाधिकारी आलोक यादव व पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह ने थाना परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस में जन समस्याओं को सुनते हुए शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर अधिकारियों को करने के



निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने थाना समाधान दिवस में पहुंचे फरियादियों की शिकायतों को सुनकर उनके ससमय निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को मौका मुआयना कर गुणवत्तापूर्णढंग से निस्तारित करने के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा भूमि संबंधी मामलों के राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए गए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समाधान दिवस में पहुंचने वाले फरियादियों की समस्या के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना हो।इस अवसर पर एडिशनल एसपी सुमित शुक्ला, एसडीएम कैराना शिवाजी यादव, क्षेत्राधिकारी कैराना,कोतवाली प्रभारी सतीश कुमार सहित सभी संबंधित विभागीय अधिकारी आदि मौजूद रहें।

# युवती को चाकू दिखाकर जबरन बाइक पर बैठा कर लें जाने के प्रयास का आरोप

**समाज जागरण शामली।(फुरकान जंग)**

आदर्श मंडी थाना क्षेत्र में एक युवती को चाकू दिखाकर जबरन बाइक पर बैठाकर ले जाने के प्रयास का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।मुजफ्फरनगर जनपद के थाना भौंराकला क्षेत्र के गांव मुंडभर निवासी एक व्यक्ति ने आदर्श मंडी थाने में दी तहरीर में बताया कि उनकी बेटी 16 मई को सुबह करीब आठ बजे स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी। आरोप है कि गांव की ही युवती के साथ वह लोटस वैली रेस्टोरेंट के सामने रिक्शे का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान गांव निवासी अन्नु पुत्र बृजपाल वहां पहुंचा और कथित रूप से युवती को चाकू दिखाकर आतंकित करते हुए जबरन बाइक पर बैठा लिया। आरोप है कि आरोपी बाइक को तेज गति से मोड़कर फरार होने लगा, लेकिन कुछ दूरी पर बाइक रास्ते में कटे हुए पेड़ की जड़ से टकराकर गिर गई। इस दौरान युवती ने शोर मचा दिया। राहगीरों को आता देखकर आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़िता पक्ष का आरोप है कि आरोपी गांव से ही पीछा कर रहा था तथा उसने फोन पर अपने अन्य साथियों को लोकेशन भी दी थी। मामले में छोटा पुत्र बृजपाल समेत अन्य लोगों के नाम भी सामने आए हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# मजदूरी के रुपए मांगने पर आधा दर्जन लोगों ने दो भाईयों को पीटा

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) मजदूरी के रुपए मांगने गए एक युवक व उसके भाई को करीब आधा दर्जन लोगों ने हमला कर घायल कर दिया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी दशा गंभीर बनी हुई है। पीडितों ने मामले में चौसाना चौकी पुलिस पर शिकायत के बावजूद कोई कार्यवही न किए जाने का आरोप लगाया है।



चौसाना चौकी क्षेत्र के गांव अलीपुरा निवासी इस्तकार पुत्र गय्यूर व उसके भाई मामूर ने गुलफाम पुत्र अफसार के यहां करीब चार माह पूर्व मजदूरी का कार्य किया था। जिसमें दोनों भाईयों ने भूरा की ट्रालिंया भरी थी। दोनों भाईयों की मजदूरी करीब 30 हजार रुपए बकाया थी, जिसको अफसर ने बाद में देने के लिए कहा था। आरोप है कि गत शुक्रवार देर शाम जब वह दोनों मजदूरी के बकाया रुपए मांगने के लिए तो गुलफाम, रिजवान, शहजाद, फुरकान, काला शादाब, मारूफ ने दोनों भाईयों ने हमला बोल दिया। जिसमें दोनों भाईयों को गंभीर चोटे आई। पीडितों का आरोप है कि उन्होने मामले की सूचना चौसाना चौकी पुलिस को दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नही की। घायलों ने अपना जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराने के बाद एसपी से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है।

# अवैध संबंधों के शक में पति ने की पत्नी की बेरहमी से हत्या

## पहले फावड़े से किया हमला, फिर फांसी लगाकर उतारा मौत के घाट; शव गांव लाकर छिपाने का आरोप

**समाज जागरण कांधला। फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र के गाव खेडा खुर्तान मे अवैध संबंधों के शक में पति ने अपनी पत्नी की निर्मम हत्या खर दी।आरोप है कि आरोपी ने पहले पत्नी पर फावड़े से हमला किया और बाद में फांसी लगाकर उसकी हत्या कर दी। वारदात को जनपद बागपत स्थित ईंट भट्ठे पर अंजाम देने के बाद आरोपी शव को गांव लेकर पहुंचा और शव को छिपाने का प्रयास किया। सूचना मिलने पर पुलिस विभाग मे हड़कंप मच गया। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

शनिवार को पुलिस को सूचना मिली कि गांव खेड़ा कुर्तान में एक 35 वर्षीय इशरत नामक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार व सीओ हेमंत



कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने डॉग स्क्वाड और फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया। टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य और नमूने एकत्र किए। मृतका के मायके पक्ष ने बताया कि लगभग 15 वर्ष पूर्व इशरत ने आस मोहम्मद पुत्र इशहाक के साथ प्रेम विवाह किया था। विवाह के बाद से ही दोनों के बीच विवाद रहने लगा था। आरोपी शराब पीने का आदी था और अक्सर पत्नी के साथ मारपीट करता था। मायके पक्ष का कहना है कि आरोपी पत्नी को दहेज नहीं लाने का ताना देता था। बाद में मांग के अनुसार दहेज भी दिया गया, लेकिन इसके बावजूद प्रताड़ना जारी रही। परिजनों ने आरोप लगाया कि आरोपी ने योजनाबद्ध तरीके से इशरत की हत्या की है। मृतका पांच बच्चों की मां थी। घटना के बाद बच्चों और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ।एएसपी सुमित शुक्ला ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आस मोहम्मद अपनी पत्नी के साथ जनपद बागपत में एक ईंट भट्ठे पर काम करता था। वहीं पर पत्नी के अवैध संबंध होने के शक में दोनों के बीच विवाद हुआ। आरोप है कि देर रात आरोपी ने पहले पत्नी पर फावड़े से हमला किया और बाद में फांसी लगाकर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी ने अपने एक मित्र को पत्नी की तबीयत खराब होने का बहाना बनाकर बुलाया और शव को गांव खेड़ा कुरतान लेकर पहुंच गया।सुबह गांव में महिला की मौत की सूचना फैलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी पति को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एएसपी ने बताया कि मामले की सूचना जनपद बागपत पुलिस को भी दे दी गई है, ताकि घटनास्थल और वारदात से जुड़े तथ्यों की संयुक्त जांच की जा सके। और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

# विभिन्न समस्याओं को लेकर कांग्रेस कार्यकताओं ने डीएम के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) किसानों को खाद-बीज उपलब्ध कराने, नए राशन कार्ड जारी करने, सड़क निर्माण, सफाई व्यवस्था एवं गरीबों को सरकारी आवास दिलाने समेत विभिन्न समस्याओं को लेकर शनिवार को कांग्रेस कार्यकताओं ने तहसीलदार ऊन ललिता चौधरी से मुलाकात की। इस दौरान कार्यकताओं ने छह सूत्रीय मांगों को लेकर डीएम के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा।

कांग्रेस नेता अशवनी शर्मा के नेतृत्व में ऊन तहसील पहुंचे कार्यकताओं ने जनसमस्याओं के समाधान की मांग उठाई। ज्ञापन में कहा गया कि धान की रोपाई का समय चल रहा है, लेकिन किसानों को समय पर



खाद-बीज उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। किसान घंटों लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करने को मजबूर हैं। उन्होंने भाजपा सरकार पर किसानों की समस्याओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया। ज्ञापन में जनपद की जर्जर सड़कों, जल निकासी एवं सफाई व्यवस्था की समस्याओं को भी उठाया गया। बताया गया कि अधिकांश गांवों की सड़कों पर गंदा पानी भरा रहता है, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऊदपुर से नाईनंगला जाटान तक करीब चार किलोमीटर लंबी सड़क के पिछले दस वर्षों से न बनने का मुद्दा भी उठाया गया। आरोप लगाया गया कि चार वर्ष पहले मंडी समिति द्वारा सड़क उखाड़ दी गई थी, लेकिन अब तक उसका निर्माण नहीं कराया गया। युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष सुबोध कोरी ने ऊन तहसील के आपूर्ति विभाग में कर्मचारियों के रवैये पर नाराजगी जताते हुए कहा कि नए राशन कार्ड बनवाने के लिए लोगों को कई बार तहसील के चक्कर काटने पड़ते हैं। वहीं अनुराग अत्रि ने बिडोली स्थित भगवान परशुराम चौक पर फैली गंदगी एवं अतिक्रमण हटवाने की मांग की। मौके पर देशबंधु बिंदल, अशवनी शर्मा, सुबोध कोरी, अनुराग अत्रि, अजीत शर्मा, मुकेश कोरी, राजीव कुमार, कामता देवी, नासिर मौजूद रहे।

# स्कूली वैन में कार ने मारी टक्कर, तीन बच्चों सहित टीचर घायल

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) क्षेत्र के बधेव बाईपास पर सवेरे बच्चों को स्कूल ले जा रही स्कूली वैन में तेज रफ्तार कार चालक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतना भीषण थी कि स्कूली वैन ने कई पलटे खाये और उसमें सवार एक ही परिवार के तीन बच्चों सहित एक स्कूली टीचर घायल हुआ है। घायलों को ग्रामीणों की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां अभिभावकों ने वैन चालक पर लापरवाही बरते जाने का आरोप लगाते हुए प्रबंधक के खिलाफ हंगामा किया।

शनिवार सवेरे करीब 7 बजे शहर के सेंट आरसी कांवेट स्कूल की वैन क्षेत्र के गांव लपराना से स्कूल की टीचर पीटीआई पूजा को लेकर क्षेत्र के गांव बधेव पहुंची, जहां से एक ही परिवार के दो सगे भाई बहन कक्षा 6 के विराट देशवाल और छोटी





बहन कक्षा 4 की सानवी देशवाल तथा कक्षा 12 की चचेरी बहन दीशा देशवाल को लेकर वापस स्कूल के निकली। बताया जाता है कि जब स्कूली वैन का ड्राईवर अक्षय निवासी भैंसवाल बधेव बाईपास पर पहुंचा तो उसने तेजी से बिना इधर उधर देखे बच्चों से भरी वैन को बाईपास से निकालने का प्रयास किया, लेकिन तभी हरियाणा की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार चालक ने वैन में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वैन हाईवे पर कई पलटे खाते हुए पलट गई। हादसे की सूचना पाकर गांव के दर्जनों लोग मौके पर पहुंची और घायल बच्चों को वैन से निकालकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां सभी बच्चों को गंभीर चोटे आने के कारण जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। वही सूचना पाकर स्कूल प्रबंकधक मीनू संगल भी मौके पर पहुंच गई और बच्चों की जानकारी ली। इस दौरान अभिभावकों ने स्कूल वैन चालकों पर लापरवाही से वाहन चलाने का आरोप लगाते हुए हंगामा भी किया। अभिभावकों ने उक्त बताया कि उक्त ड्राईवर 4 से 5 दिन पहले ही उक्त रूट के लिए रखा गया है, जबकि पहले कोई ओर ड्राईवर आता था। शायद उक्त ड्राईवर की दूसरे रूट से शिकायते मिल रही थी। उन्होने स्कूल प्रशासन से मामले की जांच कराकर कार्यवाही करने की मांग की है।

# बीएसएम स्कूल में पेरेंट्स-टीचर मीटिंग का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग)शनिवार को शहर के बीएसएम स्कूल में पेरेंट्स-टीचर मीटिंग का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के लिए मनोरंजक, रचनात्मक और ज्ञानवर्धक गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनमें सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में बच्चों एवं अभिभावकों के लिए विभिन्न रोचक गेम्स आयोजित किए गए। प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाते हुए कार्यक्रम का आनंद उठाया। इन गतिविधियों से अभिभावकों और बच्चों के बीच आपसी जुड़ाव भी मजबूत हुआ। विद्यालय में योग एवं टाई एंड डाई की विशेष प्रशिक्षण कक्षाओं का भी आयोजन किया गया। योग प्रशिक्षण अध्यापक कार्तिक चौहान ने दिया। उन्होंने योगासन, प्राणायाम एवं स्वास्थ्यवर्धक अभ्यासों की जानकारी देते हुए सभी को अभ्यास कराया। प्रतिभागियों ने योग को शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए लाभकारी बताया।



वहीं टाई एंड डाई कला का प्रशिक्षण अध्यापिका इंदू नामदेव एवं दीपमाला पंवार द्वारा दिया गया। इस दौरान बच्चों एवं अभिभावकों को रंगों के संयोजन, रचनात्मक डिजाइन एवं कपड़ों पर आकर्षक कलाकृतियां बनाने की विधियां सिखाई गईं। प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त विद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय समर कैंप प्रशिक्षण के समापन पर प्रदर्शनी लगाई गई। इसमें विद्यार्थियों ने नॉन-फायर कुकिंग, संगीत, टेक्नोलॉजी, पर्सनालिटी डेवलपमेंट, ताइक्वांडो, फुटबॉल समेत विभिन्न गतिविधियों से संबंधित प्रोजेक्ट्स, तकनीकी मॉडल, कलाकृतियां एवं व्यंजन प्रस्तुत किए। मौके पर प्रधानाचार्य राहुल चौधरी, मैनेजर छाया सिंह, चेयरमैन सूर्यवीर सिंह एवं उप-प्रधानाचार्य आशु पंडित मौजूद रहे।

# निजी नलकूपों पर रखे ट्रांसफार्मरों को निशाना बनाकर चोरी

**समाज जागरण शामली।(फुरकान जंग)**

जिले के आदर्श मंडी और बाबरी थाना क्षेत्रों में किसानों के निजी नलकूपों पर रखे ट्रांसफार्मरों को निशाना बनाकर चोरों ने विद्युत सामग्री चोरी कर ली। लगातार हुई इन घटनाओं से क्षेत्र की बिजली आपूर्ति प्रभावित हो गई, जबकि विद्युत विभाग को करीब साढ़े चार लाख रुपये की आर्थिक क्षति पहुंची है। विभाग की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

33/11 केवी उपकेंद्र करौंदा हाथी पर तैनात अवर अभियंता श्रीनिवास ने बताया कि 21 मई की सुबह सूचना मिली थी कि ग्राम सिक्का और कैड़ी के जंगलों में निजी नलकूपों पर लगे ट्रांसफार्मरों से चोरी की घटनाएं हुई हैं। सूचना पर वह संविदाकर्मी राहुल कुमार के साथ मौके पर पहुंचे।

जांच में पता चला कि आदर्श मंडी थाना क्षेत्र में 33/11 केवी उपकेंद्र करौंदा हाथी से पोषित 11 केवी जलालपुर कृषि फीडर के अंतर्गत हरी सिंह पुत्र भगवाना निवासी गायड़ी बन्तीखेड़ा के निजी नलकूप पर स्थापित 25 केवीए ट्रांसफार्मर तथा रामचंद्र पुत्र रघुवीर निवासी बन्तीखेड़ा के नलकूप पर लगे 63 केवीए ट्रांसफार्मर को 20-21 मई की रात चोरों ने निशाना बनाया। चोर ट्रांसफार्मरों के अंदर से कॉयल व तेल समेत अन्य विद्युत सामग्री चोरी कर ले गए। मौके पर ट्रांसफार्मरों के खाली टैंक पड़े मिले। इस घटना से विभाग को करीब ढाई लाख रुपये की क्षति हुई है। वहीं बाबरी थाना क्षेत्र के गांव कैड़ी के जंगल में स्थित स्वर्गीय भंवर सिंह पुत्र रिशाल सिंह निवासी बन्तीखेड़ा के निजी नलकूप पर लगे 63 केवीए ट्रांसफार्मर से भी चोर कॉयल, कोर और तेल चोरी कर ले गए। यहां भी ट्रांसफार्मर का खाली टैंक मौके पर पड़ा मिला। इस चोरी से विद्युत विभाग को करीब दो लाख रुपये का नुकसान हुआ है। दोनों घटनाओं के चलते संबंधित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई है, जिससे किसानों और उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विद्युत विभाग ने दोनों मामलों में विद्युत अधिनियम की धारा 136 के तहत कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# हलवाई एवं कैटरिंग संगठन के तत्वावधान में बैठक का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शहर के करनाल रोड स्थित एमएस फार्म के हॉल में बैंक्वेट, हलवाई एवं कैटरिंग संगठन के तत्वावधान में बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर एवं आसपास के गांवों से पहुंचे बैंक्वेट मालिकों, हलवाइयों और कैटरिंग संचालकों ने शादी-विवाह समारोहों में भोजन व्यवस्था





के लिए समय सीमा निर्धारित करने पर सहमति जताई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दिन में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में भोजन का समय दोपहर 3:30 बजे तक रहेगा, जबकि रात्रि कार्यक्रमों में भोजन वितरण की समय सीमा रात 12:30 बजे तक निर्धारित की गई है। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि इस निर्णय से कार्यक्रमों का संचालन व्यवस्थित ढंग से हो सकेगा तथा अनावश्यक अव्यवस्था से बचाव होगा। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने तय समय सीमा का पालन करने पर सहमति व्यक्त की। इस दौरान रमेश चंद सोनी, राजेंद्र, समय सिंह, रामभरोसे, राधेश्याम शास्त्री, पुष्पेंद्र, उत्तम नामदेव, अभिनव निर्वाल, अनुज सोनी, नीरज, रजनीश नामदेव, विकास, डॉ. गौरव एवं राजेश बजाज मौजूद रहे।

# बाइकों की भिड़ंत में एक युवक की मौत, दो गंभीर

## -नाहिद कॉलोनी के निकट हुआ हादसा, दोनों घायल रेफर

## -छह माह पूर्व ही हुई थी मृतक की शादी, परिजनों में कोहराम

**समाज जागरण**

कैराना।(फुरकान जंग)नाहिद कॉलोनी के निकट दो बाइकों की भिड़ंत में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरी बाइक पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

सहारनपुर जनपद के थाना गंगोह क्षेत्र के गांव खानपुर निवासी मुजम्मिल (26) की शादी नवंबर 2025 में कैराना के मोहल्ला आलकलां में हुई थी। शनिवार को वह बाइक से अपनी ससुराल आ रहा था। दोपहर करीब 12 बजे जब वह कोतवाली क्षेत्र में झिंझाना रोड पर नाहिद कॉलोनी के निकट पहुंचा, तभी उसकी बाइक की दूसरी बाइक से जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि मुजम्मिल उछलकर सड़क किनारे खड़े विद्युत पोल से जा टकराया। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, दूसरी बाइक पर सवार फरमान व फरयान निवासी गांव साल्हापुर थाना झिंझाना गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सकों ने मुजम्मिल को मृत घोषित कर दिया। वहीं, दोनों घायलों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें निजी अस्पताल से रेफर कर दिया गया। हादसे की सूचना पर पुलिस भी सीएचसी पहुंची और जानकारी ली। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उधर, हादसे से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# बिजली आपूर्ति की समस्या को लेकर विधुत विभाग के अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शहर में बिजली आपूर्ति की समस्या, जर्जर विद्युत लाइनों और विभागीय लापरवाही को लेकर सभासद निशिकांत संगल के नेतृत्व में नागरिकों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में शहरवासियों को निर्धारित समय से कम बिजली मिलने तथा विभिन्न मोहल्लों में विद्युत व्यवस्थाओं की बदहाली का मुद्दा उठाया गया।

सभासद निशिकांत संगल ने प्रबंध निदेशक विक्टोरिया पार्क मेरठ एवं अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड द्वितीय शामली को संबोधित ज्ञापन उपखंड अधिकारी विद्युत वितरण उपखंड प्रथम शामली को सौंपा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश में 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति के निर्देश दिए गए हैं, लेकिन शामली शहर में उपभोक्ताओं को मात्र 15 से 16 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। ज्ञापन में मोहल्ला धर्मपुरा में





नीचे झूल रहे विद्युत तारों को हादसे का कारण बताते हुए तत्काल ठीक कराने की मांग की गई। बताया गया कि कई बार शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ है। वहीं मोहल्ला बरखंडी में नए ट्रांसफार्मर और नई लाइन बिछाने का कार्य अधूरा होने का आरोप लगाया गया। इसके अलावा बड़े बाजार क्षेत्र में अजुध्या चौक से हलवाई हट्टा होते हुए पत्थरों वाली हवेली तक एबीसी केबिल न डाले जाने, गुजरातियान मोहल्ले में जर्जर विद्युत पोलों में आग लगने तथा नीचे लटक रही एबीसी केबिल को लेकर भी चिंता जताई गई। ज्ञापन में संबंधित जेई पर फोन न उठाने का आरोप लगाते हुए कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए गए। मांग की कि संविदा, ठेका एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों को बिजली आपूर्ति में दी जा रही कथित छूट की जांच कराई जाए। साथ ही पूर्व में तैनात रहे जेई सौरभ कुमार और अनिल पटेल को दोबारा शामली में नियुक्त करने की मांग भी उठाई गई। इस अवसर पर कुलभूषण खुराना, विकास शांडिल्य, जीवतेश शर्मा, सुमित उपाध्याय, संजय उपाध्याय, सोनू शर्मा, सतेंद्र नारायण, सुशील चावला, पारस बंसल,राकेश, नैयर, जोनी चौहान, कपिल शर्मा आदि मौजूद रहे।

# अचानक बदला मौसम का मिजाज, तेज आंधी से यातायात प्रभावित

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शनिवार दोपहर अचानक मौसम का मिजाज बदलने से तेज आंधी चलने लगी, जिससे जनजीवन प्रभावित हो गया। आंधी के साथ सड़कों पर धूल का गुबार छा गया, जिसके कारण वाहन चालकों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर पेड़ों की टहनियां टूटकर सड़कों और हाईवे पर गिर गईं, जिससे यातायात भी प्रभावित रहा।

शनिवार को दोपहर के समय अचानक आसमान में बादल छाने लगे और तेज हवाएं चलनी शुरू हो गईं। देखते ही देखते तेज आंधी के कारण शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में धूल फैल गई। धूल भरी हवाओं के चलते वाहन चालकों को सामने का रास्ता देखने में परेशानी हुई। दोपहिया वाहन चालकों को विशेष दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई लोग धूल से बचने के लिए दुकानों और सुरक्षित स्थानों पर रुकते दिखाई दिए।



तेज आंधी के चलते शहर के कई इलाकों एसटी तिराहा, मुजफ्फरनगर रोड, सहारनपुर रोड, कैराना रोड पर पेड़ों की सूखी टहनियां टूटकर सड़कों पर गिर गईं। वहीं हाईवे और संपर्क मार्गों पर भी पेड़ों की डालियां गिरने से यातायात प्रभावित हुआ। वाहन चालकों को धीमी गति से वाहन चलाने पड़े, जिससे कई स्थानों पर जाम जैसी स्थिति बन गई।आंधी के कारण बाजारों में भी अफरा-तफरी का माहौल दिखाई दिया। मिठाई दुकानदारों ने सामान को सुरक्षित करने के लिए दुकानों के शटर आंशिक रूप से बंद कर दिए। ग्रामीण क्षेत्रों में भी तेज हवाओं के चलते लोग घरों में दुबके रहे। हालांकि कुछ देर बाद मौसम सामान्य हो गया था।

# विभिन्न मांगों को लेकर चल रहा धरना-प्रदर्शन, तीसरे दिन भी जारी

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) नगर पालिका में स्वायत शासन कर्मचारी महासंघ और उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ के बैनर तले कर्मचारियों ने विभिन्न मांगों को लेकर चल रहा धरना प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी रहा। दोनों यूनियनों के पदाधिकारी एवं कर्मचारियों ने समस्याओं का समाधान न होने पर हडताल करने की चेतावनी दी है।

धरने को संबोधित करते हुए अध्यक्ष अमित कुमार व प्रवीन कुमार ने कहा कि नगर पालिका का क्षेत्रफल लगातार बढ़ रहा है, जिसके चलते सफाई व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए आउटसोर्सिंग के माध्यम से 100 सफाई कर्मचारियों



की नियुक्ति की जाए। साथ ही डोर-टू-डोर सफाई व्यवस्था में लगे कर्मचारियों को शासनादेश के अनुसार बढ़ा हुआ वेतन दिया जाये। कर्मचारियों ने संविदा सफाई कर्मचारियों को सातवें वेतन आयोग का लाभ देने तथा आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का वेतन बढ़ाकर 18 हजार रुपये प्रतिमाह किए जाने की मांग रखी। धरने में कर्मचारियों ने स्थायी कर्मचारियों के सेवानिवृत्त एवं मृतक आश्रितों को बढ़ी हुई पेंशन का लाभ दिए जाने की मांग भी प्रशासन के समक्ष रखी। कर्मचारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी मांगों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो 25 मई दिन सोमवार से सभी कर्मचारी कार्य बहिष्कार कर हड़ताल पर चले जाएंगे। धरना प्रदर्शन में विनोद निर्वाल, अश्वनी तेश्वर सहित राजन पाहिवाल, धर्मेंद्र झंझोट, प्रदीप मायूस, जितेंद्र टांक, दीपक बिडला, मौ. हाशिम, जाकिर हुसैन, सचिन तेश्वर, जितेंद्र चंद्रा, संदीप सौदाई, मनीष गहलोत मौजूद रहे।

# बड़दू चैना स्कूल में ब्रह्माकुमारीज का प्रतिभा सम्मान, 300+ विद्यार्थियों को मिला राजयोग व नशामुक्ति का संदेश

**सफलता का आधार केवल अंक नहीं, एकाग्रता, चरित्र व ईश्वरीय याद है, रोज सुबह 5 मिनट भगवान को याद करो, मंजिल स्वयं आसान हो जाएगी : राजयोगिनी बी के शकुंतला**

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**




बहल-बड़दू चैना, 23 मई। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ढीगावा मंडी शाखा द्वारा शनिवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बड़दू चैना में 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा 2026 के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 300-400 विद्यार्थी, अभिभावक व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

बहल-ढीगावा क्षेत्र की संचालिका राजयोगिनी बी के शकुंतला दीदी जी ने मंच से विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि "सफलता का आधार केवल अंक नहीं, एकाग्रता, चरित्र व ईश्वरीय याद है। रोज सुबह 5 मिनट भगवान को याद करो, मंजिल स्वयं आसान हो जाएगी।" उन्होंने सभी को नशे से दूर रहने, गुरुजनों का आदर करने व पर्यावरण रक्षा हेतु एक पेड़ लगाने की प्रतिज्ञा दिलाई।

ढीगावा मंडी सेवा केंद्र संचालिका बी के पूनम बहन ने बच्चों को एकाग्रता बढ़ाने हेतु मेडिटेशन का अभ्यास कराया। बी के वैशाली बहन ने सभी को नशामुक्ति की शपथ दिलाई।

दी जी ने प्रत्येक होनहार विद्यार्थी को मंच पर बुलाकर व्यक्तिगत रूप से प्रशस्ति पत्र व "यदि तुम भगवान का ध्यान करोगे तो वह तुम्हारा ध्यान रखेगा" जैसे प्रेरणादायक स्लोगन युक्त स्मृति चिन्ह भेंट किए।

इस अवसर पर बी के शकुंतला दीदी जी ने विद्यालय की इंचार्ज को ईश्वरीय साहित्य व संस्था की मासिक पत्रिका भी भेंट की तथा विद्यालय में मूल्य शिक्षा व राजयोग मेडिटेशन की कक्षाएं प्रारम्भ करने का सुझाव दिया।

विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य श्री दलबीर सिंह जी की प्रेरणा से आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यालय स्टॉफ, ग्राम पंचायत सदस्य व अभिभावकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम मे 10 मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया।

# शिक्षा समाज की उन्नति का आधार : संदीप जैन

**समाज जागरण**



कालांवाली, 23 मई (सुरेश जोरासिया) सामाजिक सरोकारों एवं शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निभाते हुए एस.एस. जैन सभा कालांवाली द्वारा सुदर्शन संघ के सौजन्य से राजकीय प्राथमिक पाठशाला कालाँवाली के विद्यार्थियों को स्कूल बैग एवं स्टेशनरी सामग्री वितरित की गई। इस सेवा कार्य के माध्यम से बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने तथा जरूरतमंद विद्यार्थियों की सहायता करने का प्रयास किया गया।

कार्यक्रम में एस.एस. जैन सभा के अध्यक्ष संदीप जैन ने कहा कि शिक्षा समाज की उन्नति का आधार है। बच्चों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए समाज को समय-समय पर इस प्रकार के सेवा कार्य करते रहना चाहिए। स्कूल बैग एवं स्टेशनरी प्राप्त कर बच्चों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली।

इस अवसर पर संदीप जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि स्थानीय एस.एस. जैन सभा में मायाराम संघ प्रवर्तक श्री सुभद्र मुनि जी के सुशिष्य नरेंद्र मुनि महाराज जी एवं सुमित मुनि महाराज जी के सान्निध्य में 25 मई से 28 मई तक चार दिवसीय जैन संस्कार शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य बच्चों में नैतिक मूल्यों, धार्मिक संस्कारों एवं सकारात्मक जीवनशैली का विकास करना है। शिविर में बच्चों को जीवन मूल्यों, धर्म एवं संस्कारों, माता-पिता की सेवा, सत्य के मार्ग पर चलने, नशे से दूर रहने, आपसी प्रेम, भाईचारे तथा अहिंसा के सिद्धांतों की शिक्षा दी जाएगी' शिविर के समापन अवसर पर 28 मई को विशेष डिश प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में बच्चे अपने घरों से तैयार व्यंजन लाकर भाग लेंगे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में नरेश गर्ग जैन, जगदीश प्रजापति, श्रवण प्रजापति एवं जगतार सिंह तारी अपनी सेवाएं देंगे।

कार्यक्रम के अंत में स्कूल के मुख्य अध्यापक सुधीर कुमार ने एस.एस. जैन सभा एवं सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर श्रवण प्रजापति, जगदीश प्रजापति, जगतार सिंह तारी, पवन जैन, नरेश गर्ग जैन, साई दास सेतीया, दीपक फत्ता,उषा जैन, वैशाली जैन, सुरेश जोरासिया, सुरिंदर साथी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# गरुड़ रेजिमेंटल ट्रेनिंग सेंटर, वायुसेना स्टेशन, चांदीनगर में मैरून बेरेट की औपचारिक परेड

वायु सेना के 'गरुड़' बल के विशेष बलों के जवानों के प्रशिक्षण के सफल समापन के उपलक्ष्य में, 23 मई 2026 को गरुड़ रेजिमेंटल ट्रेनिंग सेंटर (जीआरटीसी), वायु सेना स्टेशन चांदीनगर में मैरून बेरेट औपचारिक परेड का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में एवीएम राहुल गुप्ता, एसीएएस ऑपरेशन (अंतरिक्ष) ने परेड का निरीक्षण किया।

गरुड़ रेजिमेंटल ट्रेनिंग सेंटर के कमांडेंट ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और उन्हें प्रशिक्षण के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। मुख्य अतिथि ने गरुड़ कमांडो को उनकी सफल पासिंग आउट पर बधाई दी। उन्होंने युवा कमांडो को संबोधित करते हुए तेजी से बदलते सुरक्षा परिदृश्य के अनुरूप कठोर प्रशिक्षण और विशेष बलों के कौशल को निखारने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने सफल गरुड़ प्रशिक्षुओं को मैरून बेरेट, गरुड़ प्रवीणता बैज और विशेष बल टैब प्रदान किए और पुरस्कार विजेताओं को ट्राफियां वितरित की। पासिंग आउट समारोह के दौरान, 'गरुड़ों' ने युद्धक फायरिंग, बंधक बचाव, फायरिंग ड्रिल, विस्फोटक सामग्री का उपयोग, बाधा पार करना, दीवार पर चढ़ना, रेंगना, रस्सियों से उतरना और सैन्य मार्शल आर्ट जैसे विभिन्न कौशल का प्रदर्शन किया।

मैरून बेरेट सेरेमोनियल परेड 'गरुड़ों' के लिए गौरव और उपलब्धि का क्षण होता है। यह एक अत्यंत कठिन प्रशिक्षण कार्यक्रम की उपयुक्त परिणति और विशिष्ट 'गरुड़' बल में शामिल 'युवा विशेष बल संचालकों' के रूप में उनके परिवर्तन का प्रतीक है।

# खेड़ा में संयुक्त किसान मोर्चा का धरना तीसरे दिन भी जारी

**डीजल-पेट्रोल के बढ़ते दामों के विरोध में फूंका सरकार का पुतला, किसानों ने संघर्ष तेज करने का किया ऐलान**

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**



सिवानी। गांव खेड़ा में संयुक्त किसान मोर्चा का धरना शनिवार को तीसरे दिन भी लगातार जारी रहा। धरने की अध्यक्षता किसान नेता राकेश खेड़ा ने की। धरना स्थल पर बड़ी संख्या में किसान, मजदूर और ग्रामीण पहुंचे तथा आंदोलन को मजबूती देने का संकल्प लिया।

धरने को संबोधित करते हुए रिटायर्ड कर्मचारी नेता ईश्वर सिंह, किसान नेता दयानंद पूनियां तथा आजाद सिंह मिरान ने कहा कि सरकार किसानों की समस्याओं का समाधान करने की बजाय उनकी आवाज दबाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि किसान अपने अधिकारों की लड़ाई मजबूती से लड़ते रहेंगे।

वक्ताओं ने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा किसानों, मजदूरों और आम जनता के हितों के लिए संघर्ष करता रहेगा तथा जब तक किसानों की मांगें पूरी नहीं होतीं, आंदोलन जारी रहेगा।

धरने के दौरान बढ़ती महंगाई और डीजल-पेट्रोल के दामों में वृद्धि को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई तथा सरकार का पुतला फूंका गया। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार बड़े पूंजीपतियों के हितों में काम कर रही है, जिसके कारण लगातार महंगाई बढ़ रही है।

धरने को मजदूर नेता कुलदीप बड़वा, इंटक नेता साधू राम रूपाणा, कुलदीप खेड़ा, राजबीर सिहाग तथा जंगबीर ढांडा सहित अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया।

धरने में मौजूद किसानों ने एकजुट होकर संघर्ष को आगे बढ़ाने और मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रखने का संकल्प लिया।

# हरियाणा प्रदेश के सरकारी व प्राईवेट स्कूलों में रोजगार परक शिक्षा देने के उद्देश्य से हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने कार्यक्रम की की शुरुआत

- आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, रोबोटिक व कोडिंग के अलावा वोकेशनल शिक्षा स्कूल में करवाई जाएगी उपलब्ध : बोर्ड चेयरमैन डा. पवन कुमार
- केंद्र सरकार की संस्था परख के माध्यम से प्रदेश के प्रत्येक सरकारी व प्राईवेट स्कूल के दो-दो अध्यापकों को दिया जाएगा प्रशिक्षण
- तकनीकी शिक्षा व रोजगार परक शिक्षा को उपलब्ध करवाना कार्यक्रम का उद्देश्य
- भविष्य में स्कूली बच्चों के सैलेबस में भी इन विषयों को किया जाएगा शामिल : बोर्ड चेयरमैन

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**



भिवानी, 23 मई : हरियाणा प्रदेश की शिक्षा को अधिक रोजगारपरक बनाने व तकनीक युक्त बनाने के उद्देश्य से हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने केंद्र सरकार की संस्था परख की मदद से स्कूलों में पढड़े वाले बच्चों को आर्टिफिशिल इंटेलीजेंस, रोबोटिक, कोडिंग व वोकेशनल एजुकेशन उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया है। यह बात हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डा. पवन कुमार ने भिवानी में पत्रकारों को बताते हुए कहा कि इसके लिए प्रदेश भर के सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों के अध्यापकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि बच्चें नई तकनीकों व व्यावसायिक शिक्षा से जुडकर रोजगारपरक व गुणवत्तापूर्वक शिक्षा ग्रहण कर सकें।

बोर्ड चेयरमैन डा. पवन कुमार ने बताया कि केंद्र सरकार के शिक्षा से जुड़ी संस्था परख द्वारा इस कार्यक्रम का प्रशिक्षण हरियाणा राज्य के शिक्षकों को उपलब्ध करवाया जाएगा। इसके लिए राज्य के प्रत्येक सरकारी स्कूल के एक अध्यापक व प्रिंसिपल को इसके लिए बोर्ड मुख्यालय में प्रशिक्षण दिया जाएगा। ये अध्यापक लगभग अगले एक माह में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा करेंगे। जिसके बाद विधिवत रूप से स्कूलों में वोकेशनल एजुकेशन व रोबोटिक एआई व कोडिंग व अन्य रोजगारपरक शिक्षा को स्कूलों में शुरू किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए भविष्य में स्लेबस में भी बदलाव किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की संस्था परख जो विभिन्न राज्य सरकारों को उनके कार्यो के ग्रेडेशन व आंकलन का कार्य करती है, उसके द्वारा ये सारा कार्य संचालित होगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश के युवाओं को वर्तमान परिपेक्ष्य में रोजगार के लिए तैयार करना है, ताकि वे अपनी शिक्षा पूर्ण होने के बाद अपनी स्किल को इंपूर्व करके जल्द रोजगार प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि इससे हरियाणा प्रदेश के सरकारी व प्राईवेट स्कूलों की शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा।

# रात्रिकालीन रोड स्वीपिंग अभियान से चमक रहा शहर का मुख्य बाजार

**नगर पालिका की पहल से घंटाघर एवं व्यावसायिक क्षेत्रों में बढ़ी स्वच्छता व्यवस्था**

**समाज जागरण जिला संवाददाता**
**उदय सिंह लोधी**



दमोह। शहर की स्वच्छता व्यवस्था को आधुनिक और प्रभावी बनाने की दिशा में नगर पालिका दमोह द्वारा रात्रिकालीन रोड स्वीपिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत प्रतिदिन रात के समय घंटाघर सहित शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों में रोड स्वीपिंग मशीनों से सफाई कराई जा रही है। इससे मुख्य बाजार क्षेत्र पहले की अपेक्षा अधिक स्वच्छ, धूलमुक्त और आकर्षक नजर आने लगा है।

नगर पालिका प्रशासन के अनुसार शहर के व्यस्त बाजार क्षेत्रों में दिन के समय भारी यातायात और व्यापारिक गतिविधियों के कारण नियमित सफाई कार्य प्रभावित होता है। इसी को ध्यान में रखते हुए रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था लागू की गई है, ताकि व्यापारियों और आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा मशीनों के माध्यम से सड़कों की गहन सफाई सुनिश्चित की जा सके।

अभियान के अंतर्गत सड़कों पर जमा धूल, मिट्टी, प्लास्टिक कचरा एवं अन्य अपशिष्ट पदार्थों को व्यवस्थित तरीके से हटाया जा रहा है। रोड स्वीपिंग मशीनें सड़क किनारों और बाजार क्षेत्रों की सफाई कर वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। नगर पालिका का कहना है कि नियमित मशीन आधारित सफाई से न केवल शहर की सुंदरता बढ़ेगी, बल्कि नागरिकों को धूल और गंदगी से होने वाली परेशानियों से भी राहत मिलेगी।

नगर पालिका प्रशासन ने शहरवासियों एवं व्यापारियों से अपील की है कि वे सार्वजनिक स्थलों पर कचरा न फैलाएं और स्वच्छता बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। प्रशासन का मानना है कि जनसहभागिता से ही स्वच्छ, सुंदर और विकसित शहर का निर्माण संभव है।

स्थानीय व्यापारियों ने भी नगर पालिका की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि रात में मशीनों से सफाई होने से बाजार क्षेत्र सुबह अधिक स्वच्छ दिखाई देता है, जिससे ग्राहकों पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। नगर पालिका द्वारा आगे भी शहर के अन्य प्रमुख मार्गों एवं क्षेत्रों में इसी प्रकार की आधुनिक सफाई व्यवस्था लागू करने की तैयारी की जा रही है।

# हटा एसडीएम कार्यालय में कानून व्यवस्था को लेकर संयुक्त समीक्षा बैठक, प्रतिबंधात्मक कार्रवाइयों की हुई समीक्षा

**समाज जागरण जिला संवाददाता**
**उदय सिंह लोधी**



हटा/दमोह दमोह जिले के हटा अनुभाग में कानून व्यवस्था एवं शांति बनाए रखने के उद्देश्य से एसडीएम कार्यालय में मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीएनएसएस की धारा 170, 126 से 135 (3) तथा धारा 129 के अंतर्गत पुलिस द्वारा तैयार किए गए प्रकरणों एवं कार्यपालिका मजिस्ट्रेट द्वारा उन पर की गई बाउंड ओवर कार्रवाई की संयुक्त रूप से समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान अधिकारियों ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में शांति भंग की आशंका वाले मामलों, असामाजिक तत्वों पर की जा रही प्रतिबंधात्मक कार्रवाई तथा आगामी समय में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदमों पर चर्चा की। एसडीएम एवं एसडीओपी ने थाना प्रभारियों और राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि संवेदनशील क्षेत्रों में सतत निगरानी रखी जाए तथा विवाद की स्थिति बनने से पहले प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

हटा एसडीएम राकेश मरकाम एवं एसडीओपी हटा सौरभ त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि पुलिस एवं प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय से ही क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रह सकती है। उन्होंने अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई करने और शांति व्यवस्था भंग करने वाले तत्वों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए।

बैठक में हटा थाना प्रभारी सुधीर बेगी, गैसाबाद थाना प्रभारी सौरभ शर्मा, रनेह थाना प्रभारी चंदन सिंह, कुम्हारी थाना प्रभारी ब्रजेश पांडे, हटा तहसीलदार उमेश तिवारी, पटेरा तहसीलदार उमेश तिवारी, नायब तहसीलदार कुम्हारी मंडल मानसी अग्रवाल एवं नायब तहसीलदार लुहारी मंडल डीपी गुप्ता मौजूद रहे।

# नीतू सांगवान बनीं फैशन जगत की प्रेरणादायक शख्सियत

**इंडिया नेक्स्ट फैशन मॉडल यूपी फिनाले में निभाई मुख्य निर्णायक की भूमिका, बेटियों को सपने पूरे करने का दिया संदेश**

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी। फैशन और ग्लैमर की दुनिया में हरियाणा की बेटियां लगातार अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। इसी कड़ी में भिवानी जिले के गांव नाथुवास की बहू नीतू सांगवान ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। 17 मई को कानपुर में आयोजित इंडिया नेक्स्ट फैशन मॉडल यूपी के ग्रैंड फिनाले में नीतू सांगवान को मुख्य जूरी मेंबर तथा हरियाणा स्टेट डायरेक्टर के रूप में विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। इस प्रतिष्ठित फैशन शो में उन्होंने देशभर से पहुंचे प्रतिभागियों की प्रतिभा का मूल्यांकन करने के साथ-साथ उन्हें अपने अनुभवों से मार्गदर्शन भी दिया।




नीतू सांगवान इससे पहले वीजी मिसेज इंडिया ग्लोबल आइकॉन प्रतियोगिता में द्वितीय उपविजेता रह चुकी हैं। इसके अलावा उनके नाम वीजी मिसेज हरियाणा क्वीन और वीजी मिसेज इंडिया डायनामिक दिवा जैसे कई प्रतिष्ठित खिताब दर्ज हैं। उनकी उपलब्धियों ने उन्हें फैशन इंडस्ट्री में एक मजबूत पहचान दिलाई है।

कानपुर इवेंट की सफलता के बाद नीतू सांगवान ने दैनिक समाज जागरण को बताया कि अब हरियाणा की प्रतिभाओं को बड़ा मंच देने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि जल्द ही विशाल इवेंट गुरु और छैल फैशन ब्रांड की ओर से हरियाणा में एक भव्य फैशन इवेंट आयोजित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के युवाओं को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है।

महिलाओं और युवाओं को प्रेरित करते हुए नीतू सांगवान ने कहा कि फैशन केवल बाहरी दिखावे का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और व्यक्तित्व को निखारने का सशक्त मंच है। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक बेटियां बिना किसी झिझक के अपने सपनों को पूरा करने के लिए आगे आएं और अपनी अलग पहचान बनाएं।

# त्योहार एवं विभिन्न आयोजनों को लेकर हटा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न

**प्रशासन ने नागरिकों से सौहार्द एवं शांति बनाए रखने की अपील की, अफवाहों से दूर रहने के दिए निर्देश**

**समाज जागरण जिला संवाददाता**
**उदय सिंह लोधी**



हटा। आगामी ईद पर्व एवं नगर में आयोजित होने वाले विभिन्न धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से हटा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, धार्मिक गुरुओं एवं नगर के गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता कर कानून व्यवस्था एवं सामाजिक समरसता बनाए रखने पर चर्चा की।

बैठक की अध्यक्षता हटा एसडीएम राकेश मरकाम ने की। इस अवसर पर एसडीओपी सौरभ त्रिपाठी, थाना प्रभारी सुधीर बेगी, तहसीलदार आलोक जैन तथा नगर पालिका प्रभारी सीएमओ राजेन्द्र खरे मौजूद रहे।

बैठक में अधिकारियों ने कहा कि त्योहारों एवं विभिन्न आयोजनों के दौरान नगर में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए पुलिस एवं प्रशासन द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की कि सभी लोग आपसी भाईचारे एवं सद्भाव के साथ त्योहार मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें।

इस दौरान श्याम दास महाराज, भाजपा मंडल अध्यक्ष सौरभ नेमा, पुष्पेंद्र सिंह हजारी सहित नगर के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया और नगर में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने की बात कही।

बैठक के अंत में अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान शांति भंग करने या सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही नागरिकों से प्रशासन का सहयोग करने एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई।

# एसपी आनंद कलादगी ने किया मडियादो थाने का वार्षिक निरीक्षण

**रिकॉर्ड रूम, मालखाना एवं शस्त्रागार का लिया जायजा, कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने के दिए निर्देश**

**समाज जागरण जिला संवाददाता**
**उदय सिंह लोधी**



दमोह। आनंद कलादगी (आईपीएस) ने शनिवार को मडियादो पुलिस थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक बनने के बाद यह उनका मडियादो थाने का पहला औपचारिक निरीक्षण था। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर की व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन करते हुए पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना भवन, थाना प्रभारी निवास, पुलिस लाइन क्वार्टर, शस्त्रागार, मालखाना एवं रिकॉर्ड रूम का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेखों के संधारण, लंबित प्रकरणों की स्थिति एवं अपराध नियंत्रण संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए थाना प्रभारी प्रीति पांडे को कानून व्यवस्था और अधिक मजबूत बनाए रखने के निर्देश दिए

एसपी ने लंबित अपराधों एवं शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी में तेजी लाने तथा बीट प्रणाली को प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस का आमजन से बेहतर संवाद होना आवश्यक है, जिससे लोगों में सुरक्षा एवं विश्वास का वातावरण बना रहे।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना स्टाफ एवं जवानों से चर्चा कर उनकी समस्याएं भी सुनीं तथा उनके निराकरण का आश्वासन दिया। इस अवसर पर थाना का समस्त पुलिस बल, रीडर एवं स्टेनो सहित अन्य अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित रहे।

इसके पश्चात एसपी आनंद कलादगी ने हटा थाना क्षेत्र के विभिन्न चौराहों एवं तिराहों का निरीक्षण कर यातायात व्यवस्था एवं सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को यातायात संचालन को सुव्यवस्थित रखने एवं संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्क निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए।

# जल जीवन मिशन 2.0 और ग्रामीण स्वच्छता पर राष्ट्रीय समीक्षा बैठक आयोजित

जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल और स्वच्छता विभाग (डीडीडब्ल्यूएस) ने आज जल जीवन मिशन (जेजेएम) 2.0 के कार्यान्वयन ढांचे और ग्रामीण क्षेत्रों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (एसडब्ल्यूएम) नियम, 2026 के प्रभावी प्रवर्तन पर विचार-विमर्श करने हेतु देश भर के उपायुक्तों, जिला मजिस्ट्रेटों और जिला कलेक्टरों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए एक समीक्षा बैठक आयोजित की। इस समीक्षा बैठक में देश भर से लगभग 759 से अधिक उपायुक्तों/जिला मजिस्ट्रेटों ने भाग लिया।

इस राष्ट्रीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता पेयजल और स्वच्छता विभाग के सचिव श्री अशोक के.के. मेन्ना ने की। बैठक में राष्ट्रीय जल जीवन मिशन के अतिरिक्त सचिव एवं मिशन निदेशक श्री कमल किशोर सोआन, एसबीएम (जी) की संयुक्त सचिव एवं मिशन निदेशक सुश्री ऐश्वर्या सिंह, जल की संयुक्त सचिव श्रीमती स्वाति मीना नाइक तथा पेयजल और स्वच्छता विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

अपने उद्घाटन भाषण में, डीडीडब्ल्यूएस के सचिव श्री अशोक के.के. मेन्ना ने इस बात पर जोर दिया कि जल जीवन मिशन (जेजेएम) और स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण (एसबीएम-जी), दोनों अब एक ऐसे चरण में पहुंच गए हैं जहां ध्यान बुनियादी ढांचे के निर्माण से हटकर सेवाओं की विश्वसनीय आपूर्ति, कार्यक्षमता, स्थिरता और सामुदायिक स्वामित्व की ओर जाना चाहिए।

# दिल मे छेद का हिमांशी बच्चा मिला, जल्द होगी ऑपरेशन

## 'आर बीएस के' हरहुआ की स्वस्थ्य टीम ने किया स्क्रीनिंग।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। पीएचसी हरहुआ पर आज शनिवार को राष्टीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की 'ओपीडी' मे हिमांशी उम्र 10 माह नाम का एक बच्चा मिला। जिसके माता का नाम संजू देवी पिता का नाम पतालु उन्दी ग्राम पंचायत के निवासी है। शुक्रवार को हरहुआ की स्वास्थ्य टीम बच्चो की स्क्रीनिंग करने उन्दी गांव गई थी जहाँ स्क्रीनिंग करते वक़्त हिमांशी उम्र10 माह जिसके दिल मे छेद होने की पुष्टि हुई थी। जिसको आज शनिवार को हरहुआ बुलाया गया और बच्चे को हरहुआ टीम ने 'ईको' करने के लिए भेज दिया। बच्ची के पिता पतालु मजदूरी करता है। निःशुल्क रूप से इस बच्ची का ऑपरेशन कराया जाएगा। स्वास्थ्य टीम मे आज नोडल मेडिकल ऑफिसर डॉ0 अब्दुल जावेद, डॉ0 शैलेंद्र कुमार ,डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. अवनीश कुमार राय, विनोद कुमार और रंजना देवी शामिल रहे।



# 25 मई से 10 जून तक होगा जून माह का मुफ्त खाद्यान्न वितरण

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी।राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत जून माह के लिए आवंटित खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण आगामी 25 मई से 10 जून तक कराया जाएगा। यह जानकारी जिलापूर्ति अधिकारी कृष्ण वल्लभ सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

उन्होंने बताया कि शासन से प्राप्त निर्देश के क्रम में जनपद के सभी राशन कार्डधारकों को निर्धारित अवधि में खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाएगा। अंत्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड 35 किलो खाद्यान्न दिया जाएगा, जिसमें 10 किलो गेहूं और 25 किलो चावल शामिल रहेगा। वहीं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट पांच किलो खाद्यान्न दिया जाएगा, जिसमें एक किलो गेहूं और चार किलो चावल रहेगा।

जिलापूर्ति अधिकारी कृष्ण वल्लभ सिंह ने बताया कि वितरण प्रतिदिन सुबह छह बजे से रात नौ बजे तक किया जाएगा। उन्होंने सभी कार्डधारकों से निर्धारित तिथि के भीतर अपने उचित दर विक्रेता की दुकान से खाद्यान्न प्राप्त करने की अपील की है।

उन्होंने यह भी बताया कि जिन कार्डधारकों का आधार प्रमाणीकरण नहीं हो पा रहा है, वे मोबाइल ओटीपी सत्यापन के माध्यम से भी खाद्यान्न प्राप्त कर सकते हैं। वितरण की अंतिम तिथि 10 जून निर्धारित की गई है।

# पीस कमेटी की बैठक हुआ संपन्न

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। आगामी त्योहारों एवं क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से सिंधोरा थाना के सभागार में पीस कमेटी की बैठक शनिवार को सायंकाल मेंआयोजित की गई।



बैठक की अध्यक्षता करतर हुए थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र त्रिपाठी ने सभी से आपसी भाईचारा, सौहार्द एवं शांति बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कड़े शब्दों में कहाकि किसी भी कीमत पर सड़क पर नमाज और खुले स्थान पर कुबार्नी नहीं होगी। किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने तथा किसी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस एवं प्रशासन को देने का आग्रह किया। सभी से त्योहार एवं कार्यक्रम आपसी सदभाव और कानून व्यवस्था बनाये रखने की अपील की। बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष धनंजय मोदनवाल, ग्राम प्रधान सुरजीत मौर्य, समाजसेवी गुलाम मोहम्मद, जावेद अख्तर, फैजान शेख, फिरोज खान, कमलेश सिंह, अजीत कुमार गुप्ता के अलावा समाजसेवी व स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# गैस सिलेंडर फटने से लगी आग, लाखों की गृहस्थी जलकर राख

**समाज जागरण**

मीरजापुर /हलिया थाना क्षेत्र के चक कोटार गांव में शुक्रवार की देर रात गैस सिलेंडर फटने से खपरेल मे भीषण आग लग गई। आग धीरे धीरे अगल बगल के खपरेल को अपने आगोश मे ले लिया आग की चपेट में आने से एक ही परिवार की चार गृहस्थियों का लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।जानकारी के अनुसार चक कोटार गांव निवासी राम कैलाश मौर्य के घर के पीछे बने खपरेल के कच्चे मकान के किचन में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे मकान को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें उठती देख परिवार के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। गृहस्वामी द्वारा तत्काल फायर ब्रिगेड व पीआरबी 112 को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से काफी प्रयास के बाद आग बुझाई।लेकिन तब तक घर में रखा सारा सामान जल चुका था।



गृहस्वामी राम कैलाश मौर्य ने बताया कि आग में करीब 15 बोरी सरसों, 20 बोरी गेहूं, 16 बोरी चावल, तीन बोरी अरहर दाल, एक कुंतल चना, 10 किलो हल्दी, एक कुंतल प्याज, एक कुंतल लहसुन, एक कुंतल गुड़, दो गैस सिलेंडर, 20 कुंतल भूसा, साइकिल समेत गृहस्थी का पूरा सामान, कूकर व बर्तन आदि जलकर राख हो गए। बताया गया कि राम कैलाश मौर्य के चारों बेटे महेंद्र, राजेंद्र, सुभाष, अनीस अलग-अलग गृहस्थी बनाकर मकान में रहते थे। आग लगने से सभी की गृहस्थी पूरी तरह नष्ट हो गई। घटना की सूचना क्षेत्रीय लेखपाल शिव बाबू को दे दी गई है। वहीं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सूरज मौर्य ने जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कर पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

# चालक को झपकी आई खड़े ट्रक में टकराई ट्रक चालक की मौत

**समाज जागरण**

मीरजापुर /लालगंज थाना क्षेत्र के वाराणसी रीवा हाईवे पर स्थित मिश्रपुर गांव के पास खड़ी ट्रक में पीछे से आकर टकराई ट्रक के चालक को गंभीर चोट पहुंची। जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाया गया जहां पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। रह घटना बीती शुक्रवार की रात की है। लालगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत वाराणसी रीवा राष्ट्रीय मार्ग पर मिश्रपुर गांव के पास पहले से खड़ी ट्रक में मीरजापुर से मध्य प्रदेश की तरफ जा रहा ट्रक के चालक को झपकी आने से अनियंत्रित होकर ट्रक पीछे से खड़ी ट्रक में घुस गया। जिससे ट्रक चालक 30 वर्षीय शिवम कुमार विश्वकर्मा निवासी भैंसौड बलाय पहाड़ थाना ड्रमंडगंज गंभीर रूप से घायल हो गया। ट्रक चालक को लालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भोर में ही ले जाया गया जहां पर जांच के बाद चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। शनिवार को सुबह पुलिस शव पंचनामा के बाद पीएम के लिए भेज दिया।

# शंकरा आई हॉस्पिटल छात्राओं को बनाएगा आत्मनिर्भर

## छात्राओं को हर वर्ष मिलेगा छात्रवृत्ति निशुल्क छात्रावास और भोजन की मिलेगी सुविधा

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी।। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उद्घाटित आर जे शकंरा आई हॉस्पिटल ने सामाजिक उत्तरदायित्व की दिशा में एक बड़ी पहल की शुरूवात करने जा रही हैं।संस्था की शंकरा एकेडमी ऑफ विजन के अंतर्गत छात्राओं के लिए निशुल्क डिप्लोमा इन ऑप्थेलमिक असिस्टेंट ( डी ए ओ ) कार्यक्रम की शुरूवात की गई है।इस पाठ्यक्रम की शुरूआत करने का मुख्य उद्देश्य कमजोर और ग्रामीण क्षेत्र के छात्राओं को नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में निशुल्क प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाना है।यह डिप्लोमा कोर्स छात्राओं के विजन टेक्निशीयन ऑप्थेलमिक असिस्टेंट के रूप में तैयार करना है।कोर्स की अवधि तीन वर्ष हैं।जिसमे एक वर्ष तकनीकि प्रशिक्षण और एक वर्ष व्यवहारिक इंटर्नशिप शामिल है।अस्पताल प्रबंधन ने जिला विद्यालय निरीक्षक भोलेंद्र प्रताप सिंह को पूरी कार्ययोजना सौंप दी है।जून के दूसरी सप्ताह में कोयंबटूर से विशेषज्ञों की टीम वाराणसी आएगी,जो अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा और मौखिक परिक्षा लेंगे। इसके बाद शार्टलिस्ट की प्रक्रिया पूरी कर जुलाई से नया सत्र विधिवत शुरूवात हो जाएगा। शुरूवात में कुल ४० सीट के लिए ७० आवेदन प्राप्त हो चुके है। यह आवेदन वाराणसी, चंदौली, गाजीपुर,





जौनपुर, प्रयागराज सहित पूर्वांचल के अन्य जिलों से प्राप्त हुआ है।वही छात्राओं की संख्या के आधार पर सीट की बढ़ोत्तरी किया जा सकता हैं।

कोर्स के बाद बेहतर प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को संस्थान में नौकरी ले लिए भी प्राथमिकता दी जाएगी।इससे वह तकनीकी रूप से दक्ष होने के साथ साथ अपने परिवार को आर्थिक रूप से सहारा देंगे।

डा. भारत सिंह आर जे शंकरा आई हॉस्पिटल के यूनिट हेड पात्रता और परिसर में सुविधाएं योग्यता : हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में विज्ञान वर्ग से उत्तीर्ण छात्राएं १७से१९ वर्ष के बीच की आयु सीमा और छात्राओं के लिए निशुल्क छात्रावास और भोजन की व्यवस्था

# चिरईगांव में काशी वैदिक आयुर्वेद केन्द्र का भव्य शुभारंभ

## अब आयुर्वेदिक पद्धति से विभिन्न रोगों का होगा समग्र उपचार

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। जनपद के चिरईगांव ब्लॉक के समीप,पशु चिकित्सालय के ठीक सामने 'काशी वैदिक आयुर्वेद केन्द्र' का भव्य एवं विधिवत शुभारंभ किया गया। केंद्र के उद्घाटन के साथ ही क्षेत्रीय लोगों में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला। अब क्षेत्रवासियों को आयुर्वेदिक पद्धति से विभिन्न गंभीर एवं सामान्य बीमारियों के उपचार की सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध होगी। केंद्र में वरिष्ठ परामर्शी चिकित्सक डॉ. राजवैद्य शरत कुमार मिश्र एवं परामर्शी आयुष चिकित्सक डॉ. नवेन्दु प्रकाश मिश्र अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। केंद्र का उद्देश्य प्राचीन आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के माध्यम से लोगों को सुरक्षित,प्रभावी एवं सुलभ उपचार उपलब्ध कराना



है। परामर्शी आयुष चिकित्सक डॉ. नवेन्दु प्रकाश मिश्र ने बताया कि केंद्र में प्रत्येक शनिवार से सोमवार तक नियमित ओपीडी संचालित की जाएगी। ओपीडी का समय प्रातः 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि शनिवार एवं सोमवार को वे स्वयं मरीजों को परामर्श देंगे,जबकि रविवार को वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. राजवैद्य शरत कुमार मिश्र मरीजों का उपचार करेंगे। उन्होंने जानकारी दी कि केंद्र में गठिया,साइटिका,जोड़ों का दर्द,उच्च रक्तचाप (बी.पी.), शुगर, थायराइड, प्रोस्टेट वृद्धि, बवासीर, उदर रोग,स्त्री रोग, बांझपन, गुप्त रोग, गांठ, किडनी, पथरी, कैंसर, सफेद दाग,सोरायसिस सहित विभिन्न जटिल रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति से निदान एवं उपचार किया जाएगा। स्थानीय लोगों ने काशी वैदिक आयुर्वेद केन्द्र के शुभारंभ पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे क्षेत्रवासियों को अब बेहतर एवं सुलभ चिकित्सा सुविधा अपने ही क्षेत्र में उपलब्ध हो सकेगी।

# अवैध खनन में लगे ट्रैक्टर और जेसीबी सीज

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। सेवापुरी क्षेत्र के इसरवार गांव में मिट्टी के अवैध खनन पर देर रात बड़ी कार्रवाई की गई। खनन विभाग की टीम ने छापेमारी कर अवैध खनन में लगे दो जेसीबी मशीनें, एक ट्रैक्टर और दो डंपर जब्त किए। इन वाहनों को कपसेठी थाने में सीज कर दिया गया है।सरकार की सख्ती के बावजूद सेवापुरी क्षेत्र में अवैध खनन का काम लगातार जारी है। जेसीबी मशीनों से तेजी से मिट्टी का खनन किया जा रहा था और मिट्टी लदे ट्रैक्टर-ट्रॉली पूरी रात सड़कों पर फरार्टा भर रहे थे। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी थी।पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने पर ग्रामीणों ने अंततः खनन विभाग को सूचना दी। शुक्रवार देर रात कपसेठी थानांतर्गत इसरवार, गैरहा और लोहरडीह गांव के पास अवैध खनन का कार्य चल रहा था। हाईवे पर भी मिट्टी लदे कई ट्रैक्टर-ट्रॉली तेज गति से चल रहे थे।सूचना मिलने पर खनन विभाग की टीम निरीक्षक प्रशांत के नेतृत्व में इसरवार पहुंची। टीम ने खनन में लिप्त वाहनों को पकड़ लिया, लेकिन इस दौरान उनके चालक भाग निकले। एक जेसीबी चालक मशीन लेकर भागने की कोशिश कर रहा था, जिसे एसडीएम राजातालाब, खनन अधिकारी और पुलिस ने पीछा कर पकड़ लिया।इस संबंध में थाना प्रभारी कपसेठी विकास मौर्य ने बताया कि खनन विभाग, एसडीएम राजातालाब और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में दो जेसीबी, एक ट्रैक्टर और दो डंपर सीज किए गए हैं।

# खराब ट्रांसफार्मर बदलकर बिजली आपूर्ति कि बहाल

**समाज जागरण शिव तिवारी**

बड़ागांव वाराणसी।। प्रदेश भर मे भीषण गर्मी मे बिजली कटौती को लेकर हाहाकार मचा हुआ है धरना प्रदर्शन तक होने की नौबत आ गई है वही वाराणसी जिले चोलापुर विधुत उपखंड भीषण गर्मी के दौरान भी विभाग लगभग 22 घटे बिजली आपूर्ति कर रहा है पिछले एक माह मे बिजली विभाग ने चार 250 किलोवाट के चार बडे ट्रांसफर सहित 25 नये और 18 ट्रांसफर की क्षमता बढाकर विधुत आपूर्त की जा रही है । सीडीओ चोलापुर भारत भूषण राय ने बताया की औसत 22 घटे विधुत आपूर्ति की जा रही है दो टीम बनाकर फास्ट तत्काल खत्म भी कराने का प्रयास चल रहा है ।

सीडीओ चोलापुर भारत भूषण रकय के अनुसार माडनाँइजेशन योजना और बिजनेस प्लान के अंतर्गत मोहाव .दांनगज. नियार .टिसौरा मे चार नये 250 केवीए का ट्रांसफर लगाया गया है 25 नये ट्रांसफर के साथ ही 17 की क्षमता वृध्दि की गई है .




जेईई रामबाबू चौहान के अनुसार भीषण गर्मी मे उपभोक्ता की शिकायत का तत्काल निस्तारण किया जा रहा है दो टीम दिन मे और एक टीम रात मे सक्रिय है विशेष परिस्थिति मै ही अवकाश दिया जा रहा है .उनके अनुसार जर्जॅर तार हटाने और कटिया से बिजली चोरी की रोकथाम के कारण लाइन लास कम होने पर ट्रांसफर की क्षमता बढने से काफी है तक आपूर्ति बाधा की समस्या दूर हो गई है ।

किसान ढेरही राम अवतार यादव, गुल्लू यादव के अनुसार लगातार बिजली मिलने से गर्मी जानवर को काफी राहत मिल रही है हरा चारा उपलब्ध हो पा रहा है ।ताला निवासी सवेश सिंह और दुगा प्रसाद सिंह ,रामेश्वर गिरी ,आनन्द चौबे ने बिजली विभाग के इस कार्य की प्रशंसा की।

# प्राप्त शिकायतो संतुष्टिपूर्ण व समयबद्ध कराए निस्तारण -जिलाधिकारी

## पुलिस महानिरीक्षक ने थाना को0 शहर व जिलाधिकारी ने थाना मड़िहान मे थाना समाधान दिवस के अवसर पर आए हुए फरियादियो की सुनी समस्याएं

**समाज जागरण**

मीरजापुर /शासन के निदेर्शानुसार जनता की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निस्तारण हेतु जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उक्त समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक आर0पी0 सिंह द्वारा थाना को0शहर पर तथा जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार द्वारा थाना मड़िहान पर जनता की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित को निरस्तारित हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने राजस्व मामलो के पैमाइश के लिए पुलिस व राजस्व की तीन टीम बनाकर मौके पर जाने का निर्देश देते हुए कहा कि दोनो पक्षो की उपस्थिति संतुष्टिपूर्ण सुनिश्चित कराएं। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन द्वारा थाना अदलहाट पर, क्षेत्राधिकारी सदर व तहसीलदार द्वारा थाना कछवां पर, क्षेत्राधिकारी लालगंज द्वारा थाना हलिया पर, उप जिलाधिकारी द्वारा थाना ड्रमण्डगंज पर, क्षेत्राधिकारी चकबन्दी द्वारा थाना जिगना पर, तहसीलदार द्वारा थाना लालगंज पर, नायब तहसीलदार द्वारा थाना अहरौरा पर सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षकध्थानाध्यक्षगण एवं राजस्व विभाग के अन्य अधिकारीध्कर्मचारीगण के साथ थाने पर आने वाले आमजन की समस्याओं को सुनकर मौके पर निस्तारण कराया गया तथा शेष मामलों के निस्तारण हेतु राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर रवाना किया गया ।

थाना समाधान दिवस पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों को थानावार विवरण निम्नवत है-

थाना को0शहर पर 09 प्रार्थना पत्र प्राप्त 02 निस्तारित, को0कटरा पर 07 प्रार्थना पत्र प्राप्त, थाना विन्ध्याचल पर 12 प्रार्थना पत्र प्राप्त, थाना को0देहात पर 23 प्रार्थना पत्र प्राप्त 01 निस्तारित, थाना चील्ह पर 21 प्रार्थना पत्र प्राप्त, थाना कछवां पर 13 प्रार्थना पत्र प्राप्त 01 निस्तारित, थाना पड़री पर 11 प्रार्थना पत्र प्राप्त 01 निस्तारित, थाना लालगंज पर 21 प्रार्थना पत्र प्राप्त, थाना हलिया पर 30 प्रार्थना पत्र प्राप्त, थाना जिगना पर 49 प्रार्थना पत्र प्राप्त 12 निस्तारित, थाना सन्तनगर पर 15 प्रार्थना पत्र प्राप्त, थाना ड्रमण्डगंज पर 10 प्रार्थना पत्र प्राप्त 01 निस्तारित, थाना चुनार पर 10 प्रार्थना पत्र प्राप्त, थाना अदलहाट पर 07 प्रार्थना पत्र प्राप्त 02 निस्तारित, थाना जमालपुर पर 08 प्रार्थना पत्र प्राप्त 01 निस्तारित, थाना मड़िहान पर 14 प्रार्थना पत्र प्राप्त 03 निस्तारित, थाना अहरौरा पर 14 प्रार्थना पत्र प्राप्त व थाना राजगढ़ पर 04 प्रार्थना पत्र प्राप्त शेष मामलों के निस्तारण हेतु राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को रवाना किया गया।

# पुलिस कमिश्नर के आदेश पर दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। बड़ागांव थाना क्षेत्र के पुआरीकला गांव में एक अंधी दिव्यांग विवाहिता को उसके ससुराल पक्ष वालों ने दहेज में जमीन न देने पर तरह-तरह की यातना देते हुए उसे मारे पीटे और जान से मारने का प्रयास किये इतना ही नहीं बीच बचाव करने पहुंचे विवाहिता के माता पिता को भी ससुराल वालों ने मारपीट कर घायल कर दिया।इस मामले में पुलिस कमिश्नर ने पिड़िता के प्रार्थना पत्र पर पति सहित ससुराल पक्ष के आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है स्थानीय पुलिस सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच कर रही है।दिये गये प्रार्थना पत्र में विवाहिता सुनीता जो शत प्रतिशत अंधी है उसका विवाह पुआरी कला गांव निवासी पंधारी के पुत्र मनोज के साथ हुई है। विवाहिता ने आरोप लगाया है की उसके पति, ससुर, सास मुन्नी,ननद अनीता एवं सुमीत्रा तथा ननदोई सुनील दहेज में मेरे पिता सुक्खू एवं मां भवानी से जमीन अपने नाम कराने की मांग कर रहे हैं। असमर्थता व्यक्त करने पर आये दिन मुझे मारते पीटते एवं जान से मारने की धमकी देते हैं हद तब हो गयी 10 फरवरी 2026 को ससुराल पक्ष के लोग मुझे निर्ममता पूर्वक मारने पीटने लगे जानकारी पाकर मेरे माता-पिता मुझे बचाने पहुंचे तो आरोपियों ने उन्हें भी मारपीट कर घायल कर दिया।

# गोबर गैस प्लांट बना आत्मनिर्भरता का माध्यम, प्राकृतिक खेती में भी मिल रही सफलता

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी विकासखंड के थाना गांव निवासी हरिशंकर उर्फ पप्पू सिंह पिछले करीब 17 वर्षों से गोबर गैस प्लांट का सफल संचालन कर ग्रामीणों के लिए मिसाल बने हुए हैं। वर्ष 2009 में ब्लॉक स्तर पर संचालित योजना के तहत उन्होंने अपने घर पर दो घन मीटर क्षमता का गोबर गैस प्लांट लगवाया था, जिसका लाभ आज भी लगातार मिल रहा है।



हरिशंकर सिंह ने बताया कि प्लांट से तैयार होने वाली गैस से प्रतिदिन घर के तीन से पांच लोगों का भोजन व नाश्ता आसानी से तैयार हो जाता है। गोबर गैस का फ्लेम सामान्य एलपीजी गैस की अपेक्षा थोड़ा धीमा होता है, लेकिन इसी कारण भोजन अच्छी तरह पकता है और उसका स्वाद भी बेहतर होता है। उन्होंने बताया कि गैस का उपयोग सुबह-शाम नियमित रूप से खाना बनाने में किया जाता है, जिससे घरेलू खर्च में भी काफी बचत होती है।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में उनके पास दो गाय व उनके बच्चे हैं, जिनके गोबर से प्लांट का संचालन किया जा रहा है। हालांकि उनका कहना है कि एक गाय के गोबर से भी दो घन मीटर क्षमता वाला गोबर गैस प्लांट आसानी से चलाया जा सकता है। प्रतिदिन गोबर और पानी को निर्धारित मात्रा में मिलाकर प्लांट में डाला जाता है, जिससे गैस का लगातार उत्पादन होता रहता है।

हरिशंकर सिंह केवल गोबर गैस तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि वह पूरी तरह प्राकृतिक खेती को भी अपनाए हुए हैं। प्लांट से निकलने वाली स्लरी को वह खेतों में जैविक खाद के रूप में प्रयोग करते हैं। उनका कहना है कि इस खाद के उपयोग से मिट्टी की उर्वरक क्षमता बढ़ती है और फसलों की गुणवत्ता भी बेहतर होती है। साथ ही रासायनिक खाद पर होने वाला खर्च भी काफी कम हो गया है।

उन्होंने बताया कि जैविक खाद के प्रयोग से खेत की नमी लंबे समय तक बनी रहती है और उत्पादन भी संतोषजनक मिल रहा है। गांव के कई किसान अब उनके कार्य को देखकर गोबर गैस प्लांट और जैविक खेती के प्रति रुचि दिखा रहे हैं।

हरिशंकर सिंह से प्रेरित होकर थाना गांव के ही कुँवर बहादुर सिंह रामपुर गांव के सतिराम यादव और फूलपुर के ओम प्रकाश पटेल के भी गोबर गैस लगाकर उससे निकले स्लरी को खेतों में बहाकर प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रहे । इतना ही नही हरिशंकर सिंह व ओम प्रकाश पटेल को प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर कई बार पुरस्कृत भी किया जा चुका । ग्रामीण क्षेत्र में बढ़ती महंगी रसोई गैस और रासायनिक खाद के बीच हरिशंकर सिंह का यह प्रयास आत्मनिर्भरता, पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक खेती का एक सफल उदाहरण बनकर सामने आया है।

# सर्व समाज को लेकर चलती है सपा की सरकार-धर्मेंद्र सिंटू यादव

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ/वाराणसी। विधानसभा क्षेत्र 386 शिवपुर की ग्रामसभा पंचायत सीवों में शनिवार को समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल किडनी रोग से पीड़ित सपा नेता बालाखेंद्र राजभर जी के आवास पर पहुंचा और उनका कुशलक्षेम जाना।

माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जी के निर्देश पर पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय महासचिव माननीय राम अचल राजभर जी के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान की।

इस दौरान बालाखेंद्र राजभर जी ने भावुक होकर राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि उनके सहयोग व आशीर्वाद से उनका मनोबल मजबूत हुआ है।

पत्रकारों से बातचीत में राम अचल राजभर जी ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार और पेपर लीक जैसे मुद्दों पर मतदान करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि युवा कम मानदेय पर आउटसोर्सिंग की नौकरियां करने को मजबूर हैं और सरकार केवल दावे कर रही है। उन्होंने भाजपा की डबल इंजन सरकार पर धर्म और जाति के नाम पर लोगों को उलझाकर मूल समस्याओं से ध्यान भटकाने का





आरोप लगाया और दावा किया कि वर्ष 2027 में अखिलेश यादव जी के नेतृत्व में प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी।

इस अवसर पर जिला महासचिव आनंद मौर्य, प्रदेश सचिव राधाकृष्ण संजय यादव, आनंद मोहन गुड्डू, हीरालाल मौर्य, धर्मेंद्र सिंटू यादव, ओपी सिंह, अक्षय कुमार बबलू सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इसी क्रम में लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में धर्मेंद्र सिंटू यादव जी ने माननीय अखिलेश यादव जी को ह्लसत्यमेव जयतेह्व अंकित राष्ट्रीय प्रतीक मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया, जिसे शक्ति, साहस, गर्व और आत्मविश्वास का प्रतीक बताया गया।

# जनरेटर से पानी की आपूर्ति करे सुनिश्चित, लापरवाही पर होगी कड़ी कार्यवाही-कल तक विधुत आपूर्ति बहाल करने का भी निर्देश -जिलाधिकारी

**समाज जागरण**

मीरजापुर / भीषण गर्मी के दृष्टिगत विगत 2026 की सांय आई तेज आंधी पानी से बिजली व्यवस्था को अभी तक शत प्रतिशत गांव में विद्युत आपूर्ति व पेयजल आपूर्ति न होने पर जिलाधिकारी ने कड़ा रूख अपनाते हुए सम्बन्धित अधिकारियो के साथ आपात बैठक कर कड़े शब्दो में कहा कि रविवार की सांय तक हर हाल में शत प्रतिशत विद्युत आपूर्ति बहाल हो जानी चाहिए, कल के बाद शिकायते मिलने पर सम्बन्धित क्षेत्र के अधिशासी अभियंता व अवर अभियंता के विद्युत एफ0आई0आर0 दर्ज कर कार्यवाही करते हुए उनके निलम्बन की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

जनपद में विद्युत आपूर्ति व पेयजल आपूर्ति को शत प्रतिशत सुनिश्चित कराने के दृष्टिगत जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में विधायक नगर रत्नाकर मिश्र, विधायक मझवां सुचिस्मिता मौर्या, विधायक छानबे रिंकी कोल के साथ जल निगम, विद्युत, नगर पालिका/पंचायत एवं जल निगम के कार्यदायी एजेंसियो के साथ बैठक कर पेयजल व विद्युत की समस्याओं को तत्काल बहाल करने का निर्देश दिया।

बैठक मे विधायक नगर रत्नाकर मिश्र ने विधानसभा नगर क्षेत्रान्तर्गत ग्रामसभा अर्जुनपुर फीडर में विद्युत आपूर्ति की अधिक कटौती पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए विजयपुर फीडर, फुकरैती सहित कोन विकास खण्ड के अन्य ग्रामो में विद्युत आपूर्ति की कटौती अधिक होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि विद्युत आपूर्ति ठीक ढंग से न होने के कारण पेयजल आपूर्ति भी नहीं हो पा रही है जिससे ग्रामीणो में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि तत्काल विद्युत आपूर्ति बहाल की जाए। उन्होंने जल निगम के अधिकारियो को बताया कि धनीपट्टी, यादव बस्ती, परवा में पानी नहीं आने की शिकायत है। पेयजल पाइप क्षतिग्रस्त होने व अन्य किसी कारण पेयजल आपूर्ति न होने की शिकायतो को गम्भीरता से लेते हुए सत्यापन कराकर ठीक कराएं ताकि गर्मी के दिन में पेयजल आपूर्ति लोगो को मिल सके। अधिशासी अभियंता विद्युत के द्वारा बताया गया कि विजयपुर फीडर को दो दिवस के अन्दर सहीकराकर लो वोल्टेज की समस्या तथा विद्युत आपूर्ति को बहाल दिया जाएगा।

विधायक मझवां ने सुचिस्मिता मौर्या ने पड़री मार्केट, भोजपुर पहाड़ी, रामनगर सिकरी, अनंतराम पट्टी में विद्युत मरम्मत कर आपूर्ति सुनिश्चित किया जाए जिस पर अधिशासी अभियंता विद्युत ने बताया कि रामपुर सिकरी और भोजपुर पहाड़ी आज ही सांय तक ठीक करा लिया जाएगा। पड़री मार्केट की विद्युत आपूर्ति ठीक हो गई है तथा अनंतराम पट्टी में कल तक मरम्मत कार्य पूर्ण हो सकेगा।

विधायक छानबे रिंकी कोल ने भी अपने क्षेत्र में विद्युत बहाली व पेयजल आपूर्ति सही कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता से बताया कि राजगढ़ के धनसिरिया में लगभग दो माह से अधिक विद्युत खराबी होने की शिकायत लम्बित है इसी प्रकार भीटी, नवडेहवा, धनसिरिया जो अभी तक ठीक नहीं कराया गया है। उन्होंने कहा कि यह घोर आपत्तिजनक है। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता राजगढ़/मड़िहान को कड़े निर्देश दिया कि कल पहुंचकर स्वंय निरीक्षण कर दो दिवस के अन्दर ठीक कराते हुए आख्या दे। बैठक में पेयजल परियोजनाओ के कार्यदायी एजेंसियो के द्वारा बताया गया कि डंगहर व सुमतिया पाण्डेय तथा जमालपुर ब्लाक के सुखौड़ा गोठौरा व रसूलपुर, राजगढ़ विकास खण्ड कूबा खुर्द, रामपुर डबही, अहुगी कला, गलरा व बरवा में लो वोल्टेज या विद्युत कभी कम कभी ज्यादा होने के कारण ट्यूबबेल नही चल पा रहे जिसे तत्काल ठीक कराने का निर्देश विद्युत विभाग के अधिकारियो को जिलाधिकारी ने जल निगम के अधिकारियो को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि जहां कही भी पाइप लाइन डैमेज हो या विद्युत दोष से खराब हो या अन्य किसी कारण से खराब हो उसे तत्काल ठीक कराकर प्रत्येक दशा में जलापूर्ति सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि जिन परियोजनाओ पर विद्युत दोष के कारण अथवा लो वोल्टेज के कारण मशीन/ट्यूबबेल नहीं चल पा रहे है वहां पर जनरेटर के चलाकर पेयजल आपूर्ति की जाए। गर्मी के दिन पेयजल आपूर्ति की शिकायत किसी भी स्तर पर बर्दाशत नही की जाएगी।

# वन विभाग बुढ़ार में 'कागजी हेरफेर' का बड़ा आरोप! बीट गार्ड की कार्यप्रणाली पर उठे गंभीर सवाल

**समाज जागरण**

बुढ़ार / शहडोल वन परिक्षेत्र बुढ़ार (शहडोल) के अंतर्गत एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने विभाग की विभागीय कार्रवाई और पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आरोप है कि दो अलग-अलग वन क्षेत्रों (बीट) के मामलों को आपस में उलझाकर झूठे या त्रुटिपूर्ण केस तैयार किए जा रहे हैं। इस संबंध में पीड़ित बृजेश मिश्रा ने सीधे वन परिक्षेत्र अधिकारी (रेंजर) बुढ़ार को लिखित शिकायत सौंपकर दस्तावेजों की मांग की है ताकि वे न्यायालय की शरण ले सकें।



**क्या है पूरा मामला? बीट और POR का उलझा खेल**

शिकायतकर्ता बृजेश मिश्रा द्वारा वन परिक्षेत्र अधिकारी को दिए गए पत्र के अनुसार, मामला 833 धनपुरी बीट और 837 बेम्हौरी बीट से जुड़ा हुआ है।

आरोप 1: बेम्हौरी बीट के बीट गार्ड चन्द्र कुमार पटेल द्वारा कक्ष क्रमांक 837 बेम्हौरी का पी.ओ.आर. (POR) काटा गया है।

आरोप 2: शिकायतकर्ता का कहना है कि पहले सुनवाई प्राधिकृत अधिकारी एवं उप मण्डल अधिकारी जैतपुर के द्वारा केस में इस बात को नजरअंदाज किया गया। जैतपुर अधिकारियों द्वारा गाड़ी राजसात (सीज) करने की प्रक्रिया 833 धनपुरी बीट में की गई है, जबकि POR 837 बेम्हौरी बीट का काटा गया है।

आरोप 3: इस विसंगति के खिलाफ जब श्रीमान अपीलीय अधिकारी एवं वन संरक्षक वन वृत्त शहडोल के समक्ष अपील की गई, तो दिनांक 07.05.2026 को सुनवाई के दौरान भी इस बात को नजरअंदाज कर दिया गया कि गाड़ी राजसात की कार्रवाई और POR का स्थान अलग-अलग हैं।

किसके इशारे पर बीट गार्ड ने की कार्रवाई?

शिकायतकर्ता ने सीधे तौर पर बुढ़ार रेंजर से यह सवाल किया है कि बीट गार्ड चन्द्र कुमार पटेल ने आखिर किसके कहने पर बेम्हौरी बीट का पी.ओ.आर. 837 काटा? उन्होंने विभाग से मांग की है कि: इस पूरे मामले की समस्त जानकारी और दो अलग-अलग केस बनाने की प्रक्रिया की सत्यापित कॉपी (Certified Copy) तत्काल प्रदान की जाए। इस प्रमाणित प्रति का उपयोग शिकायतकर्ता न्यायालय में सच साबित करने के लिए करेंगे।

बड़ा सवाल: एक बीट में गाड़ी पकड़ना और दूसरी बीट का POR काटना... क्या यह महज एक लिपिकीय गलती है या फिर किसी को जानबूझकर फंसाने के लिए कागजों की बाजीगरी की गई है? देखना यह है कि बुढ़ार वन विभाग इस मामले में क्या निष्पक्ष जांच कराता है या फिर अपने मातहतों के इस 'खेल' पर पर्दा डालता है!

# ब्यौहारी क्षेत्र में डंके की चोट पर हो रहा अवैध रेत उत्खनन पुलिस और खनिज विभाग नहीं लगा पा रहे अंकुश

**समाज जागरण विजय तिवारी**

शहडोल। जिले के अंतर्गत ब्यौहारी में गाँजा, रेत, पत्थर, नकली नोट या यूं कहें नशे के इंजेक्शन एवं अन्य कारोबार में धड़ल्ले से चल रहा है और इन पर नियंत्रण पाने में पुलिस पूरी तरह असफल नजर आ रही है।एक तरफ तो मोहन यादव की सरकार ने अवैध कार्यों पर सख्त कार्यवाही के फरमान जारी किये हैं और डीजीपी खुद इसकी मॉनीटरिंग भी कर रहे हैं। किंतु जब अवैध कार्यों की मॉनीटरिंग जिले और थाने में बैठे आका करने लगें तो मुख्यमंत्री हो या डीजीपी इस मामले को कैसे नियंत्रित कर पायेंगें और यही कुछ ब्यौहारी क्षेत्र में हो रहा है। क्षेत्र में ऐसा कोई नदी-नाला नहीं हैं जहां रेत का अवैध उत्खनन न होता है। कहने को भले ही शहडोल जिले में रेत का ठेका वर्तमान में नहीं है। लेकिन अवैध रूप से पुलिसिया ठेकेदार खाकी और खादी मिलकर रेत के कारोबार को अंजाम देने का काम कर रहे हैं।

**नदियों का चीर हरण कर रहे माफिया**

ब्यौहारी क्षेत्र में जिस तरह से नदियों का चीर हरण कर रेत माफिया बेखौफ होकर नदियों में मशीन लगाकर ट्रैक्टरों से रेत निकालने का काम कर रहे हैं, उस पर ना तो खनिज विभाग का नियंत्रण है और ना ही पुलिस का। सूत्र बताते हैं कि ब्यौहारी और बाणसागर की पुलिस ट्रैक्टर मालिकों एवं सरगनाओं से मिलकर नदियों से रेत निकलवाने का काम बेधड़क ढंग से करवा रही है। यूं तो बाणसागर क्षेत्र में सर्वाधिक कार्यवाही के लिये चर्चित थाना प्रभारी सुभाष मौजूद हैं और यही हाल ईमानदारी का जीता जागता सुबूत ब्यौहारी में देखने को मिल रहा है, जहां प्रभारी को चप्पे की जानकारी है, लेकिन इन रेत माफियाओं पर कार्यवाही करने से ये दोनो ही प्रभारी क्यों कतरा रहे हैं।नौढ़िया, भोलहरा, भोलहरी, टांघर, खांमडांड, मऊ में समधिन नदी से रेत निकालने का काम दिलीप और सुखेंद्र की जोड़ी बड़ी बेखौफ तरीके से कर रही है। गौरतलब है कि दिलीप और सुखेंद्र को पुलिस जानती भी है व पुलिस का पुराना गोलू इन दिनों टीआई की गुड लिस्ट से बाहर है व अब नये तरीके से नये सिस्टम पर काम भी हो रहा है।

**रसपुर में झापर नदी से निकल रही बालू**

बुढ़वा क्षेत्र के रसपुर में भी बेधड़क तरीके से रेत निकालने का काम किया जा रहा है, यह क्षेत्र भी ब्यौहारी थाने की सीमाओं से जुड़ा हुआ है। रसपुर, खड्डा, भमरहा में झांपर नदी से रेत निकालने का काम बेधड़क किया जा रहा है और इस काम को कोई वीरेंद्र नामक व्यक्ति कर रहा है कहते हैं कि इसे ब्यौहारी पुलिस का संरक्षण प्राप्त है। यह भी बताया गया है कि 50 ट्रैक्टर के लगभग नियमित रूप से रेत निकालने का तो काम बेधड़क किया जा रहा है। वैसे बरकछ, बराछ में भी रेत निकालने का काम हो रहा है। झांपर नदी से इसमें रेत निकालते हुये लगभग आधा सैकड़ा ट्रैक्टर प्रतिदिन रेत का काम कर रहे हैं।

**काली रात में काले कारोबार का खेल**

इन सभी क्षेत्रों में ट्रैक्टर से रेत निकालकर इकट्ठी की जाती है और यह पूरा खेल पूरी रात बेधड़क चलता है। खबर है कि काली रात में काला कारोबार खाकी के संरक्षण में फलता-फूलता है और पुलिस को प्रति ट्रैक्टर के हिसाब से उसका हिसाब-किताब भी हो जाता है। इस पूरे खेल में पुलिस और खनिज अमला मिला हुआ है।जानकारों की मानें तो यह क्षेत्र खनिज इंस्पेक्टर गुप्ता के हाथ में है। लेकिन कार्यवाही के नाम पर इक्का दुक्का ट्रैक्टरों को पकड़कर अपना कोरम पूरा कर लिया जाता है और ये ट्रैक्टर मालिक एक जगह रेत इकट्ठी कर उसे हाईवा के माध्यम से रीवा, सतना, इलाहाबाद भेजने का काम करते हैं।अगर ये कहा जाये कि शहडोल जिले में इस समय रेत का टेण्डर पुलिस ने डाल रखा है तो शायद अतिसंयोक्ति नहीं होगी और पुलिस इन माफियाओं को चाहे वो दिलीप हो या वीरेंद्र या फि सुखेंद्र इन्हें अपना हमराज मानती है।

**कहां की लगती है टीपी**

हाईवा के माध्यम से सतना, रीवा, इलाहाबाद सहित अन्य दूरस्थ स्थानों पर पहुंचाने का काम ये रेत माफिया कर रहे हैं। लेकिन इस चोरी की रेत को एक नम्बर में तबदील करने का काम भी बड़े रेत जुगत जिले भिड़ाकर किया जा रहा है। अनूपपुर में रेत ठेके का कारोबार बेधड़क ढंग से चल रहा है। अनूपपुर की टीपी लेकर ब्यौहारी में बैठा हुआ है जो 5 हजार रुपये प्रति हाईवा लेकर टीपी काटने का काम करता है और इस नम्बर 2 की रेत को 1 नम्बर की बनाकर रवाना कर दिया जाता है। इस पूरे सिंडीकेट को पुलिस जानती है लेकिन अनूपपुर की टीपी किस तरह से वहां मैनेज की जा रही है यह भी चर्चा का विषय है। ब्यौहारी और बाणसागर में अनूपपुर की टीपी का चलना कई सवालों को जन्म दे रहा है। ऐसा नहीं है कि इस कारोबार करने वाले व्यक्ति को पुलिस जानती न हो। लेकिन इसमें पुलिस का भला भी तो छिपा हुआ है और पुलिस इस मामले में कोई कार्यवाही क्यों नहीं करती कि चोरी के माल को ईमानदारी में तब्दील करने का ठेका किसी और ने नहीं बल्कि खुद पुलिस ने ले रखा है। अगर यूं ही यह कारोबार बेखौफ होकर चलता रहा तो आगामी भविष्य में क्या होगा इसका अंदाजा भयावह ही होगा।

# जरवाही बटली में अवैध रेत कारोबार पर बड़ा खुलासा

## एंट्री सिस्टम के सहारे चल रहा रेत माफियाओं का सिंडिकेट, खाकी की भूमिका पर उठे सवाल

**समाज जागरण**




जरवाही बटली क्षेत्र में इन दिनों अवैध रेत खनन का कारोबार खुलेआम फल-फूल रहा है। नर्मदा-सोन की सहायक नदियों और प्रतिबंधित जलधाराओं से रात-दिन रेत निकाली जा रही है, लेकिन जिम्मेदार विभाग और स्थानीय पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है। क्षेत्र में चर्चा है कि बिना प्रशासनिक संरक्षण और थानों की कथित ह्हरी झंडीह्व के इतना बड़ा अवैध कारोबार संभव ही नहीं है।

सूत्रों के अनुसार, जरवाही बटली रेत घाट से प्रतिदिन सैकड़ों ट्रैक्टर और मिनी ट्रक बिना वैध रॉयल्टी और अनुमति के रेत परिवहन कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कार्रवाई के बजाय एंट्री सिस्टम का खेल चल रहा है, जिसमें कथित रूप से कुछ लोगों द्वारा नियमित रूप से अवैध वसूली कर गाड़ियों को सुरक्षित निकासी दी जाती है।

खोजी पड़ताल में जिन नामों की चर्चा सामने आई है, उनमें प्रकाश, मुन्ना, छोटू, केशलाल, पवन, बृजेश, सागर, सौरभ, विजय, नंदलाला और अजय शामिल बताए जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में अवैध रेत कारोबार से जुड़े इन लोगों की गतिविधियां किसी से छिपी नहीं हैं, इसके बावजूद आज तक इनके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। स्थानीय ग्रामीणों ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि कथित तौर पर थानों और चौकियों तक महीना पहुंचाने के बाद रेत से भरे ट्रैक्टर और मिनी ट्रक बिना रोक-टोक निकल जाते हैं। आरोप है कि जैसे ही सिंडिकेट से जुड़े वाहन गुजरते हैं, खनिज विभाग और पुलिस की निगरानी अचानक निष्क्रिय हो जाती है। यही कारण है कि अब तक न तो बड़े स्तर पर वाहन राजसात किए गए और न ही किसी बड़े आरोपी पर सख्त कानूनी शिकंजा कसा गया।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि अवैध रेत कारोबार से जुड़े इन लोगों का पुराना पुलिस रिकॉर्ड और खनिज विभाग की फाइलें सार्वजनिक क्यों नहीं की जा रही हैं। यदि इन सभी व्यक्तियों के पुराने मामलों, जब्त वाहनों और शिकायतों की निष्पक्ष जांच हो जाए, तो पूरे नेटवर्क की सच्चाई सामने आ सकती है।

क्षेत्रीय नागरिकों का कहना है कि यदि ये लोग निर्दोष हैं, तो प्रतिबंधित क्षेत्रों में लगातार इनके वाहनों की मौजूदगी क्यों दिखाई देती है। वहीं, यदि अब तक कोई मामला दर्ज नहीं हुआ, तो यह स्थानीय तंत्र की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

यह मामला प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति और अवैध खनन रोकने के दावों को भी कटघरे में खड़ा करता है। मांग उठ रही है कि रीवा-शहडोल संभाग के वरिष्ठ अधिकारी, खनिज विभाग और पुलिस मुख्यालय संयुक्त रूप से पूरे मामले की जांच कराएं तथा संबंधित लोगों के कॉल डिटेल, पुराने रिकॉर्ड और वित्तीय लेन-देन की फॉरेंसिक जांच कराई जाए।

अब देखने वाली बात यह होगी कि इस कथित एंट्री सिंडिकेट पर प्रशासन सख्त कार्रवाई करता है या फिर अवैध रेत कारोबार पहले की तरह जारी रहता है।

# पीड़ित परिवार ने दर्ज कराई रिपोर्ट थाना चचाई में।

## भीषण गर्मी में आशियाना हुआ जमीदोज

**समाज जागरण राजकुमार सिंह**

अनूपपुर। इमरान और आमना खातून पति पत्नी अपने दो बच्चों के साथ अवैध कब्जे धारी के द्वारा उनके रहने के मकान को सरेआम जमीदोज कर दिया गया जिसकी शिकायत पीड़ित परिवार के द्वारा थाना चचाई में दर्ज कराई गई लेकिन थाने में शिकायत दर्ज होने के बाद चचाई पुलिस ने कहा कि हम जांच करने के बाद ही आपको रिपोर्ट की रिसीविंग कॉपी देंगे।दादागिरी के साथ एसईसीएल की निर्मित भवन को धराशाई कर दिया गया अवैध कब्जाधारियों के द्वारा नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 07 में जहां पर एसईसीएल के द्वारा श्रमिकों की रहने के लिए आवासीय कॉलोनी का निर्माण किया गया है जहां पर 432 क्वार्टर कॉलोनी कर्मचारियों के लिए बनाए गए वर्तमान में सिर्फ 105 कर्मचारी ही निवासरत हैं बाकी के कॉलोनी क्वार्टर में कुछ अवैध रूप से रहने वाले लोग कब्जा कर उन भावनाओं को किराए पर संचालित कर रहे हैं एक मामला प्रकाश में आया है कि एक परिवार अपने परिजनों के साथ इस किराए के क्वार्टर पर रह रहा था जिसके द्वारा एसईसीएल की क्वार्टर में रहते हुए कब्जा करने वाले व्यक्ति के द्वारा 10 महीना का किराए की मांग की जा रही थी इस भीषण गर्मी में पीड़ित परिवार के द्वारा किराए की राशि न दिए जाने पर सरेआम अवैध कब्जाधारी के द्वारा जिसके द्वारा एसईसीएल की क्वार्टर में मुर्गी पालन केंद्र के साथ अन्य व्यवसाय एवं कारोबार संचालित कर रहा है सूत्रों की माने तो यह कॉलोनी के क्वार्टर अमलाई बंगवार क्षेत्र सोहागपुर अंतर्गत आता है जो की अपराधिक गतिविधियों एव कई ऐसे लोगों का निवास स्थान बना हुआ है जिनके ना तो कोई पहचान है और ना ही उठाने में उनकी कोई जानकारी दर्ज कराई गई है। सुरक्षा की दृष्टिकोण से एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र के द्वारा कॉलोनी क्वार्टरों की देखरेख एवं सुरक्षा की जिम्मेदारी बृजेश कचेर नामक व्यक्ति जो की क्वार्टर की देखरेख के लिए नियुक्त किया गया है वह इन अवैध कब्जाधारियों के साथ मिले रहने का संदेह जताया जाता है।

# शासन ने खत्म किए अटैचमेंट, फिर गौरेला गुरुकुल के प्राचार्य का बिलासपुर में "लंबे समय" से अटैचमेंट कैसे?

**समाज जागरण, गौरेला।**

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के गौरेला गुरुकुल में पदस्थ प्राचार्य जी. ए. अश्विनी कुमार का लंबे समय से बिलासपुर में अटैचमेंट चर्चा का विषय बना हुआ है। जबकि राज्य शासन पहले ही स्पष्ट निर्देश जारी कर चुका है कि सभी अधिकारी-कर्मचारी अपनी मूल पदस्थापना पर ही कार्य करेंगे और अटैचमेंट व्यवस्था समाप्त मानी जाएगी। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि आखिर यह अटैचमेंट किस आदेश और किसके संरक्षण में अब तक जारी है।

मामला इसलिए भी गंभीर माना जा रहा है क्योंकि गुरुकुल संस्था जनजातीय कार्य विभाग (ट्राइबल विभाग) के अंतर्गत संचालित होती है, जबकि संबंधित प्राचार्य का अटैचमेंट शिक्षा विभाग, बिलासपुर में बताया जा रहा है। प्रशासनिक जानकारों के अनुसार, जब ट्राइबल विभाग से शिक्षा विभाग में सामान्य स्थानांतरण तक प्रक्रिया के तहत संभव नहीं होता, तब लंबे समय से अटैचमेंट बने रहना कई सवाल खड़े करता है।

स्थानीय स्तर पर यह चर्चा तेज है कि शासन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद यदि किसी अधिकारी का अटैचमेंट वर्षों तक जारी रहता है, तो इसके पीछे विभागीय स्तर पर विशेष संरक्षण या प्रभाव की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। लोगों का कहना है कि यदि शासन ने अटैचमेंट व्यवस्था समाप्त कर दी है, तो फिर इस मामले में नियमों का पालन क्यों नहीं किया गया।

सूत्रों के अनुसार, गौरेला गुरुकुल में प्रशासनिक और शैक्षणिक व्यवस्था भी इससे प्रभावित होने की बात कही जा रही है। संस्था से जुड़े लोगों का मानना है कि मूल पदस्थापना स्थल पर अधिकारी की नियमित उपस्थिति आवश्यक है, ताकि व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित हो सकें।

अब मांग उठ रही है कि जनजातीय कार्य विभाग और जिला प्रशासन पूरे मामले की जांच कर स्पष्ट करें कि संबंधित अटैचमेंट किस आदेश के तहत और कितनी अवधि के लिए स्वीकृत किया गया था। साथ ही यह भी सार्वजनिक किया जाए कि शासन के आदेशों के बावजूद यह व्यवस्था अब तक क्यों जारी रही।

फिलहाल यह मामला जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग शासन के एक नियम-सब पर समान लागू सिद्धांत के पालन की मांग कर रहे हैं।

# केन्द्रीय विद्युत सचिव पंकज अग्रवाल ने किया संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर का दौरा

**समाज जागरण**



उमरिया। भारत सरकार के विद्युत सचिव पंकज अग्रवाल ने उमरिया जिले के अंतर्गत संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर का एक दिवसीय दौरे में विद्युत गृह की विद्युत उत्पादन क्षमता, संचालन दक्षता व कोयला लोडिंग, सैंपलिंग एवं परीक्षण प्रक्रियाओं का विस्तृत अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने संजय गांधी ताप विद्युत गृह की उत्पादन उपलब्धियों एवं परिचालन प्रणाली की सराहना करते हुए इसे विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यप्रणाली का उदाहरण बताया। इस दौरान पंकज अग्रवाल ने मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह व वरिष्ठ अभियंताओं के साथ समीक्षा बैठक कर विद्युत उत्पादन से संबंधित विभिन्न तकनीकी एवं परिचालन पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने संयंत्र में कोयले की गुणवत्ता, आपूर्ति प्रक्रिया तथा परीक्षण तंत्र को विस्तार से समझा एवं अभियंताओं से इस संबंध में व्यावहारिक अनुभव और चुनौतियों की जानकारी प्राप्त की।

कोयले की गुणवत्ता प्रमुख चुनौती-समीक्षा बैठक में मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने विद्युत सचिव पंकज अग्रवाल को कोयले की लोडिंग, अनलोडिंग, सैंपलिंग एवं परीक्षण की संपूर्ण प्रक्रिया का विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिया। कोल वॉशरी संचालन एवं उसके निस्तारण तंत्र की जानकारी साझा की गई। बैठक के दौरान प्रबंध संचालक ने विद्युत उत्पादन संयंत्रों के समक्ष कोयले की गुणवत्ता एवं ग्रेड निर्धारण से जुड़ी चुनौतियों को प्रमुख विषय के रूप में प्रस्तुत किया तथा इस दिशा में बेहतर समाधान की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

कोयला की गुणवत्ता के समाधान का आश्वासन-कोयले की गुणवत्ता एवं ग्रेड विभेद से संबंधित चुनौतियों को गंभीरता से सुनकर उन्होंने इस दिशा में सकारात्मक एवं व्यावहारिक समाधान सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कंपनी द्वारा अपनाई गई फ्लाई ऐश प्रबंधन एवं निस्तारण व्यवस्था की भी विशेष सराहना की तथा विशेष रूप से श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह में विकसित प्रणाली को इस क्षेत्र में एक अनुकरणीय मॉडल बताया।

विद्युत उत्पादन यूनिट के बेहतर प्रदर्शन को बताया सराहनीय-केन्द्रीय विद्युत सचिव पंकज अग्रवाल ने कंपनी के विद्युत उत्पादन प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी की उत्पादन इकाइयाँ उच्च दक्षता एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही हैं, जो सराहनीय है। उन्होंने कहा कि उत्पादन क्षमता के साथ गुणवत्ता आधारित संचालन और संसाधनों के बेहतर उपयोग की दिशा में कंपनी के प्रयास उल्लेखनीय हैं।

विद्युत सचिव का दौरा कंपनी के लिए गौरवशाली व प्रेरणा का विषय-प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने कहा कि केन्द्रीय विद्युत सचिव पंकज अग्रवाल का यह दौरा बिरसिंगपुर एवं कंपनी के लिए गौरव एवं प्रेरणा का विषय है। उन्होंने कहा कि कंपनी की कार्यकुशलता, तकनीकी उत्कृष्टता एवं विश्वसनीय विद्युत उत्पादन के प्रति प्रतिबद्धता को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिलना समस्त अभियंताओं व कार्मिकों के लिए उत्साहवर्धक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह दौरा भविष्य में और अधिक प्रभावी एवं परिणामोन्मुखी कार्य संस्कृति को प्रोत्साहित करेगा।

बिरसिंगपुर परिसर के पर्यावरण को सराहा-केन्द्रीय विद्युत सचिव पंकज अग्रवाल व पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह सहित उपस्थित वरिष्ठ अभियंताओं द्वारा विद्युत गृह परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान पंकज अग्रवाल ने संजय गांधी ताप विद्युत गृह परिसर में विकसित हरित वातावरण, स्वच्छता एवं सुव्यवस्थित प्रबंधन की सराहना करते हुए इसे सतत एवं उत्तरदायी औद्योगिक संचालन का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। इस अवसर पर प्रबंध संचालक मनजीत सिंह, डायरेक्टर टेक्निकल सुबोध निगम, कार्यपालक निदेशक उत्पादन एच.के. त्रिपाठी, मुख्य अभियंता संचालन एवं संधारण उदित अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य अभियंता प्रशिक्षण एवं विकास अशोक कुमार तिवारी सहित कंपनी के अन्य वरिष्ठ अभियंता व कार्मिक उपस्थित थे।

# सिंगरौली को 552 करोड़ की सौगात, सीएम डॉ. यादव बोले- ऊर्जा का पावर हाउस है यह जिला

- 24 लाख महिलाओं के खातों में गैस रीफिल के लिए 115 करोड़ रुपये ट्रांसफर
- सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओ के 33.71 लाख से अधिक हितग्राहियों को 202.28 करोड़ रुपये दिए
- प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विश्व में अलग पहचान बना रहा भारत




**समाज जागरण**

भोपाल/सिंगरौली। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 23 मई को सिंगरौली जिले के लिए सौगातों का पिटारा खोल दिया। उन्होंने यहां 552 करोड़ रुपये की लागत के कई विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन किया। उन्होंने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत प्रदेश की 24 लाख महिलाओं के खातों में तीन माह की लगभग 115 करोड़ अनुदान राशि ट्रांसफर की। इसके अलावा उन्होंने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओ के अंतर्गत 33.71 लाख से अधिक हितग्राहियों के खातों में 202.28 करोड़ से अधिक राशि सिंगल क्लिक से ट्रांसफर की। सिंगरौली प्रवास के दौरान उन्होंने छात्राओं से कई मुद्दों पर संवाद भी किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया में अपनी अलग पहचान बना रहा है। मध्यप्रदेश भी इस विकास यात्रा में कंधे से कंधा मिलाकर साथ चल रहा है। आज प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत प्रदेश की 24 लाख बहनों को तीन माह की लगभग 115 करोड़ अनुदान राशि और विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओ के अंतर्गत 33.71 लाख से अधिक हितग्राहियों को 202.28 करोड़ से अधिक राशि का सिंगल क्लिक से अंतरण किया गया है। राज्य सरकार लाड़ली बहनों को हर माह 1500 रुपए की राशि भेज रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के खजाने में बहनों के कल्याण के लिए कोई कमी नहीं है। स्व-सहायता समूहों के माध्यम से प्रदेश की बहनें समृद्ध हुई हैं। आज सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की राशि अंतरित करने के साथ ही दिव्यांग भाई-बहनों को ट्राइसिकिल भी वितरित की गई।

**विकास के लिए प्रतिबद्ध सरकार**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंगरौली प्रदेश की ऊर्जा का पावर हाउस है। यह आर्थिक रूप से भी प्रदेश में अहम स्थान रखता है। ऊर्जाधानी सिंगरौली केवल कोयले के लिए प्रसिद्ध नहीं है, अब तो यहां सोने की खदान भी मिल रही है। राज्य सरकार सिंगरौली जिले के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। सिंगरौली को रेल, सड़क और हवाई मार्ग की सौगातें मिली हैं। एक दौर में यहां की जनता आवागमन के लिए परेशान होती थी। इस वर्ष एमपी बोर्ड परीक्षाओं में सिंगरौली जिले के 5 विद्यार्थियों ने मैरिट में स्थान हासिल किया है। यह ज्ञान-विज्ञान की धरती है। उन्होंने कहा कि सिंगरौली जिले में 4 सांदीपनि विद्यालय स्थापित किए गए हैं।

**अनावश्यक खर्च से बचें**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि गांवों की समृद्धि के लिए, बिजली और पानी के लिए नई योजनाएं शुरू की गई हैं। प्रदेश में सबसे पहले नदी जोड़ो अभियान की शुरूआत की गई है। प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण का महाभियान चल रहा है। हमारी सरकार गरीब, किसान, युवा और महिला सहित हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वैश्विक संकट के समय पेट्रोल-डीजल के दाम कहां से कहां पहुंच गए। ऐसे समय में प्रधानमंत्री मोदी के भाव के अनुरूप हम सभी सादगी और मितव्ययता के साथ काम कर रहे हैं ।आप सभी अनावश्यक खर्च से बचें, लेकिन जो जरूरी है वो करें। आज सामूहिक विवाह समारोहों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है।

# सीधी में 3 बच्चों की मौत: सीएम डॉ. यादव ने जताया दुख, मृतकों के परिजनों को दी 6-6 लाख रुपये की आर्थिक सहायता

- रेड क्रॉस सोसायटी की ओर से 20-20 हजार रुपये की घोषणा
- संकट की घड़ी में शोकाकुल परिवार के साथ खड़ी सरकार

**समाज जागरण**

भोपाल। मध्यप्रदेश के सीधी जिले में 23 मई को दर्दनाक हादसा हो गया। इस हादसे में तीन बच्चों की मौत हो गई। इस हादसे पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस संकट की घड़ी में सरकार शोकाकुल परिवार के साथ है। सीएम डॉ. यादव ने मृत बच्चों के परिजनों के लिए राज्य शासन की ओर से 6-6 लाख रुपये और रेड क्रॉस सोसायटी की ओर 20-20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता की घोषणा की।

दुर्घटना को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज सीधी जिले के ग्राम कसिहवा में शॉर्ट सर्किट से हुए हादसे में तीन बच्चों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद एवं हृदय विदारक है। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवगतों को शांति प्रदान करें। मृतकों के परिजन को आर्थिक सहायता हेतु राज्य शासन की ओर से 6-6 लाख और जिला रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से 20-20 हजार की राशि दी जा रही है।

# कलेक्टर श्री यादव की अध्यक्षता में क्षीर धारा ग्राम योजना की समीक्षा बैठक सम्पन्न

## दुग्ध उत्पादन दोगुना करने जिले के 65 ग्राम चयनित, मध्यप्रदेश को मिल्क कैपिटल बनाने की दिशा में तेजी

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में क्षीर धारा ग्राम योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण फुलपगारे सहित पशुपालन एवं डेयरी विभाग, कृषि विभाग, वन विभाग, आजीविका मिशन, सहकारिता विभाग, दुग्ध संघ, कृषि विज्ञान केन्द्र तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में पशुपालन एवं डेयरी विकास से संबंधित योजनाओं की प्रगति की



समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री मोहन यादव की मंशानुसार प्रदेश में क्षीर धारा ग्राम योजना एवं हिरण्यगर्भा अभियान जैसे नवाचार प्रारंभ किए गए हैं, जिनका मुख्य उद्देश्य दुग्ध उत्पादन बढ़ाना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाना है।

बैठक में जानकारी दी गई कि जिले के 65 ग्रामों का चयन ह्लक्षीर धारा ग्राम योजनाह्व के अंतर्गत किया गया है। चयनित ग्रामों को आदर्श पशुपालन ग्राम के रूप में विकसित किया जाएगा। योजना के तहत देशी गायों में उन्नत दुधारू नस्ल के बीज से गभार्धान कराया जाएगा, जिससे पशुधन की गुणवत्ता में सुधार होने के साथ दुग्ध उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकेगी।

बैठक में आवारा नाटों के बधियाकरण एवं उन्हें गौशालाओं में भेजने की कार्ययोजना पर भी विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि इससे आवारा पशुओं की समस्या में कमी आएगी तथा पशुधन प्रबंधन अधिक प्रभावी बन सकेगा।

योजना के अंतर्गत चयनित ग्रामों में दुग्ध समितियों का गठन कर दुग्ध संग्रहण केन्द्र स्थापित किए जाएंगे। इससे ग्रामीण पशुपालकों को दूध विक्रय की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी तथा उनकी आय में वृद्धि होगी। कृषि विभाग द्वारा चयनित गांवों में चारा बीज वितरण एवं चारा उत्पादन बढ़ाने की योजना तैयार की गई है। वहीं सहकारिता विभाग पात्र पशुपालकों को पशुपालन कार्य के लिए किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) का लाभ उपलब्ध कराएगा।

बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 21 मई को पशुपालन एवं डेयरी विभाग की समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों का भी उल्लेख किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश को ह्लमिल्क कैपिटलह्व बनाने के प्रयास अब परिणाम देने लगे हैं। अधिकारियों ने जानकारी दी कि प्रदेश में प्रतिदिन औसतन 9.67 लाख किलोग्राम दुग्ध संकलन दर्ज किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक है। वहीं गत छह माह में प्रदेश में औसतन 11 लाख किलोग्राम से अधिक प्रतिदिन दुग्ध संकलन किया गया है, जो पशुपालन एवं डेयरी क्षेत्र में प्रदेश की तेज प्रगति को दशार्ता है।

# नंगली वाजिदपुर और सेक्टर-130 में नए ट्रांसफार्मर न लगने से लोग परेशान

नोएडा, समाज जागरण। नोएडा के नंगली वाजिदपुर और सेक्टर-130 क्षेत्र में नए विद्युत ट्रांसफार्मर नहीं लगाए जाने से स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लगातार बिजली कटौती, हाई-लो वोल्टेज और जर्जर केबलों के कारण क्षेत्रवासियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

इसी समस्या को लेकर ग्राम विकाससंगठन के संयोजक डीपी चौहान के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने सेक्टर-124 स्थित बिजली विभाग कार्यालय पहुंचकर एसडीओ होशियार सिंह से मुलाकात की। इस दौरान ग्राम विकास संगठन के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अशोक चौहान ने एसडीओ को अवगत कराया कि नंगली वाजिदपुर और सेक्टर-130 में बिजली आपूर्ति सुचारू रखने के लिए स्वीकृत सभी नए ट्रांसफार्मर जल्द लगाए जाएं तथा जर्जर विद्युत केबलों को बदला जाए।



प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि क्षेत्र में लगभग 11 नए ट्रांसफार्मर लगाने की स्वीकृति पहले ही मिल चुकी है और ट्रांसफार्मरों के लिए चबूतरे भी तैयार किए जा चुके हैं। बावजूद इस्के करीब दो महीने बीत जाने के बाद भी संबंधित ठेकेदार और कंपनी द्वारा ट्रांसफार्मर नहीं लगाए गए हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार बिजली कटौती और हाई-लो वोल्टेज के कारण घरेलू विद्युत उपकरण खराब हो रहे हैं। भीषण गर्मी में बुजुर्गों और बच्चों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है।

ग्राम विकास संगठन के संयोजक डीपी चौहान ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि अगले 72 घंटे के भीतर नंगली वाजिदपुर और सेक्टर-130 में प्रस्तावित सभी नए ट्रांसफार्मर नहीं लगाए गए तो संगठन



इस मुद्दे को मुख्यमंत्री के समक्ष उठाएगा और आवश्यकता पड़ने पर बड़ा आंदोलन भी किया जाएगा।

इस अवसर पर डीपी चौहान, अशोक चौहान, मोंटी चौहान, नरेंद्र चौहान, सचिन चौहान और पवन चौहान सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# वेलेंसिया होम्स सोसाइटी में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 को लेकर जागरूकता अभियान आयोजित

नोएडा, समाज जागरण। नोएडा के सेक्टर-1 स्थित वेलेंसिया होम्स सोसाइटी में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 एवं उचित कूड़ा निस्तारण व्यवस्था को लेकर जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। यह अभियान स्वास्थ्य विभाग के निर्देशन में फीडबैक फाउंडेशन द्वारा तथा सोसाइटी फॉर हेल्थ एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन (SHDO) के सहयोग से संपन्न हुआ।

अभियान का मुख्य उद्देश्य सोसाइटी निवासियों को वैज्ञानिक तरीके से कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूक करना और स्वच्छ एवं सतत वातावरण बनाए रखने के लिए सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के दौरान लोगों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रमुख प्रावधानों, कूड़ा निस्तारण की सही प्रक्रियाओं तथा व्यक्तिगत जिम्मेदारियों के महत्व की जानकारी दी गई।

इस दौरान विशेष रूप से स्रोत स्तर पर कचरे के पृथक्करण, सोसाइटी परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने और रहट दिशानिर्देशों के पालन पर जोर दिया गया। निवासियों को पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छ समुदाय निर्माण के लिए दैनिक जीवन में जिम्मेदारीपूर्वक कचरा प्रबंधन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।



कार्यक्रम के अंतर्गत उपस्थित लोगों को स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन की शपथ भी दिलाई गई। शपथ के माध्यम से निवासियों ने कचरे का पृथक्करण करने, स्वच्छता बनाए रखने तथा निर्धारित रहट दिशानिर्देशों का पालन करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# प्रयागराज में अर्बन बाजार पर हाईकोर्ट में PIL, नोएडा के मॉडल का भी जिक्र

**समाज जागरण**

इलाहाबाद उच्च न्यायालय में ए.जी. ऑफिस चौराहे के सामने प्रस्तावित "अर्बन बाजार" को लेकर जनहित याचिका दायर की गई है। याचिकाकताओं ने दावा किया है कि सरकारी कार्यालयों के सामने इस तरह के बाजार से पर्यावरण, यातायात और आम जनता के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

यह जनहित याचिका अधिवक्ता सुनीता शर्मा एवं अन्य की ओर से दाखिल की गई, जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार सहित 9 पक्षकारों को प्रतिवादी बनाया गया है। मामले की सुनवाई माननीय न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी एवं माननीय न्यायमूर्ति कुनाल रवि सिंह की खंडपीठ ने की।

याचिका में प्रतिवादी संख्या-9 द्वारा 15 अक्टूबर 2025 को जारी टेंडर नोटिस को निरस्त करने की मांग की गई है। साथ ही ए.जी. ऑफिस चौराहे के सामने किसी भी प्रकार का अर्बन बाजार स्थापित न करने का निर्देश देने की मांग भी की गई है।

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से उपस्थित अधिवक्ता ने PIL की सुनवाई योग्य होने पर प्रारंभिक आपत्ति उठाई। अदालत को बताया गया कि याचिका इलाहाबाद हाईकोर्ट नियमावली 1952 के अध्याय-22 के नियम 1(3-अ) के तहत आवश्यक



खुलासे एवं घोषणा के बिना दायर की गई है।

इसके बाद याचिकाकताओं की ओर से आवश्यक शपथपत्र दाखिल करने के लिए समय मांगा गया, जिसे स्वीकार करते हुए अदालत ने मामले की सुनवाई स्थगित कर दी। अब यह मामला 25 मई 2026 को नए वाद के रूप में सूचीबद्ध किया जाएगा।

स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों का कहना है कि जिस तरह नोएडा सेक्टर 18 और अन्य व्यस्त इलाकों में सड़क किनारे अस्थायी बाजारों और ढांचों के कारण ट्रैफिक व अतिक्रमण की समस्या बढ़ी है, उसी प्रकार प्रयागराज में भी स्थिति बिगड़ने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, अंतिम निर्णय न्यायालय के आदेश और प्रशासनिक प्रक्रिया पर निर्भर करेगा।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे। न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

# सीमापुरी में रोड नंबर-70 पर प्रदूषण का आतंकः तार जलाने से दमघोंटू धुआँ, प्रशासन मौन

समाज जागरण *पूर्वी दिल्ली/शाहदरा।** सीमापुरी थाना क्षेत्र के नई सीमापुरी रोड नंबर-70 पर खुले में तार जलाकर धातु निकालने की खतरनाक गतिविधि लगातार बढ़ती जा रही है। शाम ढलते ही धुएं का घना गुबार पूरे इलाके को अपनी चपेट में ले लेता है, जिससे राहगीरों व स्थानीय निवासियों का सांस लेना मुश्किल हो जाता है।

यह इलाका थाना सीमापुरी के बीट नंबर-7 में आता है और पहले भी बांग्लादेशी घुसपैठ व धरपकड़ मामलों के कारण सुर्खियों में रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रोजाना **शाम 5 बजे से देर रात तक** तार जलाए जाते हैं, जिससे जहरीला धुआँ वातावरण में फैलकर स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न करता है।

### *शालीमार गार्डन और दिल्ली आने-जाने वालों पर सीधा असर*

गाजियाबाद के शालीमार गार्डन से दिल्ली की ओर आने-जाने वाले लोग इस धुएँ से सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। शुक्रवार की शाम तो स्थिति बेहद गंभीर हो गई– करीब **7 बजे धुएँ का स्तर इतना बढ़ गया कि लोगों को आंखों में जलन और सांस लेने में दिक्कत** होने लगी।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह



कोई एक दिन की घटना नहीं बल्कि **लंबे समय से चल रही अवैध गतिविधि** है। आरोप है कि तार जलाकर धातु निकालने का यह काम रोज किया जाता है, जिससे प्रदूषण खतरनाक स्तर तक पहुंच जाता है।

### पुलिस की कार्रवाई भी बेअसर

एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि पास के पुलिस बूथ से एक पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचा और वहां मौजूद महिला को फटकार भी लगाई, लेकिन उसने तार जलाना बंद नहीं किया। इससे साफ है कि **चेतावनी देना पर्याप्त नहीं**, बल्कि सख्त कार्रवाई की आवश्यकता है।

### *कचरा, धुआँ और बढ़ता पर्यावरणीय संकट*

सड़क किनारे जमा कचरा और तार जलाने से उठता धुआँ अब इलाके की पहचान बनता जा रहा है।

स्थानीय निवासियों ने आशंका जताई है कि **लगातार धुएँ के संपर्क में रहने से बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव** पड़ सकता है।

लोगों ने दिल्ली सरकार, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और जिला प्रशासन से तुरंत हस्तक्षेप की मांग की है।

## **लोगों का आक्रोशः "सरकार केवल वाहनों पर सख्ती दिखाती है, असली प्रदूषण अनियंत्रित"**

कई नागरिकों ने सोशल मीडिया पर इस मुद्दे को उठाते हुए कहा–

* **"यह दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की दिल्ली है मेरी जानङ्ख दोपहर से रात भर ऐसे ही दिल्ली स्वागत करती है। गाड़ियों पर कानून चलता है, इनपर कौन कार्रवाई करेगा?" – जयप्रकाश भारद्वाज**

* **"दिल्ली सरकार होश में आओ! यह प्रदूषण हजारों गाड़ियों के प्रदूषण से भी ज्यादा खतरनाक है। सख्त कार्रवाई की जरूरत है।ह्व – गौरा सौरभ**

स्थानीय लोगों का कहना है कि जब सरकार ठडउ और ठङ्क-ढङ्क''४-३ङ्कल्ल जैसे अभियान चला रही है, तब खुले में तार जलाने जैसे प्रदूषण स्रोतों पर कार्रवाई न करना चिंताजनक है।

### *प्रशासन से तत्काल और सख्त कदम की मांग*

निवासियों ने @DCP_ShÔhdÔrÔ, @CPCB_OFFICIAL, @DPCC_Pollutio»»f, @MCD AüSX @DelhiPolice से अनुरोध किया है किः

* इलाके की नियमित मॉनिटरिंग हो
* तार जलाने वालों पर क्ढउ, पर्यावरण कानून और टउऊ एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की जाए
* रोड नंबर-70 को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए अभियान चलाया जाए

### *समाज जागरण की अपील*

खुले में कचरा या तार जलाना सिर्फ कानून का उल्लंघन नहीं, बल्कि **जन-स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा** है। प्रशासन को चाहिए कि तत्काल एक्शन लेकर सीमापुरी को जहरीले धुएँ से राहत दिलाए।

# नोएडा एक्सटेंशन में बढ़ता अतिक्रमण बना बड़ी समस्या, ट्रैफिक और सुरक्षा पर खतरा*

**समाज जागरण**

नोएडा एक्सटेंशन में लगातार बढ़ रहा सड़क किनारे अतिक्रमण अब स्थानीय लोगों के लिए गंभीर परेशानी बनता जा रहा है। **महागुन मंत्रा-2 पेट्रोल पंप के पास ठेलों का इतना ज्यादा जमाव हो गया है कि पूरा चौराहा जाम प्वॉइंट में बदल गया है।**

स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस क्षेत्र में रोजाना सैकड़ों वाहन गुजरते हैं, लेकिन ठेले और अवैध कब्जे के कारण सड़क बेहद संकरी



हो गई है। इससे

* **ट्रैफिक जाम**,
* **दुर्घटना की संभावना**,
* **पैदल यात्रियों की सुरक्षा**,

पर सीधा खतरा पैदा हो गया है।

निवासियों की मांग है कि प्रशासन कम से कम **चौराहे और पेट्रोल पंप के आसपास** से ठेलों को हटवाए, ताकि ट्रैफिक सुचारू रहे और दुर्घटनाओं से बचा जा सके। लोगों का कहना है कि संबंधित विभागों द्वारा नियमित कार्रवाई की जाए तो स्थिति में सुधार संभव है।

स्थानीय निवासियों ने प्राधिकरण और पुलिस प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की अपील की है, ताकि नोएडा एक्सटेंशन में बढ़ते अतिक्रमण पर नियंत्रण पाया जा सके और क्षेत्र की व्यवस्था पहले जैसी व्यवस्थित हो सके।

# टीएमयू बीएससी नर्सिंग में निखिल चौहान, मिस्टर तो दिव्या नायर बनीं मिस फेयरवेल

**समाज जागरण**

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ नर्सिंग में बीएससी नर्सिंग की फेयरवेल पार्टी- एलिरियन सायोनारा में बीएससी नर्सिंग अंतिम वर्ष के स्टुडेंट्स ने नृत्य, संगीत, समूह प्रस्तुति और मनोरंजक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मोहा मन

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ नर्सिंग में बीएससी नर्सिंग की फेयरवेल पार्टी- एलिरियन सायोनारा में बीएससी नर्सिंग अंतिम वर्ष के स्टुडेंट्स की नृत्य, संगीत, समूह प्रस्तुति और मनोरंजक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का जादू सिर चढ़कर बोला। अंततः निखिल चौहान को मिस्टर फेयरवेल और दिव्या नायर को मिस फेयरवेल चुना गया। मिस्टर और मिस फेयरवेल को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। बीएससी थर्ड की स्टुडेंट्स प्राची, महिमा गुप्ता,



केंजल एंड ग्रुप ने बॉलीवुड गीतों पर स्वागत नृत्य की प्रस्तुति दी। स्टुडेंट्स अमन कुमार, जैनाथ मिश्रा, समर्पित एंड ग्रुप डांस से सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। इससे पूर्व मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के संग रिद्धि-सिद्धि भवन में फेयरवेल पार्टी- एलिरियन सायोनारा का शंखनाद हुआ। इस मौके पर नर्सिंग कॉलेज की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी, नर्सिंग कालेज की प्राचार्या प्रो. जेसलीन एम., वाइस प्रिंसिपल प्रो. राम निवास आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही।

डीन नर्सिंग प्रो. सुभाषिनी ने स्टुडेंट्स को समर्पण, अनुशासन एवम् मानव सेवा की भावना के साथ नर्सिंग पेशे में आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने स्टुडेंट्स को उत्कृष्ट नर्स बनकर समाज और राष्ट्र की सेवा करने के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं। प्राचार्या प्रो. जेसलीन ने कहा कि नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का सर्वोच्च माध्यम है। उन्होंने स्टुडेंट्स को आत्मविश्वास, संवेदनशीलता और सकारात्मक सोच के साथ करियर में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। समारोह में अंतिम वर्ष के स्टुडेंट्स के लिए एक विशेष मेमोरी वीडियो के जरिए उनके कॉलेज जीवन की यादगार झलकियो को प्रस्तुत किया गया।

प्रतियोगिताओं के मूल्यांकन में डॉ. सहर्ष वाल्टर और प्रो. विजिमोल शामिल रहे। इस मौके पर डॉ. रामकुमार गर्ग, डॉ. सुमन वशिष्ठ, डॉ. सपना सिंह, प्रो. वेदमूर्ति, प्रो. अनुषी सिंह, श्री गौरव कुमार, श्री नफीस अहमद, श्री शैलेन्द्र वर्मा, सुश्री विभा कुमारी, श्रीमती चेतना वशिष्ठ आदि के संग-संग बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। संचालन जैनाथ, मिशवाह, सुश्री ईशिता, शालिना आदि ने किया।

# नॉएडा सेक्टर-133 से बड़ी खबरे केपीएझ्रकेपीएच टावर्स के सैकड़ों परिवार अब भी इंतजार में

**समाज जागरण**

नॉएडाः सेक्टर-133 स्थित *Jaypee Wishtown* के **KPA और KPH टावर्स** में रहने वाले सैकड़ों मध्यमवर्गीय परिवार आज भी अपने घरों के *डउ (Occupation Certificate)* के लिए अधिकारियों की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहे हैं। निवासियों का कहना है कि सिर्फ एक हस्ताक्षर से उनकी वर्षों की परेशानी खत्म हो सकती है, लेकिन फिर भी फाइलों में अटका यह मामला अब भी लंबित पड़ा है।

परिजनों का दर्द साफ झलकता है– "**क्या मध्यम वर्ग हमेशा घर के





लिए ही संघर्ष करता रहेगा?**"

"**Sirs, please can we get a reply?** हम सिर्फ डउ की मंजूरी चाहते हैं जिससे सैकड़ों लोगों को राहत मिल सके।"

### निवासियों ने बताया कि ओसी न मिलने के कारणः

* रजिस्ट्री से जुड़ी दिक्कतें
* बैंक लोन, ट्रांसफर और अन्य कानूनी प्रक्रियाओं में बाधा
* सुरक्षा और वैध निवास प्रमाण की समस्या

जैसे कई मुद्दे लगातार परेशान कर रहे हैं।

लोगों ने **नॉएडा अथॉरिटी** से अपील की है कि ङढअ और ङढल टावर्स की डउ फाइल पर तुरंत कार्रवाई करते हुए लाखों रुपए लगाकर बसे इन परिवारों को राहत दी जाए। स्थानीय निवासियों का कहना है कि अब गेंद प्रशासन के पाले में है और एक सकारात्मक कदम सैकड़ों परिवारों की जिंदगी में बड़ा बदलाव ला सकता है।सौजन्य से @mohanamii2013

# आईटीबीपी जवान की मां का हाथ काटने के मामले में कुछ बिंदुओं पर दोबारा होगी जांच

**समाज जागरण**

कानपुर, 23 मई। कानपुर में शनिवार को पुलिस कमिश्नर ऑफिस में अर्धसैनिक बल आईटीबीपी के जवानों की हलचल के मामले को लेकर तस्वीर अब साफ हो गई है। दरअसल, जवान अपने साथी विकास सिंह की मां के इलाज में कथित लापरवाही और अस्पताल पर कार्रवाई न होने से नाराज थे। इसी सिलसिले में कमांडेट गौरव प्रसाद पुलिस कमिश्नर के साथ बात करने आए थे। इस बातचीत में सीएमओ भी शामिल हुए। सीएमओ, पुलिस कमिश्नर और आईटीबीपी कानपुर कमांडेंट के बीच इस संबंध में लंबी बातचीत चली। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरिदत्त नेमी से इस प्रकरण में दोबारा स्पष्ट रिपोर्ट मांगी गई है।

### कमिश्नरेट के घेराव की बात निराधार

एडिशनल पुलिस कमिश्नर (कानून-व्यवस्था) विपिन ताडा ने अर्धसैनिक बल के जवानों द्वारा कमिश्नरेट परिसर को घेरने की बात से इनकार किया है। उन्होंने बताया कि आईटीबीपी का जवान बात करने के लिए अपने कई वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आया था। उस दौरान उनके साथी बाहर खड़े थे। इस पर उनसे बात की गई तो उन्होंने जवानों को वापस भेज दिया.

विपिन टाडा ने यह भी बताया कि इस मामले में पुलिस कमिश्नर ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से दोबारा स्पष्ट रिपोर्ट मांगी है। अधिकारियों का कहना है कि जांच, तथ्यों के आधार पर होगी और अगर लापरवाही साबित हुई तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आईटीबीपी का जवान कुछ दिन पहले आवेदन लेकर आया था, जिसमें आरोप था कि अस्पताल द्वारा लापरवाही पूर्वक इलाज करने के कारण उनकी मां का हाथ काटना पड़ा। मामला स्वास्थ्य विभाग का होने के कारण आवेदन मुख्य चिकित्सा अधिकारी को भेजा गया था। उनके अनुसार डॉक्टरों की कमेटी गठित कर सभी पहलू की जांच कराई गई थी, लेकिन जो रिपोर्ट आई, उस पर बात करने के लिए जवान अपने अधिकारियों को लेकर आया।

उसने कुछ बिंदुओं पर आपत्ति दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी और जवान बातचीत के बाद फिर से जांच के लिए राजी हुए हैं। जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### कमांडेंट ने कहा- पुलिस से पूरा सपोर्ट

आईटीबीपी के कानपुर कमांडेंट गौरव प्रसाद ने बताया कि हमारे जवान की मां का हाथ काटे जाने की मेडिकल जांच रिपोर्ट पर बातचीत करने के लिए पुलिस कमिश्नर से अप्वाइंटमेंट लिया गया था। इसीलिए हमारे अधिकारी व जवान आए थे। मैं अंदर बैठा था, बाहर जवान खड़े थे। शायद इसे गलत रूप में ले लिया गया। घेराव की बात निराधार है। हमें पुलिस कमिश्नर की तरफ से पूरा सपोर्ट मिल रहा है।

# फिट इंडिया और ग्रीन सिटी अभियान के तहत 'संडे साइकिल राइड' का आयोजन

मुरादाबाद/नोएडा, समाज जागरण। फिट इंडिया मूवमेंट एवं ग्रीन सिटी अभियान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ब्रांड एंबेसडर जैनुल आबिदीन द्वारा संडे साइकिल राइड कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

फिट इंडिया मूवमेंट के ब्रांड एंबेसडर जैनुल आबिदीन, जिन्हें मुरादाबाद एक्सप्रेस के नाम से भी जाना जाता है, लगातार फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण को लेकर जन-जागरूकता अभियान चला रहे हैं। पिछले एक दशक से देशभर में साइकिलिंग के माध्यम से लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

इसी क्रम में वर्ल्ड साइकिल डे के अवसर पर शहर को साइकिल फ्रेंडली बनाने की दिशा में एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जैनुल आबिदीन का उद्देश्य है कि अधिक से अधिक लोग साइकिलिंग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।

आगामी रविवार को सुबह 6:30 बजे कंपनी बाग से साइकिल राइड की शुरूआत होगी। यह यात्रा आयुक्त कार्यालय, अंबेडकर पार्क और अटल पथ होते हुए निर्धारित रूट पर पूरी कर पुनः कंपनी बाग पर समाप्त होगी।

इस अभियान को सफल बनाने के लिए समाजसेवी सरदार गुरविंदर के सहयोग एवं मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह के मार्गदर्शन का उल्लेख किया गया है।

आयोजन समिति के अनुसार इस राइड में शामिल होने के लिए प्रतिभागियों को पूर्व पंजीकरण कराना होगा तथा आधार कार्ड साथ लाना अनिवार्य होगा। जिन प्रतिभागियों के पास साइकिल नहीं है, उन्हें कंपनी बाग से साइकिल उपलब्ध कराई जाएगी।

इससे पूर्व 18 मई को आयोजित साइकिल राइड में लगभग 9 किलोमीटर की यात्रा की गई थी, जिसमें कंपनी बाग से जामा मस्जिद तक का रूट शामिल था। उस दौरान गुरहट्टी, मंडी चौक और अमरोहा गेट जैसे क्षेत्रों से होते हुए प्रतिभागियों ने साइकिलिंग में भाग लिया था।

आयोजकों ने बताया कि आगामी 31 मई के रूट की घोषणा बाद में की जाएगी।

# नीट-यूजी 2026 पुनर्परीक्षा में बिहार के छात्रों को सरकार का तोहफा

## सरकारी बसों में होगी निःशुल्क यात्रा

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ नीट-यूजी 2026 की पुनर्परीक्षा को लेकर बिहार सरकार ने छात्रहित में एक बड़ा और सराहनीय निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने घोषणा की है कि 21 जून को आयोजित होने वाली इस परीक्षा में शामिल होने वाले सभी अभ्यर्थी राज्य की सरकारी बसों में निःशुल्क यात्रा कर सकेंगे। सरकार के इस फैसले से लाखों छात्रों और उनके अभिभावकों ने राहत की सांस ली है। गौरतलब है कि इससे पहले 3 मई को आयोजित नीट-यूजी परीक्षा प्रश्नपत्र लीक विवाद के कारण रद्द कर दी गई थी। परीक्षा रद्द होने से देशभर के छात्रों में भारी आक्रोश था। अब राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (NTA) ने पुनर्परीक्षा के लिए 21 जून 2026 की तिथि निर्धारित की है। यह परीक्षा मेडिकल पाठ्यक्रमों (एमबीबीएस, बीडीएस) में प्रवेश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी देते हुए कहा कि बिहार के कई छात्र दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों से परीक्षा केंद्रों तक पहुंचते हैं। जून की भीषण गर्मी और छात्रों पर पड़ने वाले आर्थिक बोझ को देखते हुए, बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की सभी बसों में यात्रा निःशुल्क रखने का निर्णय लिया गया है। इससे छात्रों को परीक्षा केंद्र तक आने-जाने के किराए की चिंता नहीं सताएगी। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के साथ-साथ सामाजिक संगठनों और गैर-सरकारी संस्थाओं से भी अपील की है कि वे रेलवे स्टेशनों, बस स्टैंडों और परीक्षा केंद्रों पर छात्रों के लिए पेयजल, शरबत और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि सरकार परीक्षा को पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार की इस पहल का अभिभावकों और अभ्यर्थियों ने स्वागत किया है। उनका मानना है कि यात्रा सुविधा मिलने से परीक्षा के दौरान होने वाला तनाव कम होगा और वे बेहतर तरीके से अपनी परीक्षा दे सकेंगे। वहीं, एनटीए ने छात्रों को सलाह दी है कि वे नए प्रवेश पत्र और दिशा-निर्देशों के लिए आधिकारिक वेबसाइट पर नजर बनाए रखें।

# बिहार में तकनीक और सुशासन का नया दौर

## अपराधी की कोई जाति-धर्म नहीं, लापरवाही पर अधिकारी होंगे निलंबित

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को पटना के ऊर्जा सभागार में आयोजित 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता (अक) सम्मेलन' का उद्घाटन करते हुए बिहार के विकास और कानून-व्यवस्था को लेकर एक नया रोडमैप पेश किया। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि जनता के कार्यों में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सुस्त अधिकारियों पर नकेल कसने के लिए अब एक निश्चित समयसीमा लागू की गई है। यदि कोई अधिकारी 10 दिनों के भीतर काम पूरा नहीं करता है, तो उसे नोटिस भेजा जाएगा। 20वें और 25वें दिन क्रमशः दूसरा और तीसरा नोटिस जारी होगा। 30 दिन बीतने के बाद भी सुधार न होने पर संबंधित अधिकारी को सीधे निलंबित कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार 'सहयोग कार्यक्रम' के जरिए सीधे पंचायत स्तर तक जाकर लोगों की समस्याएं सुन रही है। कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर मुख्यमंत्री बेहद आक्रामक दिखे। उन्होंने पुलिस को खुली छूट देते हुए कहा कि अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई में कोई नरमी न बरती जाए। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा की अपराधी की कोई जाति या धर्म नहीं होता, वह केवल एक अपराधी है। उन्होंने पुलिस को निर्देश दिया कि चुनौती देने वाले अपराधियों को 48 घंटे के भीतर करारा जवाब मिलना चाहिए। अपराधियों की पहचान के लिए पटना में एआई-आधारित कैमरों के उपयोग पर भी उन्होंने जोर दिया। बिहार को तकनीकी क्रांति का केंद्र बनाने की प्रतिबद्धता जताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य अब केवल इतिहास की नहीं, बल्कि आधुनिक तकनीक और एआई की धरती के रूप में पहचाना जाएगा। उन्होंने राज्य से बाहर रह रहे युवाओं से बिहार लौटकर राज्य के विकास में भागीदारी निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार नवाचार और डिजिटल सेवाओं के माध्यम से युवाओं के लिए नए अवसर पैदा कर रही है। इस सम्मेलन में युवाओं की अभूतपूर्व भीड़ उमड़ी, जिसके चलते सभागार में अव्यवस्था की स्थिति बन गई। भारी भीड़ के कारण प्रवेश द्वार पर हंगामे की स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को स्वयं मोर्चा संभालना पड़ा। इस कार्यक्रम के बाद बिहार की राजनीतिक गलियारों में प्रशासनिक सख्ती और सरकार की आक्रामक रणनीति की चर्चा तेज हो गई है।

# एक भारत श्रेष्ठ भारत' के तहत पंजाब की टीम ने किया भरतपुरा संग्रहालय का अवलोकन

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के भरतपुरा स्थित ऐतिहासिक गोपाल नारायण सार्वजनिक पुस्तकालय सह संग्रहालय में शनिवार को पंजाब की टीम ने दौरा किया। भारत सरकार के 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के अंतर्गत 'युवा संगम फेज-6' के तहत आईआईटी के युवाओं का एक दल यहाँ पहुँचा। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य युवाओं के बीच राष्ट्रीय एकता, आपसी समझ और



सांस्कृतिक आदान-प्रदान की भावना को और अधिक सुदृढ़ करना था। संग्रहालय पहुँचने पर टीम का भव्य स्वागत किया गया। पुस्तकालय के सचिव मुकेशधारी सिंह ने पंजाब से आए मेहमानों को संग्रहालय में सहेजी गई दुर्लभ प्राचीन वस्तुओं, पांडुलिपियों और ऐतिहासिक पुस्तकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पंजाब की टीम के सदस्यों–कृपा शंकर, सुरेंद्र सिंह और प्रवीण कौर ने संग्रहालय के समृद्ध संग्रह की सराहना करते हुए कहा कि यह दौरा भारतीय संस्कृति और ज्ञान परंपरा को समझने की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। सदस्यों ने आगे कहा कि ऐसे भ्रमण कार्यक्रम छात्रों में ज्ञान साझेदारी की भावना को विकसित करने में अहम भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर सचिव मुकेशधारी सिंह के साथ सौम्या कुमारी, अर्चना कुमारी, भिखारी प्रसाद और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। पंजाब की टीम ने पुस्तकालय में मौजूद ऐतिहासिक धरोहरों को देखकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और संग्रहालय के संरक्षण के प्रयासों की सराहना की। यह दौरा न केवल सांस्कृतिक जुड़ाव का माध्यम बना, बल्कि दोनों राज्यों की युवा पीढ़ी को एक-दूसरे के इतिहास को करीब से जानने का अवसर भी प्रदान किया।

# एशियाई उत्पादकता संगठन की 68वीं शासी निकाय बैठक नई दिल्ली में संपन्न

एशियाई उत्पादकता संगठन के शासी निकाय की बैठक का 68वां सत्र 20-22 मई 2026 तक भारत मंडपम में आयोजित तीन दिनों के विचार-विमर्श, रणनीतिक चचाओं और उच्च स्तरीय बैठकों के बाद नई दिल्ली में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद (एनपीसी) ने उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी), वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में इस बैठक का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय उत्पादकता संगठनों (एनपीओ) के प्रमुखों, वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों, नीति निमार्ताओं, उत्पादकता विशेषज्ञों और एपीओ सदस्य अर्थव्यवस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

यह तीन दिवसीय कार्यक्रम 20 मई 2026 को तैयारी और बंद कमरे में हुई बैठकों के साथ शुरू हुआ, जिसके बाद सदस्य अर्थव्यवस्थाओं के बीच क्षेत्रीय सहयोग और समन्वय को मजबूत करने के उद्देश्य से नेटवर्किंग और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

# पटना के नौबतपुर में सड़क हादसे के बाद भड़का आक्रोश

## ओवरब्रिज की मांग को लेकर लोगों ने किया चक्काजाम

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के नौबतपुर थाना क्षेत्र के गोनवा पेट्रोल पंप के समीप शनिवार को एक भीषण सड़क हादसे के बाद स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। एक तेज रफ्तार कार और बाइक की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे और सड़क सुरक्षा की मांग को लेकर सड़क जाम कर प्रशासन के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। मिली जानकारी के अनुसार, टिल्लू टोला निवासी 26 वर्षीय सुकेश कुमार अपनी पल्सर बाइक से सदिसोपुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान गोनवा पेट्रोल पंप के पास एक अनियंत्रित कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और कार सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। घटना के बाद कार सवार मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायल सुकेश को नौबतपुर रेफरल अस्पताल ले जाया गया, जहाँ से उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें पटना एम्स रेफर कर दिया गया है। फिलहाल युवक की हालत चिंताजनक बनी हुई है। घटना के तुरंत बाद बड़ी संख्या में स्थानीय लोग सड़क पर उतर आए और टायर जलाकर आवागमन पूरी तरह बाधित कर दिया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि गोनवा पेट्रोल पंप के पास आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं, लेकिन प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। ग्रामीणों ने स्पष्ट मांग की कि लगातार हो रही मौतों और हादसों को रोकने के लिए इस व्यस्त सड़क पर जल्द से जल्द ओवरब्रिज या सुरक्षित पारपथ का निर्माण कराया जाए। सड़क जाम के कारण वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सूचना मिलते ही नौबतपुर थाना प्रभारी मंजीत कुमार ठाकुर दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर और ठोस कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम हटवाया। थाना प्रभारी ने बताया कि फरार कार सवारों की पहचान के लिए प्रयास किए जा रहे हैं और मामले की विस्तृत जांच जारी है।

# पटना में पॉलिटेक्निक छात्र ने की खुदकुशी, प्रेम प्रसंग और मानसिक तनाव बना वजह

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ राजधानी के बेउर थाना क्षेत्र स्थित हरिश्चंद्र नगर में शुक्रवार को एक पॉलिटेक्निक छात्र द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक छात्र मूल रूप से नालंदा का निवासी था और पटना में रहकर आरा से पॉलिटेक्निक की पढ़ाई कर रहा था। घटना के बाद इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को काफी देर तक छात्र के कमरे का दरवाजा बंद रहने पर स्थानीय लोगों को संदेह हुआ। सूचना मिलने पर बेउर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया, जहां छात्र का शव फंदे से लटका मिला। छात्र के पिता मुजफ्फरपुर में मद्य निषेध विभाग में कार्यरत हैं। सूचना मिलते ही परिजन पटना पहुंचे, जहां बेटे का शव देख परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस की प्राथमिक जांच और परिजनों के बयान के अनुसार, मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा बताया जा रहा है। मृतक की मां ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा किसी लड़की से प्रेम करता था और उसी बात को लेकर पिछले कुछ दिनों से काफी मानसिक तनाव में था। परिजनों ने बताया कि वह अक्सर गुमसुम और अकेला रहने लगा था। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि क्या इस प्रेम संबंध को लेकर कोई विवाद था या किसी बाहरी दबाव ने उसे इस कदम के लिए मजबूर किया। बेउर थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का ही मामला प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और छात्र के मोबाइल व अन्य डिजिटल उपकरणों की गहन तकनीकी जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मोबाइल डेटा के विश्लेषण के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी। इस दुखद घटना ने युवाओं में बढ़ते मानसिक अवसाद और रिश्तों के दबाव पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि युवाओं के साथ संवाद कायम रखना और जरूरत पड़ने पर मनोचिकित्सक की सलाह लेना बेहद आवश्यक है, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# पटना में पालीगंज के किसानों को मिली बड़ी सौगात

## -12.34 करोड़ की सौर ऊर्जा आधारित सिंचाई योजना का शिलान्यास

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**




पटना/ बिहार में कृषि विकास और सिंचाई सुविधाओं को आधुनिक बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने एक क्रांतिकारी कदम उठाया है। पटना जिले के पालीगंज अनुमंडल अंतर्गत कल्याणपुर मध्य में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने ड्ट12 करोड़ 34 लाख की लागत वाली 'सतही जल पर आधारित सौर ऊर्जा प्रेशराइज्ड पाइप वितरण योजना' का विधिवत शिलान्यास किया। उपमुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि यह परियोजना पेयजल के लिए नहीं, बल्कि विशेष रूप से किसानों के खेतों तक सिंचाई के लिए पानी पहुँचाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने और 'हर खेत तक पानी' पहुँचाने के अपने संकल्प को अत्याधुनिक तकनीक के साथ पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह महत्वाकांक्षी योजना पालीगंज क्षेत्र में सिंचाई की समस्या को जड़ से खत्म कर कृषि विकास में मील का पत्थर साबित होगा। इस परियोजना के तहत नदियों या नहरों के सतही जल को लिफ्ट कर सीधे पाइपलाइन के जरिए खेतों तक पहुँचाया जाएगा, जिससे फसलों की पैदावार में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। डीजल की बढ़ती लागत और बिजली की निर्भरता से किसानों को मुक्ति दिलाने के लिए पूरी वितरण प्रणाली को सौर ऊर्जा से संचालित किया जाएगा। इससे किसानों को बिना किसी अतिरिक्त खर्च के निर्बाध रूप से सिंचाई के लिए पानी मिल सकेगा। इस आधुनिक तकनीक से अंतिम छोर पर स्थित और ऊँचे खेतों तक भी पानी समान दबाव के साथ पहुँचेगा, जिससे पानी की बबार्दी भी नहीं होगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने विभागीय अधिकारियों को निर्माण कार्य में पूर्ण पारदर्शिता बरतने और इसे निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के सख्त निर्देश दिए। इस शिलान्यास के बाद स्थानीय किसानों और ग्रामीणों में भारी उत्साह है। किसानों का मानना है कि इस योजना के धरातल पर उतरने से खेती की तस्वीर बदल जाएगी और क्षेत्र आर्थिक रूप से और समृद्ध होगा। इस अवसर पर लोजपा नेता सुनील यादव, भाजपा नेता अशोक कुमार वर्मा, पंकज शर्मा, पालीगंज एसडीओ चंदन कुमार, एसडीपीओ 1 राजीवचन्द्र सिंह, एसडीपीओ 2 पंकज कुमार, मुखिया आनन्द कुमार यादव, अन्य स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता व नेता सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

# पटना के पालीगंज में विकास के लिए लोजपा नेता ने उपमुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन, सड़कों और ट्रॉमा सेंटर की उठाई मांग

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पालीगंज विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और जनसमस्याओं के समाधान हेतु लोजपा नेता सुनील कुमार यादव ने बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में क्षेत्र की बदहाल सड़कों के कायाकल्प, शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं और सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने जैसी महत्वपूर्ण मांगें प्रमुखता से उठाई गई हैं। लोजपा नेता ने एनएच-139 (पटना-औरंगाबाद) को फोरलेन में तब्दील करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस मार्ग पर भारी वाहनों के बढ़ते दबाव के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इसके अलावा, पालीगंज शहर में बाईपास निर्माण और रकसिया मोड़ से कल्याणपुर-दरियापुर सड़क को 60 फीट चौड़ा करने की आवश्यकता पर बल दिया गया है। ज्ञापन में एसएच-27 (महाबलीपुर से विक्रम), एसएच-2 (अख्तियारपुर पाली से उलार मोड़) और एसएच-69 के चौड़ीकरण के साथ ही डिवाइडर, स्ट्रीट लाइट और नाला निर्माण की मांग शामिल है। सुनील कुमार यादव ने पालीगंज क्षेत्र में एक डिग्री कॉलेज की स्थापना को अत्यंत आवश्यक बताया है। उन्होंने एनएच-139 पर होने वाली दुर्घटनाओं के मद्देनजर महाबलीपुर में एक अत्याधुनिक ट्रॉमा सेंटर, मल्टीपर्पस हॉल और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाने की भी मांग की है।किसानों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि खेतों तक पानी पहुँचाने के लिए बड़ी नहरों से निकली छोटी नहरों की समय पर उड़ाही होनी चाहिए। साथ ही उलार सूर्य मंदिर के समीप तालाब को पुनः नहर से जोड़ने और विभिन्न क्षेत्रों में पुल निर्माण की मांग भी प्रमुखता से रखी गई है। क्षेत्र के विकास के प्रति लोजपा नेता की इन मांगों का स्थानीय लोगों ने स्वागत किया है। लोगों का मानना है कि यदि इन परियोजनाओं पर गंभीरता से अमल हुआ, तो पालीगंज क्षेत्र की तस्वीर पूरी तरह बदल जाएगी और निवासियों को बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष नहीं करना पड़ेगा।

# महागामा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चंद्रशेखर आजाद को दीगई भाव भीनी विदाई

**समाज जागरण**



गोड्डा महागामा के जानदार शानदार वफादार और ईमानदार नि वर्तमान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्री चंद्रशेखर आजाद साहब को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के सरकारी आवास पर भावभीनी विदाई दी गई इस अवसर पर उनके स्वर्णिम कार्यकाल को याद किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई मौके पर झारखंड के प्रख्यात शायर कलीमुल्लाह परवाना ने तत्कालीन एसडीपीओ चंद्रशेखर आजाद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहां की चंद्रशेखर आजाद एक सरल सुयोग्य कर्मठ सहनशील सद चरित्र जानदार शानदार वफादार और ईमानदार पुलिस पदाधिकारी थे उनके कर्तव्य निष्ठा एवं कर्तव्य परायणता पर महागामा वासियों को हमेशा गर्व रहेगा चंद्रशेखर आजाद एक कुशल मार्ग निर्देशक के साथ-साथ सरल हृदय के पुलिस पदाधिकारी थे उनके कार्यकाल में क्षेत्र वासियों ने हमेशा अपने आप को सदैव आनंदित एवं सुरक्षित महसूस किया निष्काम कर्मी की तरह बिना फल की आशा किए चंद्रशेखर आजाद साहब ने अपने दो वर्षीय कार्यकाल में जिस सूझबूझ का परिचय दिया वह अनुकरणी य ही नहीं अपितु एक अलौकिक स्तंभ के रूप में हमारे बीच सदा मील का पत्थर बनकर हमारा और आपका मार्गदर्शन करता रहेगा अंत में ईश्वर से कामना करता हूं कि आप स्वस्थ एवं दीघार्यु हो भारतीय पुलिस सेवा के उन बुलंदियों को छुए जो आपके लिए सहज उपलब्ध है आप कस्तूरी की तरह मानव जीवन के सहज गुनो को समाज में इसी तरह बिखरते रहे यही हमारी ईश्वर से मंगल कामना है इस अवसर पर विश्व मानवाधिकार परिषद के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार साह ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनके स्वर्णिम कार्यकाल की सराहना की मौके पर कई गण मान्य लोग उपस्थित थे कलीमुल्लाह परवाना ने इस अवसर पर विदाई शायरी पढ़ते हुए कहा कि जमी कागज की बन जाए समुंदर रोशनाई का कलम कुछ लिख नहीं सकता जो सदमा है विदाई का आगे उन्होंने विदाई समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मिलना था इत्तेफाक बिछड़ना नसीब था तू इतनी दूर हो गया जितना करीब था जुदाई का इस पर माहौल गमगीन हो गया अंत में स्थानांतरित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी का सम्मान किया गया

# पटना के मोकामा में युवक को मारी गोली नशे के विवाद में हमले की आशंका; इलाके में दहशत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के मोकामा थाना के मोलदियार टोला में शनिवार की सुबह हुई गोलीबारी की घटना ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। बाइक सवार अपराधियों ने दिल्ली से घर लौटे एक युवक को निशाना बनाते हुए ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद से इलाके में भारी तनाव और दहशत का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह करीब 5:30 बजे मोकामा निवासी अरविंद सिंह का पुत्र कारू उर्फ निकेत कुमार अपने घर के बाहर था। इसी दौरान अज्ञात हमलावरों ने उस पर हमला कर दिया। गोली लगने से निकेत लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तत्काल मोकामा रेफरल अस्पताल ले जाया गया, जहाँ स्थिति गंभीर देख डॉक्टरों ने उसे पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल (PMCH) रेफर कर दिया। निकेत चार दिन पहले ही दिल्ली से घर लौटा था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है और संदिग्धों की पहचान के लिए छापेमारी की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, यह वारदात 'सूखे नशे' (ड्रग्स) के सेवन के दौरान हुए आपसी विवाद का परिणाम हो सकती है। हालांकि, पुलिस अभी आधिकारिक पुष्टि से बच रही है।इस घटना ने राज्य में बढ़ते नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। शराबबंदी के बाद से युवाओं में सूखे नशे की लत तेजी से बढ़ी है। आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2025 में भारी मात्रा में गांजा, अफीम और नशीली सिरप बरामद की गई थी। वहीं, वर्ष 2026 में भी यह सिलसिला जारी है। केवल पटना में फरवरी से अप्रैल 2026 के बीच ही 60 हजार से अधिक नशीले इंजेक्शन पकड़े जा चुके हैं।

सामाजिक कार्यकताओं का कहना है कि नशे के तस्कर अब ग्रामीण क्षेत्रों को अपना केंद्र बना रहे हैं, जिससे अपराध दर में वृद्धि हो रही है। फिलहाल, पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी का दावा किया जा रहा है। घायल युवक का पटना में इलाज चल रहा है, जहां उसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

# पटना के पालीगंज में बोलेरो सवार बदमाशों ने तीन बच्चों के अपहरण की कोशिश की पुलिस की मुस्तैदी से बची जान

**समाज जागरण**



पटना/ जिले के पालीगंज अनुमंडल के इमामगंज थाना क्षेत्र स्थित मुगीला गांव में शुक्रवार देर रात तीन मासूम बच्चों के अपहरण की कोशिश से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। हालांकि, पुलिस के नियमित वाहन जांच अभियान के कारण बदमाशों के मंसूबे नाकाम रहे और बच्चे सकुशल बरामद कर लिए गए।जानकारी के अनुसार, मुगीला गांव निवासी शंभू बिंद और अरविंद बिंद के तीन बच्चे शुक्रवार देर रात घर के बाहर थे, तभी बोलेरो सवार अज्ञात बदमाशों ने उन्हें जबरन गाड़ी में बैठा लिया और अरवल की ओर फरार हो गए। बच्चों के गायब होने से गांव में कोहराम मच गया। इसी बीच, पटना-अरवल सीमा के अतौलह गांव के समीप किंजर थाना पुलिस वाहन चेकिंग कर रही थी। पुलिस को देखते ही बदमाश घबरा गए और बच्चों को सड़क किनारे फेंककर अंधेरे का फायदा उठाते हुए भाग निकले। स्थानीय ग्रामीणों ने रोते हुए बच्चों को देखकर तुरंत इमामगंज पुलिस को सूचना दी। परिजनों का आरोप है कि बदमाशों ने बच्चों को कोई नशीला पदार्थ खिलाया था, जिसके कारण उनकी हालत सामान्य नहीं थी। एक बच्चे के शरीर पर चोट के निशान भी पाए गए हैं, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजनों का कहना है कि यदि पुलिस उस समय वहां गश्त नहीं कर रही होती, तो बड़ी अनहोनी हो सकती थी। इमामगंज थाना प्रभारी रोशन कुमार ने बताया कि बच्चों को सुरक्षित परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि फरार बोलेरो सवार बदमाशों की पहचान की जा सके। इस घटना के बाद से क्षेत्र में भारी दहशत और तनाव का माहौल है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने और बदमाशों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। घटना ने बच्चों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर चिंता बढ़ा दी है।

# पटना के बेलछी में दो परिवारों में हिंसक झड़प में 12 लोग घायल ईट का लेन देन में बढ़ी विवाद

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के बेलछी थाना क्षेत्र स्थित दरियापुर गांव में शुक्रवार देर रात ईंट के लेन-देन को लेकर दो भाइयों के परिवारों के बीच हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। करीब 12 बजे शुरू हुई कहासुनी के बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए, जिसके बाद जमकर लाठी-डंडे चले और पथराव हुआ। इस हिंसक झड़प में कुल 12 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही बेलछी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। हालांकि, पुलिस के लौटने के कुछ देर बाद ही दोनों पक्ष फिर से भिड़ गए, जिससे गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घायलों को आनन-फानन में सकसोहरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायलों को बाढ़ अनुमंडल अस्पताल और फिर बेहतर इलाज के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल (NMCH), पटना रेफर कर दिया गया। घायल पक्ष के बच्चु यादव ने आरोप लगाया कि उन्होंने राजबल्लभ यादव को 900 ईंटें दी थीं, जिसका हिसाब मांगने पर दूसरे पक्ष ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। वहीं, दूसरे पक्ष के राजबल्लभ यादव ने इन आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि लेन-देन पहले ही पूरा हो चुका था और मामला सुलझाने की कोशिश की जा रही थी। ग्रामीणों का कहना है कि दोनों परिवारों के बीच पूर्व में भी विवाद होता रहा है, लेकिन शुक्रवार की रात हुई इस घटना ने पूरे गांव को दहशत में डाल दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस पदाधिकारी श्याम नंदन ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से थाने में आवेदन प्राप्त हुए हैं। पुलिस हर पहलू की बारीकी से जांच कर रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है। फिलहाल, दरियापुर गांव में एहतियातन पुलिस बल की तैनाती बढ़ा दी गई है ताकि दोबारा तनाव न पनपे। फिलहाल इलाके में स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन तनाव बरकरार है।

# केंद्रीय मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने एचएमटी कलामासेरी संयंत्र का किया दौरा

केंद्रीय भारी उद्योग और इस्पात मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने आज एचएमटी मशीन टूल्स लिमिटेड (एचएमटी), कलामासेरी का व्यापक दौरा किया। इस दौरान उन्होंने संयंत्र की विनिर्माण क्षमताओं की समीक्षा की, दक्षिण अफ्रीका के लिए निर्यात खेप को रवाना किया, एचएमटी, एफसीआरआई और इंस्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड (आईएल) के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठकें कीं तथा श्रमिक संघ के प्रतिनिधियों तथा कर्मचारियों के साथ बातचीत की। इस दौरे की विशेष बात एचएमटी कलामासेरी में विनिर्मित एनएच सीरीज की एक मशीन को दक्षिण अफ्रीका निर्यात करने के लिए रवाना करना था। यह भारत की स्वदेशी इंजीनियरिंग और विनिर्माण क्षमताओं पर दुनिया के बढ़ते भरोसे को दशार्ता है। अधिकारियों ने मंत्री को बताया कि एचएमटी को लगातार सटीक इंजीनियरिंग वाले मशीन टूल्स और औद्योगिक प्रणाली (इंडस्ट्रियल सिस्टम) के लिए अंतरराष्ट्रीय निर्यात ऑर्डर मिल रहे हैं। इस अवसर पर एच.डी. कुमारस्वामी ने कहा कि, एचएमटी में विनिर्मित स्वदेशी मशीन टूल्स का अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में निर्यात भारत के विनिर्माण क्षेत्र के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण है।

# 24 घंटे में उखड़ी पीसीसी सड़क, ग्रामीणों ने लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**

किशनगंज प्रखंड अंतर्गत टेउसा पंचायत के वार्ड संख्या 15 में मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत निर्मित पीसीसी सड़क में भारी अनियमितता और भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। राजेंद्र ज्वेलर्स के घर से फरिमगोला जाने वाली सड़क निर्माण कार्य में ग्रामीणों ने घटिया सामग्री के इस्तेमाल और निर्माण मानकों की अनदेखी का आरोप लगाया है।



ग्रामीणों के अनुसार सड़क निर्माण के महज 24 घंटे के भीतर ही पीसीसी की परत टूटने लगी और गिट्टियां उखड़ने लगीं। कई स्थानों पर सड़क की सतह से घासयुक्त मिट्टी दिखाई देने लगी है, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

**सूचना पट्ट नहीं लगाने पर उठे सवाल**

स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण स्थल पर योजना से संबंधित कोई सूचना पट्ट नहीं लगाया गया। सरकारी नियमों के अनुसार योजना की लागत, संवेदक का नाम, कार्य अवधि एवं तकनीकी विवरण प्रदर्शित करना अनिवार्य होता है। ग्रामीणों का आरोप है कि वास्तविक जानकारी छिपाने के उद्देश्य से सूचना पट्ट नहीं लगाया गया।

**घटिया सामग्री इस्तेमाल करने का आरोप**

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सड़क निर्माण में मानक के विपरीत मिट्टीयुक्त लोकल बालू का इस्तेमाल किया गया तथा सीमेंट की मात्रा भी निर्धारित मानक से कम रखी गई। लोगों का कहना है कि सड़क किनारे हाथ लगाने मात्र से परत टूट रही है और गिट्टियां बाहर निकल रही हैं।

ग्रामीणों ने स्थानीय प्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों पर मिलीभगत कर सरकारी राशि के दुरुपयोग का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि सड़क निर्माण पूरा होने से पहले ही जगह-जगह जर्जर होने लगी है।

**जांच की बात कह रहा प्रशासन**

मामले को लेकर किशनगंज प्रखंड विकास पदाधिकारी कर्मवीर कुमार ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है और जल्द ही स्थल पर पहुंचकर जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि जांच में अनियमितता पाए जाने पर संबंधित लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सांसद डॉ. मोहम्मद जावेद की अध्यक्षता में दिशा समिति की बैठक आयोजित

## विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं विकास कार्यों की हुई विस्तृत समीक्षा

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

किशनगंज लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ. मोहम्मद जावेद की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला परिषद स्थित मेची सभागार में दिशा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं, विकास कार्यों एवं अनुपालन प्रतिवेदनों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में ग्रामीण कार्य विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, आईसीडीएस, बुडको, शिक्षा विभाग, एनएचएआई, खनन विभाग, विद्युत विभाग, जिला योजना विभाग, नगर निकाय, पीएचईडी, राजस्व विभाग, लघु सिंचाई प्रमंडल, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, खेल विभाग, उद्योग विभाग, बैंकिंग, बाढ़ नियंत्रण विभाग, आपूर्ति विभाग, सामाजिक सुरक्षा एवं स्वच्छता से संबंधित विभागों के कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, विधायकों, मुखियाओं एवं अन्य प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में संचालित योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली तथा क्षेत्रीय समस्याओं एवं विकास कार्यों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को उठाया।

ग्रामीण कार्य विभाग की समीक्षा के दौरान सांसद डॉ. जावेद ने पोआखाली क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सड़क को हाथ से उखाड़ने का वीडियो वायरल हो रहा है तथा कार्य रात्रि में बिना अभियंता एवं संवेदक की उपस्थिति में कराया जा रहा है। सांसद ने संबंधित संवेदक पर कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि विकास कार्यों में जनता के पैसे का उपयोग होता है, इसलिए गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने जिला प्रशासन को मामले की जांच कर तकनीकी टीम से सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता की पुनः जांच कराने का निर्देश दिया। इस पर ग्रामीण कार्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि वायरल वीडियो के बाद कार्य में सुधार कराया गया है तथा जांच के उपरांत आवश्यक कार्रवाई की गई है। जिलाधिकारी विशाल राज ने कहा कि सभी शिकायतों पर कार्रवाई की जा रही है तथा दोषी संवेदकों को ब्लैकलिस्ट भी किया जा रहा है। उन्होंने संबंधित अभियंताओं को नियमित फील्ड विजिट कर कार्यों की निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

सांसद ने जिले की मरम्मत योग्य सड़कों की सूची उपलब्ध कराने का भी निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान सांसद ने सभी निजी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं की निर्धारित दर सूची प्रदर्शित करने एवं शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही जिला स्वास्थ्य कल्याण समिति के सदस्यों की सूची उपलब्ध कराने को कहा।

शिक्षा विभाग की समीक्षा में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि हाल ही में लगभग 200 शिक्षकों की पदस्थापना हुई है, जबकि 900 शिक्षकों का स्थानांतरण हो चुका है, जिसके कारण जिले में शिक्षकों की कमी बनी हुई है। सांसद ने सांसद निधि से मॉडल स्कूलों एवं अन्य



विद्यालयों में पेयजल हेतु आरओ लगाए जाने की जानकारी देते हुए खराब आरओ को विद्यालय फंड से ठीक कराने का निर्देश दिया। साथ ही विद्यालयों में उपलब्ध कंप्यूटरों की सूची उपलब्ध कराने को कहा।

एनएचएआई अधिकारियों ने बताया कि पूर्णिया-दालकोला एनएच परियोजना का को-टेंडर हो चुका है तथा अगले 15 से 20 दिनों में कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। सांसद ने जिले के सभी टोल प्लाजा में उपलब्ध सुविधाओं, शौचालय एवं अन्य व्यवस्थाओं की लिखित रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में सर्विस लेन निर्माण पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

खनन विभाग की समीक्षा के दौरान सांसद ने जिले में संचालित खनन कार्यों, संबंधित संवेदकों, खनन क्षेत्र के लैटिट्यूड-लॉन्गिट्यूड एवं निर्धारित गहराई की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में घर निर्माण हेतु अपने खेत से मिट्टी काटने वाले लोगों पर अनावश्यक कार्रवाई नहीं होनी चाहिए तथा आम लोगों को राहत देने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।

राजस्व विभाग की समीक्षा में सांसद ने विशेष रूप से एससी-एसटी एवं भूमिहीन परिवारों को भूमि उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर बल दिया।

उद्योग विभाग की समीक्षा के क्रम में सांसद ने दिघलबैंक क्षेत्र की फैक्ट्रियों में कार्यरत कर्मियों की सूची उपलब्ध कराने तथा स्थानीय लोगों को रोजगार में प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। महाप्रबंधक, डीआईसी ने बताया कि मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के अंतर्गत 203 लाभुकों का चयन किया गया है। सांसद ने प्रत्येक प्रखंड में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में उद्योग विभाग की बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रत्येक शनिवार को सुबह 11 बजे उद्योग विभाग में उद्योग संबंधी बैठक आयोजित की जाती है।

बैठक में सांसद ने बैंकिंग सेवाओं से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम प्रत्येक तीन माह पर जनप्रतिनिधियों के साथ आयोजित करने का निर्देश दिया।

कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने संभावित उर्वरक संकट को देखते हुए अग्रिम तैयारी सुनिश्चित करने को कहा। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में यूरिया का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है तथा कालाबाजारी करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। साथ ही किसान रजिस्ट्रेशन का कार्य लगभग 80 प्रतिशत पूरा हो चुका है तथा भविष्य में योजनाओं का लाभ इसी आधार पर दिया जाएगा।

जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि नैनो यूरिया का उपयोग बढ़ रहा है तथा चाय बागान क्षेत्रों में इसके सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो रहे हैं।

सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में लाइफ सर्टिफिकेशन का कार्य कराया जा रहा है तथा जिन लाभुकों द्वारा जीवन प्रमाणीकरण नहीं कराया गया है, उनकी पेंशन अस्थायी रूप से रोकी गई है।

जीविका की समीक्षा के दौरान सांसद ने पशु सखी की संख्या बढ़ाने, विभागीय समस्याओं का समय पर निष्पादन करने तथा सभी सरकारी योजनाओं एवं कार्यों की जानकारी जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विभागों की कमियों को अगली बैठक से पूर्व दूर किया जाए ताकि विकास कार्यों में तेजी लाई जा सके।

बैठक में जिलाधिकारी विशाल राज, उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार झा, अपर समाहर्ता अमरेन्द्र कुमार पंकज, जिला पंचायत राज पदाधिकारी जफर आलम, जिला योजना पदाधिकारी-सह-जिला जनसंपर्क पदाधिकारी कुंदन कुमार सिंह, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# टेंगरमारी ढोक नदी किनारे अवैध बालू खनन करते ट्रैक्टर जब्त

## एसडीएम एवं एसडीपीओ की संयुक्त कार्रवाई

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

जिले के टेंगरमारी स्थित ढोक नदी किनारे अवैध बालू खनन के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। यह कार्रवाई एसडीएम अनिकेत कुमार एवं एसडीपीओ के नेतृत्व में संयुक्त रूप से की गई।



प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रशासन को गुप्त सूचना मिली थी कि ढोक नदी क्षेत्र में अवैध रूप से बालू खनन कर परिवहन किया जा रहा है। सूचना के आधार पर छापेमारी अभियान चलाया गया, जिसमें मौके से अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर पकड़ा गया। हालांकि कार्रवाई के दौरान चालक मौके से फरार हो गया।

प्रशासन द्वारा जब्त ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि जिले में अवैध खनन एवं बालू तस्करी के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है तथा इसमें संलिप्त लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

एसडीएम अनिकेत कुमार ने स्पष्ट कहा कि सरकार के निदेशानुसार अवैध खनन को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

# कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय:चतुर्थ वर्गीय पदों के लिए 27 मई से काउंसलिंग शुरू

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) राज्य परियोजना निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्, पटना के निर्देश तथा जिला नियोजन समिति के निर्णय के आलोक में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के चतुर्थ वर्गीय रिक्त पदों पर नियोजन के लिए काउंसलिंग की तिथि जारी कर दी गई है। काउंसलिंग 27 मई 2026 से 3 जून 2026 तक अनुग्रह मध्य विद्यालय, औरंगाबाद में आयोजित की जाएगी।काउंसलिंग प्रतिदिन सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक चलेगी।27 मई को अनुसेवक पद का,29 मई से 1 जून तक रात्रि प्रहरी, 2 जून को मुख्य रसोइया और 3 जून को सहायक रसोइया का काउंसलिंग की तिथि निर्धारित है।विभाग ने स्पष्ट किया है कि सभी अभ्यर्थी तालिका के अनुसार निर्धारित तिथि एवं समय पर ही काउंसलिंग में शामिल हों। किसी भी परिस्थिति में तय तिथि के अलावा अन्य दिन काउंसलिंग नहीं होगी। हालांकि, अति विशेष परिस्थिति या गंभीर कारण से अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थी साक्ष्य सहित कारण प्रस्तुत करने पर 03.06.2026 को काउंसलिंग में भाग ले सकेंगे।काउंसलिंग में शामिल होने वाले सभी अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र, सभी शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, निवास प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, अनुभव प्रमाण-पत्र, दो पासपोर्ट साइज फोटो की स्व-अभिप्रमाणित छायाप्रति लानी होगी। साथ ही सभी प्रमाण-पत्रों की मूल प्रति भी साथ लाना अनिवार्य है।




# बकरीद पर्व को लेकर नबीनगर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)आगामी बकरीद पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर नबीनगर थाना परिसर में शनिवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीडीओ अरुण सिंह, अंचलाधिकारी निकहत प्रवीण एवं नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी किशोर भारती मुख्य




रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, विभिन्न समुदायों के प्रबुद्ध लोग और शांति समिति के सदस्य भी शामिल हुए।बैठक का संचालन थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने किया। उन्होंने सभी लोगों से बकरीद का पर्व आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाने की अपील की। थानाध्यक्ष ने कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी तरह की समस्या होने पर तुरंत पुलिस-प्रशासन को सूचना दें।बीडीओ अरुण सिंह ने कहा कि प्रशासन पर्व को लेकर पूरी तरह मुस्तैद है। सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। अंचलाधिकारी निकहत प्रवीण ने साफ-सफाई पर जोर देते हुए सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने की अपील की। नगर पंचायत ईओ किशोर भारती ने कहा कि त्योहार के दौरान विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा।बैठक में उपस्थित लोगों ने प्रशासन को आश्वस्त किया कि बकरीद का पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जाएगा। कुबार्नी चिन्हित स्थलों पर ही की जाएगी। पुलिस ने असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने और सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। थानाध्यक्ष ने बताया कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी।

# माली थाना पुलिस ने कार से 435 लीटर देशी शराब की, तस्कर मौके से फरार

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)नबीनगर प्रखंड के माली थाना क्षेत्र में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने कुर्गाई गांव के समीप एक कार से 435 लीटर देशी शराब बरामद की है। हालांकि, छापेमारी के दौरान तस्कर कार छोड़कर फरार होने में कामयाब रहा।माली थानाध्यक्ष को सूचना मिली थी कि कुर्गाई गांव के रास्ते एक कार से भारी मात्रा में देशी शराब की खेप ले जाई जा रही है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने कुर्गाई गांव के पास घेराबंदी की। पुलिस को आने की भनक लगते ही कार चालक गाड़ी छोड़कर भाग निकले।पुलिस ने लावारिस हालत में खड़ी कार की तलाशी ली तो उसमें कार्टून में भरी 435 लीटर देशी शराब मिली। पुलिस ने शराब और कार को जब्त कर लिया है। जब्त शराब की कीमत हजारों रुपये आंकी जा रही है।थानाध्यक्ष दीपक कुमार राय ने बताया कि जल्द ही तस्कर को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।माली थाना में बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत अज्ञात तस्कर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस का कहना है कि शराब माफियाओं के खिलाफ अभियान तेज कर दिया गया है। लगातार गश्ती और वाहन चेकिंग की जा रही है ताकि अवैध शराब के कारोबार पर रोक लगाई जा सके।




# कार से 124 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद, 2 तस्कर गिरफ्तार

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)नबीनगर प्रखंड के एनटीपीसी खैरा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए खैरा बाजार से एक कार समेत 124 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है। इस दौरान पुलिस ने शराब तस्करी में शामिल 2 तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान ऋषिराज सोनी पलामू जिले के चैनपुर गांव निवासी और सुशील चौधरी थाना हुसैनाबाद ग्राम डंगवार का निवासी है।खैरा थानाध्यक्ष को सूचना मिली थी कि एक कार से भारी मात्रा में शराब की खेप खैरा बाजार के रास्ते ले जाई जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए खैरा बाजार में वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान संदिग्ध कार को रोककर तलाशी ली गई।तलाशी के दौरान कार की डिक्की और सीट के नीचे छिपाकर रखी गई 124 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई। शराब अलग-अलग ब्रांड की बोतलों और कार्टनों में पैक थी। पुलिस ने मौके से कार को भी जब्त कर लिया है।प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने शराब को दूसरे जिले से लाकर औरंगाबाद में खपाने की बात कबूल की है। गिरफ्तार तस्करों से शराब के नेटवर्क को लेकर पूछताछ की जा रही है। थानाध्यक्ष परमजीत कुमार मंडल ने बताया कि खैरा थाना में बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। जब्त शराब और कार को थाना लाया गया है और दोनों तस्करों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।थानाध्यक्ष ने बताया कि शराब माफियाओं के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। गुप्त सूचना पर आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।




# नबीनगर के शनिचर बाजार में चोरों का धावा, परिजनों की आहट से भागे

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)नवीनगर नगर पंचायत क्षेत्र के शनिचर बाजार वार्ड संख्या-9 में अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर चोरी का प्रयास किया। हालांकि परिजनों की आहट मिलते ही चोर बिना सामान लिए मौके से फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है।

पीड़ित शिवम कुमार, पिता सुरेश कुमार ने नवीनगर थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। शिवम ने बताया कि रात में परिवार के सभी सदस्य खाना खाकर सो गए थे। भोर करीब 3 बजे बाथरूम जाने के लिए उठे तो कमरे का दरवाजा बाहर से बंद मिला। उन्होंने भाई को आवाज लगाई।घर के अंदर आवाज सुनते ही चोर भाग निकले। भागने से पहले चोरों ने किचन की आलमारी तोड़ दी और खाने-पीने का सामान बिखेर दिया। गनीमत रही कि चोर कोई कीमती सामान नहीं ले जा सके। पीड़ित परिवार के अनुसार चोर आंगन के रास्ते घर में दाखिल हुए थे।घटना के बाद वार्ड संख्या-9 में दहशत है। स्थानीय लोगों ने रात में पुलिस गश्ती बढ़ाने की मांग की है।



लोगों का कहना है कि इन दिनों क्षेत्र में चोरों की गतिविधियां काफी बढ़ गई हैं। कुछ दिन पहले ही कोसड़ीहरा गांव में चोरों ने लाखों के गहने और नकदी पर हाथ साफ किया था। नवीनगर थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि आवेदन मिला है। पुलिस घटनास्थल की जांच कर रही है और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा कर कार्रवाई की जाएगी।लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में भय और आक्रोश है। लोग पुलिस से रात में सख्त गश्ती की मांग कर रहे हैं।

# पटना के पालीगंज में मंदिर से चोरी हुई माता सीता की मूर्ति बरामद, पुलिस जांच जारी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पालीगंज थाना क्षेत्र के अंकुरी गांव स्थित प्राचीन राम जानकी मंदिर (ठाकुरवारी) से चोरी गई माता सीता की अष्टधातु की मूर्ति को पुलिस ने बरामद कर लिया है। मूर्ति को गांव के उत्तर दिशा में स्थित एक आहर में फेंका हुआ पाया गया, जिसे स्थानीय बच्चों ने मछली मारते समय देखा और ग्रामीणों को सूचित किया। सूचना मिलते ही पालीगंज पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मूर्ति को अपने कब्जे में ले लिया।

गौरतलब है कि 11 अप्रैल को चोरों ने मंदिर के मुख्य गेट का ताला काटकर गर्भगृह में प्रवेश किया था और माता सीता व लक्ष्मण की अष्टधातु की मूर्तियों के साथ ही चांदी के मुकुटों पर भी हाथ साफ कर दिया था। इस घटना के बाद से ही ग्रामीणों में भारी आक्रोश था।



पालीगंज थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि इस मामले में पहले ही प्राथमिकी दर्ज कर ली गई थी। पुलिस द्वारा गांव में लगातार दबिश बढ़ाई जा रही थी, जिसके दबाव में चोरों ने माता सीता की मूर्ति को फेंक दिया। उन्होंने विश्वास दिलाते हुए कहा कि पुलिस जल्द ही बाकी चोरी गई मूर्तियों और चांदी के मुकुटों को भी बरामद कर लेगी।

थानाध्यक्ष ने संकेत दिया कि चोरी की इस घटना में स्थानीय स्तर पर किसी की संलिप्तता की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। पुलिस इस बिंदु पर गंभीरता से जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मूर्ति मिलने की खबर के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है, लेकिन लक्ष्मण की मूर्ति और आभूषणों की बरामदगी को लेकर अब भी उत्सुकता बनी हुई है। पुलिस ने सुरक्षा के मद्देनजर क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी है।

# एनटीपीसी खैरा पुलिस ने गैर-जमानती वारंटी को दबोचा, भेजा जेल

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के एनटीपीसी खैरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ग्राम झीकटिया से एक गैर-जमानती वारंटी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।खैरा थानाध्यक्ष परमजीत कुमार मंडल ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी लंबे समय से एक पुराने मामले में फरार चल रहा था। न्यायालय द्वारा उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया गया था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि वारंटी अपने गांव झीकटिया में छिपा हुआ है।सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने गांव में छापेमारी की और आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए थाना क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि कानून से बचकर भागने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

# पटना के आलमगंज में दहेज की बलि चढ़ी विवाहिता

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ आलमगंज थाना क्षेत्र के बबुआगंज इलाके में शुक्रवार को एक 24 वर्षीय विवाहिता राधा कुमारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद मृतका के मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। इस घटना से पूरे इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है। मृतका की मां उर्मिला देवी ने बताया कि राधा की शादी वर्ष 2022 में मालसलामी निवासी विकास जायसवाल के साथ हुई थी। शादी में उन्होंने अपनी क्षमतानुसार दान-दहेज दिया था, लेकिन ससुराल वाले इससे संतुष्ट नहीं थे। मायके वालों का आरोप है कि शादी के कुछ महीनों बाद से ही राधा पर अतिरिक्त दहेज के लिए दबाव बनाया जाने लगा। उसे अक्सर शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। राधा ने कई बार अपने मायके में ससुराल की इस क्रूरता के बारे में बताया था, लेकिन समाज और परिवार की मयार्दा के खातिर वह चुपचाप सब सहन करती रही। शुक्रवार की शाम ससुराल पक्ष ने फोन कर राधा की तबीयत खराब होने की सूचना दी। जब परिजन घबराकर अस्पताल पहुंचे, तो उन्हें राधा का शव मिला। परिजनों ने आरोप लगाया कि राधा के शरीर पर चोट और जख्म के गहरे निशान थे, जिससे साफ जाहिर होता है कि यह सामान्य मौत नहीं, बल्कि सुनियोजित हत्या है। उन्होंने आरोप लगाया कि मारपीट के बाद मामले को छिपाने के लिए इसे बीमारी का रूप दिया गया। सूचना मिलते ही आलमगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# सुधा दूध और दुग्ध उत्पादों के दाम बढ़े

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार में आम आदमी की जेब पर महंगाई की मार और तेज हो गई है। बिहार स्टेट मिल्क को-ऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड (कॉम्फेड) ने सुधा ब्रांड के दूध और दुग्ध उत्पादों की कीमतों में बढ़ोतरी की घोषणा कर दी है। नई दरें 25 मई 2026 से पूरे बिहार में प्रभावी हो जाएंगी। कॉम्फेड द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पशुपालकों से खरीदे जाने वाले दूध की कीमतों में वृद्धि, पैकेजिंग सामग्री की लागत, बिजली दरों, पेट्रोलियम पदार्थों के महंगे होने और परिवहन खर्च में बढ़ोतरी के कारण यह फैसला लिया गया है। फेडरेशन का तर्क है कि किसानों को बेहतर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए कीमतों में संशोधन आवश्यक था। दूध की नई कीमतें प्रति लीटर/आधा लीटर, सुधा गोल्ड एक लीटर 55 रुपये, आधा लीटर 28 रुपये। सुधा शक्ति एक लीटर 50 रुपये, आधा लीटर 26 रुपये। सुधा स्टैंडर्ड एक लीटर 60 रुपये, आधा लीटर 31 रुपये। सुधा गाय दूध एक लीटर 68 रुपये, आधा लीटर 35 रुपये। टी-स्पेशल एक लीटर 52 रुपये। दूध के साथ-साथ घी, पनीर और दही के दाम भी बढ़ा दिए गए हैं। एक लीटर घी का टिन अब 325 रुपये, 200 ग्राम पनीर 95 रुपये, और 500 ग्राम टेबल बटर 220 रुपये में मिलेगा। साथ ही, 500 ग्राम मिष्टी दही की कीमत 305 रुपये कर दी गई है। मिठाई के शौकीनों के लिए एक किलो रसगुल्ला टिन अब 240 रुपये का होगा। लस्सी और मस्तानी पेय की कीमतों में भी 2 से 3 रुपये की वृद्धि की गई है। कॉम्फेड के इस फैसले से मध्यम वर्गीय परिवारों का घरेलू बजट बिगड़ना तय है। रोजमर्रा के उपयोग में आने वाली दूध जैसी आवश्यक वस्तुओं के महंगे होने से लोगों में नाराजगी है।